वर्ष-32, अंक- 132, पृष्ठ-12 | फाल्गुन शुक्ल पक्ष 09, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
बुधवार
25 फरवरी 2026

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

मूल्य 2 रु.

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




रमज़ान मुबारक

| इफ्तार | सेहरी |
|---|---|
| 5:58 | 4:59 |
| 25 फरवरी | 26 फरवरी |

## बेहतर इलाज की उम्मीद में भरी उड़ान, बना अंतिम सफर

- सिमरिया विमान हादसा: स्वास्थ्य मंत्री ने लिया घटनास्थल का जायजा, विमानन सुरक्षा एवं तकनीकी पहलुओं की होगी उच्चस्तरीय जांच

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया थाना क्षेत्र के केंदू कसारी स्थित करमाटांड़ जंगल में वायु एंबुलेंस दुर्घटना से जुड़ी सामने आ रही जानकारियों ने पूरे जिले को स्तब्ध कर दिया है। गंभीर रूप से झुलसे मरीज को दिल्ली उपचार के लिए ले जाया जा रहा था, किंतु जीवन बचाने का प्रयास दर्दनाक त्रासदी में बदल गया। हादसे में विमान में सवार सभी सात लोगों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। मृतकों में एक ही परिवार के तीन सदस्य शामिल हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, चंदवा सरोज नगर निवासी संतोष साहू सोमवार को बकोरिया गांव स्थित एक दुकान में विद्युत शॉर्ट सर्किट से लगी आग में लगभग 65 प्रतिशत तक झुलस गए थे। उनका उपचार रांची के देवकमल अस्पताल में चल रहा था। स्थिति गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) भेजने की सलाह दी। परिजनों ने बेहतर इलाज की आशा में लगभग आठ लाख रुपये खर्च कर वायु एंबुलेंस की व्यवस्था की थी।

मंगलवार शाम वायु एंबुलेंस ने उड़ान भरी, लेकिन सिमरिया के घने जंगल क्षेत्र में पहुंचते ही मौसम ने अचानक करवट ले ली। तेज वर्षा और आंधी के बीच विमान संतुलन खो बैठा और करमाटांड़ जंगल में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रात लगभग आठ बजे तेज धमाका हुआ, जिसके बाद जंगल में आग की लपटें उठती दिखाई दीं।

शेष पेज 11 पर...

### एयर एंबुलेंस में सवार सभी 7 लोगों की मौत की पुष्टि



चतरा। सिमरिया थाना क्षेत्र के करमाटांड़ गांव के समीप जंगल में हुई चार्टर वायु एंबुलेंस दुर्घटना के बाद राज्य के स्वास्थ्य मंत्री स्वयं चतरा पहुंचे और हालात का विस्तृत जायजा लिया। उन्होंने सदर अस्पताल पहुंचकर अधिकारियों से जानकारी ली तथा पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। मंत्री ने बताया कि इस दुर्भाग्यपूर्ण हादसे में कुल सात लोग सवार थे और प्रारंभिक सूचना के अनुसार सभी की दर्दनाक मृत्यु हुई है। दुर्घटना के तुरंत बाद बचाव एवं शव बरामदगी अभियान चलाया गया। सभी को चतरा सदर अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल परिसर में परिजनों के विलाप से वातावरण अत्यंत भावुक हो उठा। उन्होंने कहा कि वे लगभग 400 किलोमीटर की यात्रा कर चतरा पहुंचे और जिला प्रशासन के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की।

शेष पेज 11 पर..

### सदर अस्पताल में गूंजती रही चीख-पुकार, सातों शव पहुंचते ही मचा कोहराम

चतरा। सिमरिया थाना क्षेत्र के करमाटांड़ जंगल में हुए भीषण विमान हादसे में जान गंवाने वाले सातों लोगों के शव मंगलवार सुबह सदर अस्पताल चतरा लाए गए। जैसे ही एंबुलेंस से एक-एक कर शव अस्पताल परिसर पहुंचे, वहां गमगीन माहौल छा गया। अपने प्रियजनों की अंतिम झलक पाने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। परिजनों के विलाप से वातावरण करुण क्रंदन में डूब गया। उपायुक्त कीर्ति श्री एवं पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल स्वयं अस्पताल पहुंचे और शोकाकुल परिवारों को ढांढस बंधाया। मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम दंडाधिकारी सह अंचलाधिकारी अनिल कुमार की उपस्थिति में किया गया। चिकित्सकीय दल ने सभी शवों का विधिवत परीक्षण किया।

शेष पेज 11 पर...

## सीयूजे में सीबीआई ने की छापेमारी वित्तीय अनियमितताओं की जांच शुरू



**नवीन मेल न्यूज नेटवर्क**

**रांची।** राजधानी रांची के ब्रांबे स्थित सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड (सीयूजे) में मंगलवार को सीबीआई की टीम ने छापेमारी की। आधा दर्जन से अधिक वाहनों में आई केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की टीम ने चेरी मनातू स्थित कैंपस पहुंचकर जांच की प्रक्रिया शुरू की। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई पुराने वित्तीय अनियमितताओं से जुड़ी जांच का हिस्सा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह जांच भवन निर्माण फंड के आवंटन और यूनिवर्सिटी में की गई नियुक्तियों में गड़बड़ी की आशंका के मद्देनजर की जा रही है। सीबीआई अधिकारियों ने पहुंचते ही विश्वविद्यालय के कार्यालय में मौजूद सभी कर्मचारियों के मोबाइल फोन जब्त कर लिए और सभी को वहीं रुकने का निर्देश दिया। सीबीआई की टीम ने सीयूजे के कार्यालय भवन के दूसरे तल पर स्थित वित्त एवं प्रशासनिक शाखा में दर्जनों फाइलें खंगालीं।

शेष पेज 11 पर...

## एक नजर

### पैदल जा रही महिला से लॉकेट छीनकर भागे अपराधी, केस

**रांची।** अरगोड़ा अशोक नगर की रहने वाली रूपा रानी से बाइक सवार अपराधियों ने गले से हीरा लगा लॉकेट चेन छीनकर फरार हो गए। वारदात को अपराधियों ने उस समय अंजाम दिया, जब महिला कडरू मेन रोड की ओर पैदल जा रही थी। वारदात को अंजाम देकर बाइक सवार अपराधी मौके से फरार हो गए। घटना सोमवार की है। इस संबंध में पीड़िता रूपा रानी ने अरगोड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। रूपा रानी ने पुलिस को बताया कि वह सोमवार की शाम सवा पांच बजे अपनी एक रिश्तेदार के साथ कडरू मेन रोड होते हुए साईं मेडिकल की ओर पैदल जा रही थी इसी दौरान एक बाइक पर सवार दो अपराधी पहुंचे और उनके गले से हीरा लगा हुआ सोने का लाकेट छीनकर फरार हो गए।

### सब्जी खरीद कर लौट रहे युवक से चेन छीनकर भागे अपराधी

**रांची।** रांची के शहीद मैदान सब्जी मार्केट के पास बाइक सवार बाइक सवार अपराधियों एक युवक से चेन छीनकर फरार हो गए। घटना रविवार की है। इस संबंध में अभिषेक कुमार ने जगन्नाथपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी। अभिषेक ने पुलिस को बताया कि वह रविवार की दोपहर शहीद मैदान से सब्जी खरीदकर थैला अपनी गाड़ी में रखाकर बाहर निकला। इसी दौरान एक बाइक पर सवार दो अपराधी पहुंचे। उनके गले से सोने की चेन छीनी और तेजी से फरार हो गए। बाइक सवार अपराधी बिरसा चौक की ओर भागे थे।

### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्वाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने पेश किया वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 1,58,560 करोड़ का बजट

# ‘अबुआ दिशोम बजट’ से मिलेगी बेहतर शिक्षा बेहतर स्वास्थ्य और हर चेहरे पर मुस्कान

- वर्ष 2026-27 में राजकोषीय घाटा 13,595.96 करोड़ होने का अनुमान
- सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण दवाओं के लिए 750 ‘अबुआ दवाखाना’ खोले जाने का है लक्ष्य
- चतरा जिला मुख्यालय में डॉ भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय की होगी स्थापना

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के पांचवें दिन वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 1,58,560 करोड़ रुपए का बजट पेश किया। यह बजट पिछले वर्ष की तुलना में करीब 9 प्रतिशत अधिक है। इससे पहले हेमंत सोरेन सरकार ने 2025-26 में 1.45 लाख करोड़ रुपए का बजट प्रस्तुत किया था। वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में बेहतर शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण और हर चेहरे पर मुस्कान पर ध्यान दिया गया है। झारखंड विधानसभा में वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर की ओर से पेश किए गए बजट में कृषि गतिविधियों में लगी महिलाओं के लिए एक योजना की घोषणा की गई।

वित्त मंत्री ने कहा कि महिला किसानों के लिए ‘महिला खुशहाली योजना’ शुरू की जा रही है। इसके लिए सरकार की ओर से 25 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि अगले वित्त वर्ष में 100 नए सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस खोले जाएंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड खनिज संसाधनों से समृद्ध है। इसके अलावा, यहां देवघर में बाबा बैद्यनाथ मंदिर और राजरप्पा मंदिर जैसे धार्मिक स्थल के साथ-साथ नेतरहाट जैसे लोकप्रिय पर्यटन स्थल भी हैं। राज्य सरकार लोगों की समावेशी वृद्धि और विकास सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। वित्त मंत्री किशोर ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 1 लाख 58 हजार 560 करोड़ रुपए का सकल बजट अनुमान है, जो गत वर्ष से लगभग 9 प्रतिशत अधिक है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में राजस्व व्यय के लिए 1 लाख 20 हजार 851 करोड़ 90 लाख रुपए प्रस्तावित हैं, जो गत वर्ष से 9.2 प्रतिशत अधिक है। पूंजीगत व्यय अंतर्गत गत वर्ष के बजट पर 8.5 प्रतिशत वृद्धि के साथ 37 हजार 708 करोड़ 10 लाख रुपए का प्रस्ताव है। वित्त मंत्री ने कहा कि बजट में प्रावधानित राशि के लिए निधि की व्यवस्था की जाएगी।

शेष पेज 11 पर...





### झुकेंगे नहीं, राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए आगे बढ़ते रहेंगे

बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि विपक्ष की ओर से बाधाएं उत्पन्न किए जाने के बावजूद हम झुकेंगे नहीं और राज्य के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने के लिए आगे बढ़ते रहेंगे। उन्होंने झारखंड को पर्याप्त वित्तीय सहायता न देकर केंद्र पर सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि राज्य को केंद्रीय करों में 5,000 करोड़ रुपए का हिस्सा नहीं मिला और अनुदान सहायता के रूप में 11,000 करोड़ रुपए भी नहीं मिले। वित्त मंत्री ने कहा कि केंद्रीय करों में हिस्सेदारी धीरे-धीरे घट रही है। विकसित भारत - रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) के लिए गारंटी (वीबी - जी राम जी) के कारण राज्य को 5,640 करोड़ रुपए का अतिरिक्त बोझ उठाना पड़ रहा है। उन्होंने कोयला आपूर्ति के बदले सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों को 1.36 लाख करोड़ रुपए की बकाया राशि का भुगतान न करने को लेकर भी केंद्र सरकार पर निशाना साधा।

### बजट में हर वर्गों का रखा गया है ख्याल : हेमंत सोरेन

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि वित्त मंत्री ने राज्य के बेहतर विकास को लेकर पूरी पारदर्शिता के साथ बजटीय प्रावधानों को सदन पटल पर लाया है। इस बजट में राज्य सरकार ने हर वर्ग के लोगों के साथ-साथ हर किसी की भावनाओं का ख्याल रखते हुए बजट पास किया है। जमीनी स्तर पर इसका जल्द परिणाम दिखने को मिलेगा, ताकि राज्य का सर्वांगिण विकास हो सके। वे मंगलवार को विधानसभा परिसर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। सीएम ने कहा कि सदन के अंदर जिस बजट की कॉपी को रखी गई। मीडिया के माध्यम से उसे सार्वजनिक किया गया है। बजट में लाई गई हर चीजों को जमीनी स्तर पर उतारा जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसी को नजर अंदाज नहीं किया है।

शेष पेज 11 पर...



### ‘अबुआ दिशोम बजट’ की खास बातें

#### पर्यटन क्षेत्र के लिए प्रस्ताव

- रांची के दशम और जोन्हा जलप्रपात में ग्लास ब्रिज और रोप-वे का निर्माण होगा।
- रांची के हुंडरू जलप्रपात में रोप-वे का विकास कार्य होगा।
- रामगढ़ के रजरप्पा में पर्यटन विकास का कार्य होगा।
- पतरातू में स्काइवॉक का निर्माण होगा।
- पतरातू जलाशय में सोलर बोट व फ्लोटिंग रेस्टोरेंट शुरू किया जाएगा।
- नेतरहाट के कोयल व्यू प्वाइंट पर कांच का वॉच टावर बनाया जाएगा।
- नेतरहाट के मैग्नोलिया प्वाइंट पर एक स्काईवॉक का निर्माण किया जाएगा।
- देवघर जिले में पुनासी बांध का पर्यटन विकास कार्य होगा।
- पलामू जिले में मलय बांध का पर्यटन विकास किया जाएगा।
- चतरा जिले में कोलेश्वरी पहाड़ी पर रोपवे का विकास किया जाएगा।
- खूंटी जिले में पेरवाघाघ जलप्रपात और पांडु-पुडिंग पिकनिक स्थल के इको-टूरिज्म सर्किट का विकास होगा।

#### शिक्षा क्षेत्र के लिए प्रस्ताव

- 100 नए सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस खोले जाएंगे।
- राज्य के सभी 17 सरकारी पॉलिटेक्निक संस्थानों और 6 नवनिर्मित पॉलिटेक्निक संस्थानों को आईआईटी एवं एनआईटी की तर्ज पर जेएचआईटी के रूप में विकसित किया जाएगा।
- चतरा जिला मुख्यालय में डॉ भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय की स्थापना की जाएगी।
- छह चयनित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के माध्यम से एआई विषय पर प्रशिक्षण प्रारंभ किया जाएगा।

#### स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए प्रस्ताव

- राज्य में 750 ‘अबुआ दवाखाना’ खोले जाएंगे। इससे लोगों को सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण दवा मिल सकेगी।
- सभी 5 सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में पीईटी और सीटी स्कैन मशीन लगाए जाएंगे।
- राज्य के सभी 24 जिला सदर अस्पताल में मैमोग्राफी मशीन स्थापित किया जाएगा।
- सभी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में कैथलैब की स्थापना की जाएगी।

#### ग्रामीण विकास के लिए प्रस्ताव

- गन्ना, जूट एवं अन्य नकदी फसलों का क्षेत्र विस्तार किया जाएगा।
- प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक एलएएमपीएस/ पीएसीएस में सहकारी विपणन परिसर-सह-सौर पैनल आधारित कोल्ड रूम का निर्माण किया जाएगा।
- मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में नए पथों का निर्माण किया जाएगा।
- मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में नए पुलों का निर्माण किया जाएगा।

#### महिलाओं के लिए प्रस्ताव

‘महिला किसान खुशहाली योजना’ प्रारंभ की जाएगी। महिला किसानों को एकीकृत खेती से जोड़कर अद्यतन तकनीक की मदद दी जाएगी। उन्हें ऑफलाइन एवं ऑनलाइन मार्केटिंग प्लेटफॉर्म से जोड़ा जाएगा।

### आज / कल




बजट 2026-27 | रोजगार सृजन और आधारभूत संरचना को प्राथमिकता

# राज्य को आत्मनिर्भर बनाने पर फोकस : राधाकृष्ण

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** वित्त मंत्री राधा कष्ण किशोर ने कहा कि झारखंड में सोरेन सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए ऐसा बजट पेश किया है, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार सृजन, ग्रामीण विकास और आधारभूत संरचना सहित अन्य मुद्दों को प्राथमिकता दी गई है।

वित्त मंत्री ने मंगलवार को मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि बजट में विभिन्न विभागों के लिए बड़ी राशि का प्रावधान करते हुए सरकार ने विकास की गति तेज करने और अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के साथ-साथ, हेमंत सरकार की ओर से अपने बूते राज्य के आंतरिक संसाधनों को सशक्त कर झारखंड को आत्मनिर्भर बनाने पर फोकस किया गया है। इसी के तहत इस्पात, ऊर्जा, विनिर्माण और अवसंरचना क्षेत्रों में बजट में लगभग 45 हजार रोजगार अवसर सृजित होने की संभावनाएं हैं। वहीं आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना के तहत 5,000 से 6,000 प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने की संभावना है। विभिन्न औद्योगिक नीतियों के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 में 20 हजार करोड़ रुपये का निवेश लाया जाएगा, जिससे लगभग 15 हजार लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार मिलने की संभावनाएं है।



इसी तरह आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 में रेशम क्षेत्र में 1,800 मीट्रिक टन तसर रेशम उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। बजट में कुटीर उद्योग के सतत विकास के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जाने के प्रावधानों को शामिल है। प्रशासनिक प्रशिक्षण के लिए रांची स्थित श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान में 155 करोड़ 56 लाख रुपये की लागत से नए भवन का निर्माण कार्य प्रगति पर होने की बातें बजट में कही गई है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए भवन निर्माण विभाग के लिए 894 करोड़ 31 लाख रुपए का बजट प्रस्तावित है। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत झारखंड राज्य के लिए कुल 2 लाख 11 हजार 10 आवासीय इकाइयां स्वीकृत किए गए है। बजट में आगामी वित्तीय वर्ष में लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास योजना के तहत 36 हजार 202 तथा भागीदारी आधारित किफायती आवास योजना के तहत 36 हजार 740 निर्माणाधीन आवास पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत आदित्यपुर, सिमडेगा, हजारीबाग शहरी जलापूर्ति योजनाओं तथा चास सेप्टेज प्रबंधन योजना को पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किए गए है। नौ निकायों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजनाओं को स्वीकृति तथा छह लिगेसी अपशिष्ट प्रबंधन परियोजनाओं को पूर्ण करने का लक्ष्य बजट में शामिल किया गया है। वहीं 14 जलापूर्ति परियोजनाओं को पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। नगर विकास एवं आवास विभाग के लिए तीन हजार 919 करोड़ 40 लाख रुपये का बजट प्रस्तावित है।

अन्य विभागों के लिए बजट प्रावधान के तहत पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के लिए 361 करोड़ 67 लाख रुपये, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-शासन के लिए 328 करोड़ 99 लाख रुपये,गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के लिए 11 हजार 38 करोड़ 53 लाख रुपये, योजना एवं विकास विभाग के लिए 539 करोड़ 94 लाख रुपये राशि शामिल किए गए है।

### ईडी मामले में हुई सुनवाई, हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने मंगलवार को ईडी की क्रिमिनल रिट याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने रांची पुलिस की जांच पर रोक को जारी रखते हुए फैसला सुरक्षित रख लिया है। ईडी ने की है सीबीआई जांच की मांग मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट में ईडी अधिकारियों की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई हुई। केस से जुड़े दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। वहीं ईडी अधिकारियों के खिलाफ किसी भी तरह की जांच और कार्रवाई पर भी फिलहाल रोक जारी रहेगी। इस संबंध में झारखंड हाईकोर्ट के वरीय अधिवक्ता धीरज कुमार ने बताया कि ईडी के अधिकारियों के द्वारा झारखंड पुलिस की जांच को चुनौती देते हुए संतोष कुमार के द्वारा दर्ज मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की गई थी।

# छतरपुर से 10 वर्ष से लापता जनजातीय युवक कोलकाता-बांग्लादेश बॉर्डर से बरामद

नवीन मेल संवाददाता



**पलामू।** छतरपुर थाना क्षेत्र के काला पहाड़ गांव का एक जनजातीय युवक 10 वर्ष बाद सकुशल बरामद किया गया है। युवक को पश्चिम बंगाल के कोलकाता-बांग्लादेश बॉर्डर स्थित 24 साउथ परगना क्षेत्र से खोज निकाला गया। मंगलवार को उसे पलामू लाकर परिजनों को सौंपा गया। पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने बताया कि मंगल परहिया का पुत्र मंदीस परहिया 10 वर्ष पूर्व काम की तलाश में घर से निकला था। इसके बाद से उसका परिवार से कोई संपर्क नहीं हो पाया था। 18 दिसंबर 2025 को इस संबंध में छतरपुर थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अवध कुमार यादव के नेतृत्व में विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया। टीम में थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद, अनुसंधानकर्ता धर्मवीर कुमार यादव समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। पुलिस ने मानवीय सूचना तंत्र और तकनीकी सहायता के आधार पर जांच आगे बढ़ाई। जांच के दौरान सूचना मिली कि मंदीस परहिया पश्चिम बंगाल के कोलकाता स्थित बांग्लादेश सीमा के आसपास है। टीम तत्काल वहां पहुंची और निरंतर प्रयास के बाद उसे 24 साउथ परगना से बरामद कर लिया। 10 वर्षों बाद बेटे को जीवित देख परिवार भावुक हो उठा। परिजनों ने पुलिस टीम के प्रयास की सराहना करते हुए आभार जताया।

## रामनगर में चापानल से निकल रहा लौहयुक्त पानी, गर्मी में बढ़ी परेशानी



नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** रामनगर टोला स्थित सार्वजनिक चापानल से लौह अयस्कयुक्त पानी निकलने की समस्या से ग्रामीण परेशान हैं। मेंटेनेंस कार्य के दौरान गिरे पाइप को नहीं निकाले जाने के कारण स्थिति और गंभीर हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि गर्मी में जलस्तर गिरने पर काफी देर तक चापानल चलाने के बाद ही उपयोग योग्य पानी मिलता है। इस चापानल से ग्रामीणों के साथ राहगीर और रेलकर्मी भी पानी लेते हैं। शिकायतों के बावजूद अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है।

## शादी से लौट रहे युवक की सड़क हादसे में मौत



**हुसैनाबाद।** प्रखंड के अघेरिया गांव निवासी 19 वर्षीय कुंदन कुमार सिंह की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। वह शादी समारोह से लौटते समय शेखपुरा बालू घाट के समीप दुर्घटनाग्रस्त हो गए। बाइक अनियंत्रित होकर खड़े वाहन से टकरा गई, जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव का अंतिम संस्कार सोन नदी के दंगवार मुक्तिधाम में किया गया। घटना से गांव में शोक का माहौल है।

## खामडीह-पुरनाडीह मार्ग पर धूल और हाईवा से परेशान ग्रामीणों का प्रदर्शन

नवीन मेल संवाददाता



**सतबरवा।** रांची–मेदिनीनगर मुख्य मार्ग से जुड़ी खामडीह होते हुए पुरनाडीह बोहिता तक जाने वाली प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी ग्रामीण सड़क पर भारी वाहनों के परिचालन के विरोध में ग्रामीणों ने फिर सड़क जाम कर विरोध जताया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि लगातार हाईवा से मिट्टी ढुलाई के कारण सड़क क्षतिग्रस्त हो रही है और पूरे क्षेत्र में धूल का गुबार छाया रहता है। इससे फसलें प्रभावित हो रही हैं और लोगों का जीवन दूभर हो गया है। स्थानीय निवासी अनिल कुमार ने 9 फरवरी को उपायुक्त को आवेदन देकर जांच की मांग की थी। ग्रामीणों का कहना है कि शिकायत के बाद जांच के लिए अधिकारी पहुंचे, लेकिन स्थल निरीक्षण किए बिना लौट गए। ग्रामीणों ने भारी वाहनों पर नियंत्रण, सड़क की मरम्मत और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। समय पर कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई है।

## साइबर ठगी से बचें, अनजान कॉल व लिंक से रहें सावधान

**मोहम्मदगंज।** साइबर ठगी की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए थाना प्रभारी नारायण सोरेन ने क्षेत्रवासियों से सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी फोन कॉल, मैसेज और सोशल मीडिया लिंक के जरिए लोगों को झांसा देकर ठगी कर रहे हैं। उन्होंने सलाह दी कि किसी भी अनजान कॉल पर बैंक खाता, एटीएम, ओटीपी या आधार से जुड़ी जानकारी साझा न करें। बैंक या सरकारी संस्थान कभी भी फोन पर गोपनीय जानकारी नहीं मांगते। ठग ई-केवाईसी अपडेट, लॉटरी, बिजली बिल बकाया, सरकारी योजना का लाभ या रिश्तेदार के नाम पर मदद का झांसा देकर ठगी कर रहे हैं। साइबर ठगी का शिकार होने पर तुरंत नजदीकी थाना या हेल्पलाइन नंबर 1930 पर सूचना देने की अपील की गई है, ताकि समय रहते कार्रवाई कर राशि सुरक्षित की जा सके।

## उत्तर कोयल मुख्य नहर पर 40 फीट चौड़े पुल का शिलान्यास



नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर (पलामू)।** जिला पार्षद प्रतिनिधि अश्विनी कुमार सिंह ने हैदरनगर–भजनिया मुख्य मार्ग पर नए पुल का शिलान्यास विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया। यह पुल नया थाना परिसर के समीप संतोषडीह गांव के सामने मुख्य नहर पर बनेगा। करीब 40 फीट चौड़े इस पथ में सात मीटर चौड़ी पक्की सड़क और दोनों ओर ढाई-ढाई मीटर चौड़े फुटपाथ बनाए जाएंगे। पुल निर्माण से पंसा, कबरा कला, कबरा खुर्द, रजौंधा, सजवन, सलेमपुर, खरगाड़ा, चेचरिया सहित दो दर्जन से अधिक गांवों के लोगों को हैदरनगर मुख्यालय तक पहुंचने में सुविधा होगी। ग्रामीणों ने बताया कि यह वर्षों पुरानी मांग थी। पुल बनने से थाना, अस्पताल, रेलवे स्टेशन और प्रखंड-अंचल कार्यालय तक आवागमन सुगम होगा।

## पलामू के लिए गौरव का क्षण: राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय के 42 छात्रों को मिला कैंपस प्लेसमेंट

नवीन मेल संवाददाता




**नीलांबर पीतांबरपुर।** राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, पलामू के लिए यह अत्यंत गर्व और उपलब्धि का अवसर है। प्रतिष्ठित कंपनी यश इंडिया लिमिटेड ने 2022–26 बैच के कुल 42 छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से चयन किया है। चयनित छात्रों में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के 19, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के 21 तथा मैकेनिकल इंजीनियरिंग के 2 छात्र शामिल हैं। कॉलेज प्रशासन ने इस महत्वपूर्ण सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन, तकनीकी दक्षता और निरंतर प्रयासों का परिणाम बताया। इस उपलब्धि के पीछे कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार सिंह के नेतृत्व और मार्गदर्शन की विशेष सराहना की गई। प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट पदाधिकारी डॉ. विनीत शेखर की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही। उनके सतत प्रयास, उद्योग जगत से बेहतर समन्वय और छात्रों के लिए आयोजित विशेष प्रशिक्षण सत्रों ने चयन प्रक्रिया को मजबूत आधार प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि अब तक 317 छात्रों में से 195 छात्रों का विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों में चयन हो चुका है, जो कुल छात्रों का लगभग 61.5 प्रतिशत है। यह उपलब्धि न केवल महाविद्यालय, बल्कि पूरे पलामू जिले के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय बन गई है। कॉलेज प्रशासन ने विश्वास व्यक्त किया है कि आने वाले समय में और भी छात्र राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की कंपनियों में चयनित होकर जिले और राज्य का नाम रोशन करेंगे।

## फरार आरोपी के घर रामगढ़ पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**चैनपुर।** क्षेत्र में रामगढ़ थाना कांड संख्या 28/25 के एक फरार आरोपी के घर पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर इश्तेहार चिपकाया। आरोपी मुहम्मद साजिद अंसारी उर्फ जाहिद अंसारी पर यौन शोषण का आरोप है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी को जल्द से जल्द न्यायालय में आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया गया है। निर्धारित समय में हाजिर नहीं होने पर उसके घर की कुर्की-जप्ती की कार्रवाई की जाएगी।

## पलामू में धार्मिक आयोजनों की धूम, बजट और कानून व्यवस्था पर भी गरमाई सियासत

- झारखंड बजट से पहले स्वेटर वितरण पर गरमाई सियासत

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** झारखंड विधानसभा में बजट पेश होने से पहले स्कूली बच्चों को स्वेटर वितरण का मुद्दा चर्चा में रहा। विपक्षी नेताओं ने आरोप लगाया कि ठंड खत्म होने के बाद स्वेटर की बात करना व्यर्थ है। भाजपा नेताओं ने कहा कि बच्चों को दिसंबर-जनवरी में स्वेटर की जरूरत थी, लेकिन समय पर वितरण नहीं हुआ। सरकार ने स्वीकार किया कि कुछ जिलों में देरी हुई और केंद्र से राशि समय पर नहीं मिलने की बात कही। विपक्ष ने इसे जिम्मेदारी से बचने का प्रयास बताया। विपक्ष का कहना है कि योजनाओं की



सफलता समय पर क्रियान्वयन में है। आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 1,58,560 करोड़ रुपये के बजट की तैयारी की जा रही है, लेकिन सरकार को पहले जमीनी स्तर पर योजनाओं को सही ढंग से लागू करना चाहिए। स्थानीय स्तर पर यह मुद्दा चर्चा का विषय बना हुआ है। विपक्ष ने मांग की है कि जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए और योजनाओं का लाभ समय पर जनता तक पहुंचे।

## नावागढ़ में माता शबरी पूजा शुरू लंगरकोट में भव्य महायज्ञ

नवीन मेल संवाददाता



**पांकी।** प्रखंड के माड़न पंचायत स्थित नावागढ़ गांव में मंगलवार दोपहर कलश यात्रा के साथ माता शबरी पूजा शुरू हुई। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद ने फीता काटकर किया। पूजा समिति के सदस्यों ने उन्हें फूलमाला और चुनरी देकर सम्मानित किया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने सिर पर कलश लेकर पूरे गांव का भ्रमण किया। नगर भ्रमण के पश्चात पूजा कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। अपने संबोधन में प्रखंड प्रमुख ने कहा कि माता शबरी की सच्ची भक्ति और भगवान के प्रति अटूट प्रेम हमें प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य जन्म से नहीं, बल्कि अपने कर्म से महान बनता है। कार्यक्रम में रीमा शर्मा, मंटू शर्मा, धीरज कुमार, अरविंद कुमार, धर्मेंद्र कुमार, संजय कुमार, सुधीर कुमार, राहुल कुमार, कंचन साव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## हुसैनाबाद के बराही धाम में पूरी होती है भक्तों की मनोकामना, मंगलवार को भंडारे का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद।** पलामू जिला मुख्यालय से लगभग 80 किलोमीटर दूर स्थित बराही धाम धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र बन चुका है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूर्ण होने की मान्यता है। धाम परिसर में मां देवी, शिव और हनुमान मंदिर स्थापित हैं, जहां प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। वर्ष 2022 में यहां 105 फीट ऊंची दक्षिणमुखी रामदूत हनुमान की प्रतिमा स्थापित की गई, जो आकर्षण का मुख्य केंद्र है। इस भव्य प्रतिमा के दर्शन के लिए बिहार, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और झारखंड के विभिन्न जिलों से श्रद्धालु पहुंचते हैं। प्रत्येक मंगलवार को शिवांस चैरिटेबल ट्रस्ट और धर्मप्रेमियों के सहयोग से भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस दौरान हजारों श्रद्धालु महाप्रसाद ग्रहण करते हैं। मंगलवार को भी बड़ी संख्या में भक्तों ने भंडारे में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया।

## जर्जर शेड में लगता है रविवारीय साप्ताहिक बाजार, हादसे की आशंका

शंभू चौरसिया



**मोहम्मदगंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित रविवारीय साप्ताहिक बाजार प्रांगण में दशकों पूर्व एस्बेस्टस से निर्मित शेड अब पूरी तरह जर्जर हो चुके हैं। इनकी हालत इतनी खराब हो गई है कि किसी भी समय बड़ा हादसा होने की आशंका बनी रहती है। स्थानीय लोगों ने चिंता जताते हुए कहा कि बाजार परिसर में खड़े इन पुराने और कमजोर शेडों को हटाने के प्रति बरती जा रही लापरवाही भविष्य में गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है। रविवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार के दौरान कई दुकानदार इन्हीं जर्जर शेडों के नीचे अपनी दुकानें लगाने को विवश होते हैं। इसके अतिरिक्त किसी व्यक्ति की मृत्यु होने पर दशगात्र की रस्म भी इसी परिसर में निभाई जाती है। हालांकि इन पुराने शेडों के नीचे धूप और बारिश से समुचित बचाव संभव नहीं हो पाता, फिर भी पुश्तैनी तौर पर स्थान निर्धारित होने के कारण संबंधित दुकानदार अन्यत्र स्थानांतरित नहीं हो पाते। बाद में निर्मित ढलाई छत की लंबी-चौड़ी शेड अपेक्षाकृत सुरक्षित और मौसम से बचाव के लिहाज से बेहतर प्रतीत होती हैं, किंतु बाजार की पूरी भीड़ को उनमें समायोजित करना संभव नहीं हो पाता। परिणामस्वरूप अनेक दुकानदारों और ग्राहकों को असुविधा झेलनी पड़ती है। स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि जर्जर शेडों को अविलंब हटाकर पूरे बाजार प्रांगण का पक्कीकरण कराया जाए तथा वृहदाकार और मजबूत शेड का निर्माण किया जाए, ताकि सभी दुकानदारों और ग्राहकों को सुरक्षित एवं व्यवस्थित स्थान मिल सके। साथ ही दशगात्र जैसे सामाजिक कार्यों के लिए परिसर के एक अलग कोने में पृथक शेड निर्माण की आवश्यकता भी बताई गई है। लोगों का कहना है कि यह साप्ताहिक बाजार वर्षों पुरानी धरोहर है। आसपास के विभिन्न गांवों में दैनिक और साप्ताहिक बाजार लगने के बावजूद भीड़ और व्यापारिक गतिविधियों के लिहाज से इसका महत्व आज भी कम नहीं हुआ है। ऐसे में इस ऐतिहासिक बाजार को संरक्षित एवं विकसित किए जाने की दिशा में ठोस पहल की जानी चाहिए।

## भीमचूल्हा पर्यटक स्थल पर हाइमास्ट लाइट अधूरी, लोगों में नाराजगी



**मोहम्मदगंज।** भीमचूल्हा पर्यटक स्थल पर लगाया गया हाइमास्ट लाइट टावर अब तक चालू नहीं हो पाया है। बिजली कनेक्शन और फिटिंग कार्य अधूरा होने से टावर केवल दिखावा बनकर रह गया है। रात्रि में अंधेरा और सन्नाटा होने से पर्यटकों और राहगीरों को परेशानी होती है। स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए शीघ्र कार्य पूरा कराने की मांग की है।

### सीताडीह में भक्ति की बयार: श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई माता शबरी जयंती

# माता शबरी भक्ति, समर्पण और निस्वार्थ प्रेम की प्रतीक

नवीन मेल संवाददाता



**नीलांबर पीतांबरपुर।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम सीताडीह में माता शबरी जयंती श्रद्धा, उल्लास और भक्तिमय वातावरण के बीच धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेवी नवल किशोर राय उर्फ डब्लू राय द्वारा माता शबरी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। आयोजन समिति ने उन्हें फूलमाला और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि माता शबरी भक्ति, समर्पण और निस्वार्थ प्रेम की प्रतीक हैं। उन्होंने भगवान श्रीराम के प्रति अपनी अटूट श्रद्धा के माध्यम से समाज को यह संदेश दिया कि सच्ची भक्ति में जाति, वर्ग और भेदभाव का कोई स्थान नहीं होता। उन्होंने ग्रामीणों से माता शबरी के आदर्शों को अपनाकर समाज में प्रेम, भाईचारा और सद्भाव को मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान भजन-कीर्तन से वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर मनोज राम, भोला भुईयां, प्रदीप भुईयां सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे। पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल रहा और श्रद्धालुओं ने भक्ति रस में डूबकर जयंती समारोह को सफल बनाया।

### माता शबरी जयंती पर उमड़ा आस्था का सैलाब, सामाजिक समरसता का संदेश




**सतबरवा।** प्रखंड के चेतमा गांव में माता शबरी जयंती श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत माता शबरी एवं दशरथ मांझी के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्या सुधा कुमारी, पांकी विधायक प्रतिनिधि अजय उरांव, सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा सहित अन्य ग्रामीणों ने पुष्प अर्पित कर उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। सुधा कुमारी ने कहा कि माता शबरी का जीवन त्याग, निष्ठा और अटूट भक्ति का प्रतीक है। उन्होंने भगवान राम को प्रेमपूर्वक बेर खिलाकर यह संदेश दिया कि सच्ची श्रद्धा में जाति, वर्ग और भेदभाव का कोई स्थान नहीं होता। जब भगवान राम माता सीता की खोज में वन-वन भटक रहे थे, तब माता शबरी ने अपने स्नेह और विश्वास से उनका स्वागत कर मानवता और समर्पण का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। आशीष कुमार सिन्हा ने कहा कि माता शबरी का आदर्श आज भी समाज मौके पर करमचंद साहु, भोला मेहता, विश्वनाथ भुईयां, अनिल कुमार भुईयां, दिनेश भुईयां, प्रमोद भुईयां, शंभू उरांव, अरविंद सिंह, जितेंद्र कुमार सिंह समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। अंत में सामूहिक संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## लंगरकोट में शिव शक्ति प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ, निकली भव्य शोभायात्रा

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** लंगरकोट गांव स्थित महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग शिवधाम परिसर में चल रहे नौ दिवसीय शिव शक्ति प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के सातवें दिन भव्य शोभायात्रा निकाली गई। हरिद्वार से आए मुख्य आचार्य श्री श्री 1008 महाराज राघवेन्द्र जी का यज्ञ समिति ने स्वागत किया। ज्योतिर्लिंग के साथ गाजे-बाजे और जयकारों के बीच शोभायात्रा गांव और शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। हजारों श्रद्धालु इसमें शामिल हुए। महायज्ञ में वृंदावन से आए कलाकारों ने रासलीला प्रस्तुत की। आचार्य श्री ने प्रवचन के माध्यम से भक्ति और आध्यात्मिक जीवन का संदेश दिया। सातवें दिन महिलाओं ने 12 घंटे तक यज्ञशाला की परिक्रमा की। बड़ी संख्या में श्रद्धालु और समिति सदस्य कार्यक्रम में उपस्थित रहे।





## मेदिनीनगर नगर निगम चुनाव

# 75,430 मतदाताओं ने किया मताधिकार का प्रयोग

- औद्योगिक प्रांगण सुदना (दक्षिण) में 39.32 प्रतिशत व सिंगरा खुर्द (उत्तर) और बहलोलवा (उत्तर) जैसे केंद्रों पर 70 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ।

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में संपन्न हुए नगर निकाय चुनाव में कुल 58.46 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। निगम क्षेत्र के 1,29,034 पंजीकृत मतदाताओं में से 75,430 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। नगर निगम क्षेत्र में कुल 132 मतदान केंद्र बनाए गए थे। सभी केंद्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। प्रशासन की निगरानी में मतदान शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हुआ। किसी भी केंद्र से अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। कुछ केंद्रों पर 70 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया, जबकि कुछ स्थानों पर अपेक्षाकृत कम मतदान हुआ। औद्योगिक प्रांगण सुदना (दक्षिण) में 39.32 प्रतिशत तथा सिंगरा खुर्द (उत्तर) और बहलोलवा (उत्तर) जैसे केंद्रों पर 70 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। मतदान केंद्रों के आंकड़ों पर नजर डालें तो राजकीय मध्य विद्यालय, सिंगरा कला में 1300 मतदाताओं में से 691 (53.15 प्रतिशत) ने मतदान किया। राजकीय कन्या मध्य विद्यालय, सिंगरा खुर्द (उत्तर) में 1228 में से 873 (71.09 प्रतिशत) तथा सिंगरा खुर्द (दक्षिण) में 1222 में से 745 (60.97 प्रतिशत) मत पड़े। नव प्राथमिक विद्यालय, बजराहा में 625 में से 378 (60.48 प्रतिशत) मतदान हुआ। कुम्हार टोली सखुवान टांड़ के उत्तर भाग में 1038 में से 630 (60.69 प्रतिशत), मध्य भाग में 808 में से 487 (60.27 प्रतिशत) और दक्षिण भाग में 1018 में से 523 (51.38 प्रतिशत) मतदाताओं ने मतदान किया। पटेल नगर सुदना (उत्तर) में 925 में से 486 (52.54 प्रतिशत) तथा (दक्षिण) में 680 में से 293 (43.09 प्रतिशत) मतदान दर्ज किया गया। उत्क्रमित मध्य विद्यालय, निमिया में 1368 में से 799 (58.41 प्रतिशत) मत पड़े। जनता शिवरात्रि कॉलेज (पूर्व) में 1338 में से 659 (49.25 प्रतिशत) तथा (पश्चिम) में 1271 में से 660 (51.93 प्रतिशत) मतदान हुआ। बारालोटा के दक्षिण भाग में 893 में से 425 (47.59 प्रतिशत), उत्तर में 1033 में से 579 (56.05 प्रतिशत) और मध्य में 814 में से 476 (58.48 प्रतिशत) मत पड़े। हरिजन टोला बारालोटा (पूर्व) में 828 में से 569 (68.72 प्रतिशत) तथा (पश्चिम) में 1145 में से 686 (59.91 प्रतिशत) मतदान हुआ।
पोखराहा खुर्द में 1333 में से 924 (69.32 प्रतिशत), बहलोलवा (उत्तर) में 1188 में से 845 (71.13 प्रतिशत) और (दक्षिण) में 1244 में से 863 (69.37 प्रतिशत) मतदाताओं ने मतदान किया। नया पंचायत भवन, बारालोटा (बायां) में 1186 में से 690 (58.18 प्रतिशत) तथा (दायां) में 1191 में से 547 (45.93 प्रतिशत) मतदान हुआ। कचरवा टोला (उत्तर) में 1203 में से 720 (59.85 प्रतिशत) और (दक्षिण) में 1044 में से 647 (61.97 प्रतिशत) मत पड़े।
पांकी रोड रेडमा स्थित बाल भारती पब्लिक स्कूल (उत्तर) में 810 में से 398 (49.14 प्रतिशत) तथा (दक्षिण) में 736 में से 422 (57.34 प्रतिशत) मतदान हुआ। ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल में 727 में से 408 (56.12 प्रतिशत) मत पड़े। विद्युत महाप्रबंधक कार्यालय, सुदना (उत्तर) में 865 में से 435 (50.29 प्रतिशत) और (दक्षिण) में 841 में से 419 (49.82 प्रतिशत) मतदान हुआ। ज्ञान निकेतन बालिका पब्लिक स्कूल (पूर्व) में 979 में से 514 (52.50 प्रतिशत) तथा (पश्चिम) में 912 में से 438 (48.03 प्रतिशत) मत पड़े। लिटिल स्टार प्ले स्कूल, सुदना में 797 में से 439 (55.08 प्रतिशत), ग्लोरियस आवासीय पब्लिक स्कूल (उत्तर) में 586 में से 261 (44.54 प्रतिशत), प्रज्ञा केंद्र कार्यालय, सुदना में 789 में से 417 (52.85 प्रतिशत), औद्योगिक प्रांगण, सुदना (उत्तर) में 797 में से 349 (43.79 प्रतिशत) तथा (दक्षिण) में 791 में से 311 (39.32 प्रतिशत) मतदान हुआ। मध्य विद्यालय, सुदना (पूर्व) में 995 में से 519 (52.16 प्रतिशत) और (पश्चिम) में 976 में से 521 (53.38 प्रतिशत) मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कुल मिलाकर नगर निगम क्षेत्र में शांतिपूर्ण वातावरण में मतदान संपन्न हुआ। अब मतगणना की तैयारियां की जा रही हैं। सभी का ध्यान 27 फरवरी पर टिकी है।

## 11वीं की परीक्षा आज से, 39 केंद्रों पर 29 हजार परीक्षार्थी होंगे शामिल




**मेदिनीनगर।** झारखंड अधिविद्य परिषद् (जैक) की ओर से 11वीं की वार्षिक परीक्षा बुधवार से शुरू होगी। परीक्षा 25 से 28 फरवरी तक जिले के विभिन्न केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण परीक्षा संचालन के लिए प्रशासन ने व्यापक तैयारी की है। जिले में कुल 39 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां लगभग 29 हजार छात्र-छात्राएं कला, विज्ञान और वाणिज्य संकाय की परीक्षा में शामिल होंगे। जिला शिक्षा पदाधिकारी सौरभ प्रकाश ने बताया कि सभी केंद्राधीक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। परीक्षा केंद्रों पर पेयजल, स्वच्छ शौचालय, साफ-सफाई एवं अन्य बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। निष्पक्षता बनाए रखने के लिए सीसीटीवी कैमरों की निगरानी तथा वीक्षकों की उपस्थिति में परीक्षा आयोजित होगी। परीक्षा दोनों पालियों में संचालित की जाएगी।

## 14 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (झालसा) के दिशा-निर्देश पर 14 मार्च, शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसे सफल बनाने को लेकर पलामू के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री राम शर्मा के निर्देश पर मंगलवार को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) मनोरंजन कुमार ने अपने कक्ष में न्यायिक पदाधिकारियों के साथ बैठक की।
बैठक के दौरान सीजेएम ने लंबित वादों के अधिक से अधिक निस्तारण पर जोर देते हुए कहा कि लिटिगेशन से संबंधित मामलों में और अधिक सजग रहने की आवश्यकता है, ताकि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिकतम मामलों का निष्पादन किया जा सके। उन्होंने कहा कि इस बार अधिक से अधिक मामलों के निस्तारण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है और इसकी तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। इसी क्रम में न्यायिक अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा लंबित मामलों की समीक्षा की गई। बैठक में एसीजेएम सुशीला सोरेंग, सिविल जज (सीनियर डिवीजन) रवि शंकर पांडेय, एस. के. गौतम, सोनम बिश्नोई, निशिकांत, शंभू महतो, निर्भय प्रकाश, रेलवे न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रज्ञेष निगम, निबंधक कमल प्रकाश, सिविल जज (जूनियर डिवीजन) रोजलिना बारा, समीरा खान, रश्मि चंदेल सहित अन्य न्यायिक पदाधिकारी उपस्थित थे।

## 2 मार्च तक चलेगा एनीमिया मुक्त अभियान

**मेदिनीनगर।** जिले में एनीमिया मुक्त अभियान 24 फरवरी से शुरू हो गया है, जो 2 मार्च तक चलेगा। यह अभियान जांच, इलाज, परामर्श और नियमित निगरानी के चार प्रमुख सिद्धांतों पर आधारित है। सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत जिले में कुल 182 स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे। शिविरों में हीमोग्लोबिन जांच, आवश्यक उपचार, पोषण संबंधी परामर्श और सतत निगरानी की व्यवस्था की गई है। सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारियों को शिविरों की स्थिति ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से नियमित अपडेट करने का निर्देश दिया गया है, ताकि प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित हो सके। अभियान के तहत अलग-अलग आयु वर्ग के लिए आयरन-फोलिक एसिड दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। 6 माह से 59 माह तक के बच्चों को सप्ताह में एक बार आयरन-फोलिक एसिड सिरप, 5 से 10 वर्ष तक के बच्चों को गुलाबी गोली, 10 से 19 वर्ष के किशोर-किशोरियों को नीली गोली, प्रजनन आयु वर्ग की गैर-गर्भवती महिलाओं को साप्ताहिक लाल गोली तथा गर्भवती व स्तनपान कराने वाली महिलाओं को चौथे माह से प्रतिदिन एक लाल गोली देने का प्रावधान है। सिविल सर्जन ने बताया कि मरीजों को हरी पत्तेदार सब्जियां, गुड़, साबुत अनाज, केला और खजूर जैसे पौष्टिक आहार के सेवन की सलाह दी जा रही है। उपचार के बाद दोबारा हीमोग्लोबिन जांच कर प्रगति का आकलन किया जाएगा। सुधार नहीं होने पर मरीजों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, अनुमंडलीय अस्पताल या सदर अस्पताल में चिकित्सकीय परामर्श लेने की सलाह दी जाएगी।

## एनडीपीएस मामले में मो. नवाज को 15 वर्ष की सजा

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा की अदालत ने एनडीपीएस केस संख्या 31/2024 में आरोपी मो. नवाज अंसारी को दोषी करार देते हुए 15 वर्ष की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही एक लाख 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अदालत ने आरोपी को स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 की धारा 21(सी) एवं 22(सी) के तहत दोषी पाया। दोनों धाराओं में 15-15 वर्ष की सश्रम कारावास तथा एक-एक लाख 50 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया है। जुर्माना नहीं देने की स्थिति में एक वर्ष की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। दोनों सजाएं साथ-साथ चलेंगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार 30 नवंबर 2024 को लेस्लीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत करमा गांव स्थित आरोपी के घर से नशीले कोरेक्स सिरप की बिक्री किए जाने की गुप्त सूचना पुलिस को मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस जब उसके घर पहुंची तो आरोपी भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन उसे पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान उसके घर से 100 एमएल के 900 बोतल नशीला सिरप बरामद किया गया। इस संबंध में अजय कुमार के बयान पर लेस्लीगंज थाना कांड संख्या 130/2024, दिनांक 30 नवंबर 2024 को एनडीपीएस एक्ट की धारा 21(सी) एवं 22(सी) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

## गढ़वा में ज्वेलरी दुकान से ठगी मामले में चेंबर ने डीआईजी से की मुलाकात



**मेदिनीनगर।** डाल्टनगंज चेंबर ऑफ कॉमर्स सह पलामू जिला व्यवसायी संघ का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को डीआईजी पलामू कौशल किशोर से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने डाल्टनगंज चेंबर ऑफ कॉमर्स के संयुक्त सचिव अनूप कुमार सोनी के गढ़वा स्थित प्रतिष्ठान में हुई ठगी की घटना को लेकर ज्ञापन सौंपा। बताया गया कि गढ़वा के पुरानी बाजार में "नरेश बाबू सर्राफ" नामक प्रतिष्ठान, जिसका संचालन अनूप कुमार सोनी के चाचा एवं भाई द्वारा किया जाता है, में 21 फरवरी 2026 को अज्ञात अपराधियों ने कथित रूप से हिप्नोटिज्म (सम्मोहन) का सहारा लेकर लगभग 200 ग्राम सोने के जेवरात लेकर फरार हो गए। इस संबंध में गढ़वा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। प्रतिनिधिमंडल ने मामले की गंभीरता को देखते हुए शीघ्र और कड़ी कार्रवाई की मांग की। डीआईजी पलामू ने आश्वासन दिया कि मामले की जांच के लिए अतिशीघ्र विशेष जांच समिति का गठन किया जाएगा और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि पलामू एवं गढ़वा क्षेत्र में इस प्रकार की घटनाओं के सभी मामलों का यथाशीघ्र उद्भेदन किया जाएगा।

# 391 छात्र-छात्राओं को प्रवेश पत्र नहीं मिलने पर सड़क जाम

नवीन मेल संवाददाता



**पांकी।** डंडार कला स्थित मजदूर किसान इंटर महाविद्यालय के 11वीं के छात्र-छात्राओं ने प्रवेश पत्र नहीं मिलने के विरोध में मंगलवार को पांकी–मेदिनीनगर मुख्य पथ के बसडीहा में कई घंटे तक सड़क जाम कर प्रदर्शन किया।

जानकारी के अनुसार 25 फरवरी से 11वीं की परीक्षा प्रस्तावित है, लेकिन नामांकित 391 छात्र-छात्राओं को अब तक प्रवेश पत्र नहीं मिला है। इससे पहले 21 फरवरी को छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय के प्राचार्य अवध बिहारी सिंह के समक्ष प्रदर्शन किया था। कुछ दिन पूर्व भी बसडीहा में संक्षिप्त रूप से सड़क जाम की गई थी, जिसे पुलिस ने समझा-बुझाकर हटवाया था।

चार दिन बीत जाने के बाद भी कोई ठोस आश्वासन नहीं मिलने पर छात्र-छात्राएं दोबारा सड़क पर उतर आए। सूचना मिलते ही प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद, प्रखंड विकास पदाधिकारी ललित प्रसाद सिंह, सांसद प्रतिनिधि सहित अन्य लोग मौके पर पहुंचे और समझाने का प्रयास किया, लेकिन छात्र अपनी मांगों पर अड़े रहे।

सड़क जाम से कई किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतार लग गई। छात्रों ने कहा कि जब सीटें सीमित थीं तो अधिक नामांकन क्यों लिया गया। नामांकन के समय 2700 रुपये तथा पंजीयन के लिए 1250 रुपये शुल्क लिया गया, इसके बावजूद परीक्षा से वंचित करना गंभीर लापरवाही है। छात्र-छात्राओं और अभिभावकों ने उच्च स्तरीय जांच तथा जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है। जिला शिक्षा पदाधिकारी के इस आश्वासन के बाद समाप्त हुआ धरना प्रदर्शन।

## 'वन्दे मातरम् राष्ट्रीय चेतना व मातृभूमि के प्रति समर्पण का अमर मंत्र'

- 150 वर्ष स्मरणोत्सव पर जागरूकता कार्यक्रम, पौधरोपण व स्वच्छता शपथ

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो, डालटनगंज द्वारा वन्दे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर वर्षभर चलने वाले स्मरणोत्सव के तहत राजकीयकृत ब्राह्मण प्लस टू उच्च विद्यालय, मेदिनीनगर में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान और स्वच्छ भारत अभियान को भी शामिल किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण का संकल्प तथा कन्या पूजन के साथ हुई। इसके बाद क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव कुमार पुष्कर ने अतिथियों का परिचय कराया और विषय की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि वन्दे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चेतना को जागृत करने और मातृभूमि के प्रति समर्पण की भावना को मजबूत करने वाला अमर मंत्र है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पर्यावरणविद् एवं वनराखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल किशोर जायसवाल ने वृक्षों की अंधाधुंध कटाई पर चिंता जताई। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए आठ मूल सिद्धांतों की जानकारी दी और प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखने का आह्वान किया। वरिष्ठ पत्रकार प्रभात मिश्र 'सुमन' ने वन्दे मातरम् के पलामू से ऐतिहासिक संबंध पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वन्दे मातरम् के रचयिता बंकिम चन्द्र चटर्जी के बड़े भाई संजीव चट्टोपाध्याय पलामू में मजिस्ट्रेट थे और उन्होंने 'पलामू' नाम से प्रसिद्ध बांग्ला यात्रा-वृत्तांत लिखा था। पत्रकार सतीश चंद्र मिश्र 'सुमन' ने कहा कि वन्दे मातरम् हमें देशप्रेम और प्रगति की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों और प्रतिभागियों ने सेल्फी बूथ पर फोटो खिंचवाए तथा सामूहिक रूप से 'वन्दे मातरम्' का गान कर भारत माता को नमन किया। साथ ही सभी को स्वच्छता की सामूहिक शपथ दिलाई गई।

**छात्राओं ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम :** विद्यालय की छात्राओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिससे पूरा वातावरण राष्ट्रभावना से भर गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक संतोष कुमार ने किया। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के प्राचार्य डॉ. सतीश कुमार दुबे ने किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रचार सहायक मनोज कुमार सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे।

**प्रतियोगिता के विजेताओं को मिला सम्मान :** जागरूकता कार्यक्रम के तहत आयोजित निबंध, रंगोली और पेंटिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## एनपीयू में यूजी सेमेस्टर-1 में नामांकन के लिए चांसलर पोर्टल आज से

**मेदिनीनगर।** नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय (एनपीयू) के अंगीभूत कॉलेजों में सत्र 2025-29 (एफवाईयूजीपी) के तहत यूजी सेमेस्टर-1 में नामांकन के लिए चांसलर पोर्टल खोला जा रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्नातक में नामांकन के इच्छुक अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। जारी सूचना के अनुसार चांसलर पोर्टल 25 फरवरी 2026 से खुल जाएगा। आवेदन शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि 26 फरवरी 2026 निर्धारित की गई है। अभ्यर्थियों को तय समय-सीमा के भीतर आवेदन प्रक्रिया पूरी करते हुए शुल्क जमा करना अनिवार्य होगा। नामांकन की प्रक्रिया 25 फरवरी से 27 फरवरी 2026 तक संबंधित कॉलेजों में संचालित की जाएगी। चयनित अभ्यर्थियों को आवंटित कॉलेज में आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर नामांकन की औपचारिकताएं पूरी करनी होंगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी प्राचार्यों को निर्देश दिया है कि नामांकन प्रक्रिया को पारदर्शी एवं सुचारू रूप से संपन्न कराया जाए। अभ्यर्थियों से भी निर्धारित तिथि के भीतर आवेदन और शुल्क भुगतान सुनिश्चित करने की अपील की गई है, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### झारखंड बजट 2026-27 पर प्रफुल्ल सिंह का हमला, कहा-

# युवाओं व किसानों की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा बजट

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए झारखंड सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट को लेकर भूमि विकास बैंक बिहार-झारखंड के निदेशक सह युवा भाजपा नेता प्रफुल्ल कुमार सिंह ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह बजट राज्य की आम जनता, किसान, युवा और कर्मचारियों की अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर सका है। उन्होंने आरोप लगाया कि झामुमो-कांग्रेस-राजद सरकार का यह बजट वित्तीय प्रबंधन की विफलता का दस्तावेज प्रतीत होता है। सरकार न तो राजस्व सृजन की स्पष्ट रणनीति प्रस्तुत कर पाई है और न ही विकास की कोई ठोस व दीर्घकालिक दिशा दिखा सकी है। उनके अनुसार, यह बजट केवल आंकड़ों की बाजीगरी बनकर रह गया है और जमीनी हकीकत से इसका सीधा सरोकार नहीं दिखता।

प्रफुल्ल सिंह ने कहा कि प्रदेश के लाखों बेरोजगार युवाओं को रोजगार सृजन के लिए स्पष्ट नीति और ठोस रोडमैप की उम्मीद थी, लेकिन बजट में इसका अभाव है। केवल बड़े आंकड़ों और घोषणाओं से युवाओं का भविष्य सुरक्षित नहीं किया जा सकता। उद्योगों की स्थापना, स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन, स्वरोजगार को बढ़ावा तथा कौशल विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि बेरोजगार युवाओं के लिए कोई ठोस पहल नहीं की गई है। युवा सशक्तिकरण की स्पष्ट योजना का अभाव है। छात्रों के लिए न नई छात्रवृत्ति की घोषणा की गई है और न ही अवसरों का विस्तार किया गया है। अनुबंधकर्मियों के भविष्य पर भी सरकार पूरी तरह मौन है। किसानों के लिए विशेष राहत या ठोस प्रावधान नहीं दिखते। महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण हेतु मजबूत पहल का अभाव है, वहीं वृद्ध एवं दिव्यांगजनों की पेंशन में भी कोई सार्थक वृद्धि नहीं की गई है।

उन्होंने कहा कि झारखंड को दूरदृष्टि, पारदर्शिता और जवाबदेही की आवश्यकता है, न कि खोखले दावों और कागजी घोषणाओं की। जनता इस निराशाजनक दृष्टिकोण को स्वीकार नहीं करेगी।

प्रफुल्ल सिंह ने कृषि क्षेत्र की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि किसानों के लिए किसी विशेष राहत पैकेज या दीर्घकालिक कृषि विकास योजना की घोषणा नहीं की गई। सिंचाई सुविधाओं के विस्तार, फसल भंडारण व्यवस्था को सुदृढ़ करने, कृषि ऋण में राहत और समर्थन मूल्य जैसे मुद्दों पर सरकार को ठोस कदम उठाने चाहिए थे।

## हेमंत सरकार का बजट दिशाहीन व ख्याली पुलाव: अमित तिवारी



**मेदिनीनगर।** भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने झारखंड की हेमंत सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट को दिशाहीन और ख्याली पुलाव करार दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार केवल आंकड़ों का जाल बिछाकर राज्य की जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रही है, जबकि प्रदेश की जनता आज मूलभूत समस्याओं से जूझ रही है। तिवारी ने आरोप लगाया कि सरकार का ध्यान राज्य के समग्र विकास पर नहीं है। जब भी विकास की बात उठती है, तो सरकार केंद्र से सहयोग नहीं मिलने का आरोप लगाकर अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ लेती है। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता अब इस प्रवृत्ति को भली-भांति समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि इस बजट से राज्य के बेरोजगार, युवा, छात्र, महिलाएं और किसान अपने को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। बजट के नाम पर केवल घोषणाएं कर खानापूर्ति की जा रही है, जबकि जमीनी स्तर पर ठोस पहल का अभाव है। अमित तिवारी ने कहा कि यह बजट केवल वेतन और लाभ वितरण तक सीमित नजर आता है। इसमें विकास की कोई स्पष्ट रूपरेखा दिखाई नहीं देती। उन्होंने सरकार से राज्यहित में ठोस और दूरदर्शी नीतियां लाने की मांग की।

### संस्मरण दिवस — पुलिस संस्मरण दिवस पर शहीद पुलिस कर्मियों को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

# एसपी समेत जिले के वरीय पुलिस पदाधिकारी हुए शामिल

नवीन मेल संवाददाता



**चतरा।** 21 अक्टूबर को पूरे देश के साथ चतरा जिले में भी पुलिस संस्मरण दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पुलिस कप्तान सुमित कुमार अग्रवाल, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संदीप सुमन, वरीय पुलिस अधिकारी, थाना प्रभारी एवं जवान शामिल हुए। इस अवसर पर सभी शहीद पुलिस कर्मियों को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान पुलिस कप्तान ने कहा कि इस वर्ष अब तक पूरे भारत में 191 पुलिस बल के जवान और पदाधिकारियों ने मातृभूमि की रक्षा करते हुए वीरगति प्राप्त की। उनके अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और बलिदान की स्मृति में इस दिवस को पूरे देश की पुलिस संस्थाएं श्रद्धांजलि दिवस के रूप में मनाती हैं। इस अवसर पर शहीद पुलिस कर्मियों की वीरता को याद करते हुए उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की गई तथा वर्तमान पुलिस बल को प्रेरणा दी गई कि वे देश की सुरक्षा, जनता की सेवा और कानून-व्यवस्था की रक्षा में सदैव तत्पर रहें। शहीद विनय भारती पार्क और पुलिस केन्द्र, चतरा में औपचारिक समारोह कर शहीदों के परिजनों का सम्मान एवं पुलिस बल द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दीया गया और सभी लोग बारी बारी से शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। पुलिस कप्तान ने कहा कि शहीद पुलिस कर्मी हमारे प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने देश की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए अपने प्राण को न्योछावर कर जान की आहुति दी है, उस लकीर को कभी धूमिल नहीं होने देंगे।

# नारी नेतृत्व से सशक्त हुआ पलामू प्रशासन : अरुणा शंकर

- शांतिपूर्ण नगर निगम मतदान पर महिला अधिकारियों को कहा- 'थैंक्यू मैडम्स'

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** नगर निगम चुनाव की महापौर प्रत्याशी अरुणा शंकर ने पलामू में चार प्रमुख प्रशासनिक पदों पर महिला अधिकारियों की मौजूदगी को ऐतिहासिक और प्रेरणादायक बताया है। उन्होंने नगर निगम मतदान के शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और सुव्यवस्थित संचालन के लिए प्रशासनिक टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए 'थैंक्यू मैडम्स' संदेश जारी किया। अरुणा शंकर ने कहा कि जिस शांति, पारदर्शिता और अनुशासन के साथ मतदान प्रक्रिया संपन्न हुई, वह महिला नेतृत्व की दक्षता और प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने प्रमंडलीय आयुक्त कुमुद सहाय, उपायुक्त समीरा एस, पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन तथा सदर एसडीएम सुलोचना मीणा के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि इन अधिकारियों के समन्वय ने लोकतंत्र के महापर्व को गरिमा प्रदान की है। उन्होंने भरोसा जताया कि 27 फरवरी को होने वाली मतगणना भी इसी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ संपन्न होगी। अरुणा शंकर ने कहा कि प्रशासन के शीर्ष पदों पर महिलाओं की सक्रिय भूमिका न केवल सुशासन का संकेत है, बल्कि समाज में महिलाओं के बढ़ते नेतृत्व और सहभागिता का सशक्त उदाहरण भी है। यह पूरे जिले के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है।

# न्यूज बॉक्स

## एसआईएस लिमिटेड में सुरक्षा कर्मी भर्ती के लिए थाना परिसरों में कैंप



**गढ़वा।** जिले में एसआईएस लिमिटेड द्वारा सुरक्षा कर्मी पद के लिए विभिन्न थाना परिसरों में भर्ती कैंप आयोजित किए जाएंगे। भर्ती सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक होगी। 26 फरवरी से 17 मार्च तक भंडरिया, रमकंडा, रंका, डंडई, चिनिया, धुरकी, नगर-ऊंटारी, खरौंधी, भवनाथपुर, केतार, कांडी, बरडीहा, मंझिआंव, विशुनपुरा, रमना, मेराल एवं गढ़वा सदर थाना परिसर में कैंप लगाए जाएंगे। कंपनी के अनुसार चयनित अभ्यर्थियों को ईपीएफ, ईएसआई, ग्रेच्युटी, बोनस, बीमा, प्रमोशन व अन्य सुविधाएं दी जाएंगी। योग्यता मैट्रिक पास/फेल, ऊंचाई 168 सेमी, आयु 19 से 40 वर्ष तथा वजन 56 से 90 किलोग्राम निर्धारित है। अधिक जानकारी के लिए जारी मोबाइल नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है।

## बजट में शिक्षा को प्राथमिकता न देना गंभीर चिंता का विषय : प्रिंस कुमार सिंह

**कांडी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रिंस कुमार सिंह ने राज्य सरकार के बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे निराशाजनक बताया है। उन्होंने कहा कि बजट को गरीबों के कल्याण और "अबुआ दिशोम बजट" के रूप में प्रस्तुत किया गया है, लेकिन शिक्षा, छात्रवृत्ति, रोजगार और युवाओं की अपेक्षाओं को लेकर स्पष्ट एवं ठोस प्रावधान नहीं दिखते। उन्होंने विशेष रूप से छात्र समुदाय का उल्लेख करते हुए कहा कि उच्च शिक्षा के विस्तार, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, डिजिटल संसाधनों और रोजगारोन्मुख योजनाओं को लेकर स्पष्ट दिशा का अभाव है। ओबीसी छात्रवृत्ति के मुद्दे पर भी उन्होंने ठोस घोषणा नहीं होने पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि जब राज्य में बेरोजगारी एक प्रमुख मुद्दा है, तब युवाओं के लिए परिणाममुखी और दीर्घकालिक योजना का अभाव गंभीर प्रश्न खड़ा करता है। उनके अनुसार बजट घोषणात्मक अधिक और समाधानात्मक कम प्रतीत होता है, जिससे छात्र, युवा, किसान और आम नागरिकों में निराशा का माहौल है।

## मुकुंदपुर ब्रह्मस्थान के सुंदरीकरण को लेकर ग्रामीणों की बैठक



**केतार।** प्रखंड के मुकुंदपुर गांव स्थित ब्रह्मस्थान के सुंदरीकरण को लेकर मंगलवार को ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में ब्रह्मस्थान परिसर के विकास, साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण कार्यों पर विस्तार से चर्चा हुई। ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से परिसर को आकर्षक और व्यवस्थित बनाने का निर्णय लिया। चहारदीवारी निर्माण, बैठने की व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं के लिए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। बैठक में राम प्रसाद कुमार, दिनेश चंद्रवंशी, ओम नारायण कुंवर, पप्पू कुमार गुप्ता, विनोद कुमार, राजा प्रसाद, अंगद प्रसाद, रिंकू लाल, बिरेंद्र कुमार, दिनेश कुमार गुप्ता सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

## 25 फरवरी से विभिन्न विद्यालयों में आधार बायोमेट्रिक अद्यतन शिविर

**खरौंधी (गढ़वा)।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में विद्यार्थियों के आधार अनिवार्य बायोमेट्रिक अद्यतन (एमबीयू) को लेकर 25 फरवरी 2026 से विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी बीपीओ विपिन बिहारी गुप्ता ने दी। उन्होंने बताया कि जिन विद्यार्थियों का आधार अपडेट लंबित है, उनका अद्यतन कार्य निर्धारित तिथियों पर संबंधित विद्यालयों में ही पूरा किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उत्क्रमित मध्य विद्यालय बजरमरवा में 25 फरवरी 2026 को शिविर लगेगा। उत्क्रमित मध्य विद्यालय चंदनी में 26 फरवरी 2026 को आधार बायोमेट्रिक अद्यतन किया जाएगा। वहीं उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय परसवान पूर्व सुंडी तथा उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय चिरैयाटांड़ में 27 फरवरी 2026 को विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा। बीपीओ ने संबंधित प्रधानाध्यापकों को आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि निर्धारित तिथि पर बच्चों को विद्यालय भेजकर आधार अद्यतन कार्य पूरा कराएं, ताकि विद्यार्थियों को विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं का लाभ लेने में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

## बरसोती में शिव मंदिर निर्माण से भक्तिमय हुआ वातावरण

**धुरकी।** प्रखंड अंतर्गत बरसोती गांव में नव निर्मित शिव मंदिर के उद्घाटन को लेकर क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। स्थानीय ग्रामीण सहवीर भुईयां के प्रयास से भगवान भोलेनाथ के मंदिर का निर्माण कराया गया है, जिससे ग्रामीणों में उत्साह देखा जा रहा है। मंगलवार दोपहर 2 बजे से मंदिर उद्घाटन के उपलक्ष्य में विशेष धार्मिक कार्यक्रम की शुरुआत हुई। विधिवत उद्घाटन से पूर्व 51 घंटे का अखंड हरिनाम संकीर्तन प्रारंभ किया गया है। गांव 'हर-हर महादेव' के जयघोष और भक्ति गीतों से गुंजायमान है। संकीर्तन की समाप्ति के बाद महाभंडारा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम में अंबाखोरेया के बीडीसी कृष्णा कुमार सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने मंदिर निर्माण को सराहनीय पहल बताते हुए कहा कि इससे क्षेत्र में धार्मिक आस्था और एकता को मजबूती मिलेगी।

## पीएलवी अमरेन्द्र कुमार ने वृद्ध महिला की पेंशन समस्या का किया समाधान

**रंका।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा से जुड़े पंचायत पीएलवी अमरेन्द्र कुमार क्षेत्र में जरूरतमंदों के लिए सहारा बनकर उभरे हैं। उन्होंने दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर, ट्राइसाइकिल एवं बैसाखी उपलब्ध कराने के साथ-साथ ठंड के मौसम में जरूरतमंदों के बीच ऊनी वस्त्रों का वितरण कराया। इसी क्रम में 75 वर्षीय वृद्ध विधवा पार्वती कुंवर की पेंशन समस्या की जानकारी मिलने पर वे स्वयं उनके घर पहुंचे।

# उद्योग विभाग की योजनाओं की समीक्षा, बैंकों को लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**गढ़वा।** उपायुक्त दिनेश यादव की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला उद्योग केंद्र द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (PM-FME), प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (PMEGP) एवं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। PM-FME योजना में लक्ष्य 120 के विरुद्ध 132 आवेदन अग्रसारित किए गए। 27 ऋण स्वीकृत हुए, जिनमें 20 लाभुकों को 205.63 लाख रुपये का भुगतान किया गया, जबकि 39 आवेदन लंबित हैं। PMEGP योजना में लक्ष्य 20 के विरुद्ध 33 आवेदन अग्रसारित हुए। चार मामलों में ऋण स्वीकृति मिली, जबकि कई आवेदन लंबित हैं। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत बड़ी संख्या में आवेदन विभिन्न चरणों में लंबित पाए गए। समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने खराब प्रगति पर नाराजगी जताते हुए बैंकों को नियमों का अनुपालन करते हुए अधिक से अधिक स्वीकृति देने तथा लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## पंचायत सहायक संघ का पुनर्गठन, पदाधिकारियों ने किया शिष्टाचार मुलाकात

**कांडी।** प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को पंचायत सहायकों के प्रतिनिधिमंडल ने प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय एवं प्रखंड प्रमुख सत्येन्द्र कुमार पांडेय उर्फ पिंकू पांडेय से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान नवनिर्वाचित पंचायत सहायक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सत्येन्द्र राम, उपाध्यक्ष नीलम कुमारी, सचिव अजीत कुमार सिंह, उप सचिव नीता देवी, कोषाध्यक्ष अमोल मेहता, उप कोषाध्यक्ष सुषमा कुमारी, मीडिया प्रभारी नितेश कुमार एवं संयोजक विवेक कुमार सहित अन्य सदस्यों ने पदाधिकारियों को गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया।

## घर के पीछे खेत में मिला लापता मासूम का शव

### बरडीहा थाना क्षेत्र की घटना, प्रथम दृष्टया हत्या की आशंका; ग्रामीणों ने जताई तांत्रिक कृत्य की आशंका

**नवीन मेल संवाददाता**



**गढ़वा।** जिले के बरडीहा थाना क्षेत्र से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। थाना अंतर्गत ओबरा गांव निवासी जैनेंद्र उरांव और मीरा देवी के लगभग तीन वर्षीय पुत्र अनुराग उरांव का शव घर के पीछे अरहर के खेत में बरामद किया गया। शव घर से महज कुछ दूरी पर मिला। जानकारी के अनुसार अनुराग उरांव सोमवार को लगभग चार बजे दिन से लापता था। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन देर रात तक कुछ पता नहीं चलने पर थाना में गुमशुदगी का लिखित आवेदन दिया। इस आधार पर थाना कांड संख्या 10/2026 के तहत सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई। परिजनों और ग्रामीणों का कहना है कि जिस स्थान पर मंगलवार सुबह शव मिला, वहां पहले भी तलाश की गई थी, लेकिन उस समय कुछ नहीं मिला था। सूचना मिलते ही मझिआंव पुलिस निरीक्षक, बरडीहा थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिंह एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल की जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया। थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि जांच जारी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। डॉग स्क्वायड टीम पलामू को भी बुलाया गया, जिसने घटनास्थल पर जांच की। पुलिस ने जल्द ही मामले के खुलासे का दावा किया है। सूत्रों के अनुसार ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि बच्चे के चेहरे और मुंह पर निशान थे, जिससे उन्हें किसी अनहोनी की आशंका है। हालांकि पुलिस ने तांत्रिक कृत्य जैसी किसी भी बात की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है और जांच के बाद ही तथ्य सामने आने की बात कही है। मृतक के पिता जैनेंद्र उरांव दूसरे प्रदेश में मजदूरी करते हैं। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में मातम का माहौल है।

## इलाज के दौरान प्रिंटिंग प्रेस संचालक की माता का निधन

**रमना।** सिलीदाग पंचायत के दुधवनिया टोला निवासी राजदेव चंद्रवंशी की 62 वर्षीय पत्नी श्यामापति देवी का निधन सोमवार देर रात रांची के एक निजी चिकित्सालय में इलाज के दौरान हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही थीं। निधन की खबर मिलते ही परिजनों और परिचितों में शोक की लहर दौड़ गई। मंगलवार को उनका अंतिम संस्कार सिलीदाग श्मशान घाट पर किया गया। मुखाग्नि उनके पति राजदेव चंद्रवंशी ने दी।

## विद्यालय में 22 बच्चों के बीच पोशाक वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**



**बंशीधर नगर।** प्रखंड के सिंहपुर स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में कक्षा प्रथम एवं द्वितीय के 22 विद्यार्थियों के बीच मंगलवार को पोशाक का वितरण किया गया। पोशाक वितरण कार्यक्रम में पंचायत की उपमुखिया शारदा पासवान, शिक्षक सत्येन्द्र कुमार ठाकुर एवं अभिभावक मुन्द्रिका पासवान उपस्थित रहे। उपमुखिया ने बच्चों को नियमित रूप से पूर्ण गणवेश में विद्यालय आने तथा मन लगाकर पढ़ाई करने की सलाह दी। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्षा रानी चंचला देवी, संयोजिका ललिता देवी, सेवानिवृत्त शिक्षक विनोद ठाकुर, राधेश्याम पासवान, ममता कुमारी सहित अन्य अभिभावक मौजूद थे।

## फरार आरोपी के घर गाजीपुर में चस्पा किया गया इस्तेहार

**कांडी।** थाना पुलिस ने एक फरार आरोपी के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले में उसके घर पर न्यायालय द्वारा जारी इस्तेहार चस्पा किया। कांडी थाना कांड संख्या 73/25 के अप्राथमिकी अभियुक्त पहलवान उर्फ आनंद दुबे उर्फ नन्हू, पिता स्व. शिव प्रसाद दुबे, निवासी अलीपुर बरगावां, थाना नंदगंज, जिला गाजीपुर (उत्तर प्रदेश) लंबे समय से फरार चल रहा है। उस पर हत्या, आर्म्स एक्ट एवं एससी-एसटी एक्ट से संबंधित गंभीर आरोप दर्ज हैं। एसआई रौशन राम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने स्थानीय पुलिस की उपस्थिति में आरोपी के घर पर मुनादी कर कानूनी नोटिस चस्पा किया। पुलिस ने स्पष्ट किया कि निर्धारित समय सीमा में आत्मसमर्पण नहीं करने पर न्यायालय के आदेशानुसार कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

## केतार प्रखंड में डीलरों की कार्यशाला समस्याओं के समाधान का आश्वासन



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अविनाश कुमार की अध्यक्षता में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें प्रखंड के सभी जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) डीलरों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत में पदाधिकारी ने सभी डीलरों से परिचय प्राप्त किया। डीलरों ने उनका स्वागत गुलदस्ता एवं अंगवस्त्र भेंट कर किया। कार्यशाला में डीलरों ने समय पर राशन आपूर्ति नहीं होने, वितरण में हो रही कठिनाइयों तथा लंबित कमीशन भुगतान की समस्याएं रखीं। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए समाधान का भरोसा दिया। उन्होंने डीलरों को समय पर ई-केवाईसी पूर्ण करने तथा राशन उठाव कर निर्धारित समय पर वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मौके पर गोदाम प्रबंधक सिदेश्वर नाथ सिंह, प्रभु नारायण गुप्ता, विक्रमा सिंह, प्रमोद कुमार, नागेंद्र ठाकुर, सुरेश राम, धर्मेंद्र सिंह, चंदन पासवान, रवि राम, रामप्रवेश राम, चंद्रदेव बैठा, विरेन्द्र राम, मेराजुद्दीन अंसारी, साकिर अंसारी, कंप्यूटर ऑपरेटर दुर्गेश कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## 81 विधानसभा क्षेत्र के प्रखंडों में खेल मैदान की कमी का मामला सदन में उठा

**नवीन मेल संवाददाता**



**रमना।** 81 विधानसभा क्षेत्र भवनाथपुर के विभिन्न प्रखंडों में खेल मैदान की कमी का मुद्दा विधानसभा सत्र में उठाया गया। विधायक अनंत प्रताप देव ने सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि क्षेत्र के अधिकांश पंचायतों में समुचित खेल मैदान नहीं है, जिससे ग्रामीण प्रतिभाएं प्रभावित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि खेल मैदान के अभाव में गांवों के बच्चों को उचित खेल सुविधा नहीं मिल पा रही है। गर्मी के मौसम में बच्चे सूखे नदी-नालों में खेलकूद करते हैं, जबकि बरसात के बाद यह भी संभव नहीं हो पाता। खेल संसाधनों के अभाव में युवाओं को सड़क पर दौड़ का अभ्यास करना पड़ता है, जो असुरक्षित है और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। विधायक ने कहा कि खेल मैदान नहीं होने से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों की प्रतिभा कुंठित हो रही है तथा वे शारीरिक दक्षता और प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं की तैयारी में भी पिछड़ रहे हैं। उन्होंने रमना, सगमा, धुरकी, केतार, रारो, डंडई, भवनाथपुर, खरौंधी, बिशनपुर एवं बंशीधर नगर प्रखंडों में खेल मैदान निर्माण की मांग की। इस संबंध में जानकारी विधायक प्रतिनिधि रोहित वर्मा ने दी।

## जनसुनवाई में उपायुक्त ने सुनी आमजनों की समस्याएं

# अधिकारियों को भौतिक सत्यापन कर त्वरित समाधान सुनिश्चित करने को निर्देश : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता**




**गढ़वा।** समाहरणालय सभागार में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी दिनेश यादव ने जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने प्रत्येक आवेदन पर संबंधित विभागों को समयबद्ध एवं निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जनसुनवाई में राशन कार्ड, धान अधिप्राप्ति, पेंशन, भूमि विवाद, अवैध कब्जा, आवास, मुआवजा, अतिक्रमण, रोजगार सृजन, योजनाओं का लाभ एवं बकाया मजदूरी भुगतान जैसे मामले सामने आए। उपायुक्त ने अधिकारियों को भौतिक सत्यापन कर त्वरित समाधान सुनिश्चित करने को कहा। बरगड़ प्रखंड के उगरा निवासी राम सकल साव ने भूमि की ऑनलाइन रसीद निर्गत नहीं होने की शिकायत की, जिस पर जांच के निर्देश दिए गए। भवनाथपुर के मकड़ी पैक्स अध्यक्ष देवेंद्र कुमार यादव ने धान अधिप्राप्ति केंद्र संचालन की अनुमति मांगी। मेराल प्रखंड के अमरेश पाल ने धान खरीद में अनियमितता और एसएमएस निर्गत नहीं होने की शिकायत की। वहीं छतरपुर निवासी वकील अंसारी ने बकाया मजदूरी भुगतान की मांग की। सभी मामलों में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने कहा कि आमजनों की समस्याओं का समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है और तय समय-सीमा में निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा।


झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,
जिला नियोजन कार्यालय, लातेहार

सुनहरा अवसर।। रोजगार आपके द्वार ।।सुनहरा अवसर
भर्ती कैम्प –सह– निबंधन कैम्प

झारखण्ड राज्य के बेरोजगार युवक/युवतियों की निजी क्षेत्र के कम्पनियों/प्रतिश्ठानों/संस्थानों में रोजगार के सुनहरे अवसर प्रदान करने हेतु जिला नियोजन कार्यालय, लातेहार के द्वारा **भर्ती कैम्प –सह– निबंधन कैम्प** का आयोजन दिनांक : **28.02.2026 दिन– शनिवार को पूर्वाह्न 10:30 बजे से 4:00 बजे अपराह्न** तक जिला खेल स्टेडियम, लातेहार परिसर में आयोजित किया जा रहा है।

इन **भर्ती कैम्प –सह– निबंधन कैम्प** में कम्पनियों/प्रतिश्ठानों/संस्थानों से विभिन्न पदों हेतु रिक्तियाँ प्राप्त हो रही हैं। अन्य कम्पनियों/प्रतिश्ठानों/संस्थानों से लगातार सम्पर्क स्थापित की जा रही है, ताकि ज्यादा से ज्यादा विभिन्न पदों हेतु रिक्तियाँ प्राप्त हो, जिससे युवक/युवतियों को ज्यादा से ज्यादा रोजगार पाने का अवसर प्रदान किया जा सके। इन **भर्ती कैम्प –सह– निबंधन कैम्प** में भाग लेने हेतु निम्न दस्तावेजों की आवश्यकता होगी :–

**1.झारखण्ड राज्य के किसी भी नियोजनालय में निबंधित नियोजन कार्ड।**
**2.शैक्षणिक योग्यता से संबंधित कागजातों की छाया प्रति।**
**3.2 कॉपी फोटो 4. आधार कार्ड की छाया प्रति 5. स्थानीय निवास प्रमाण पत्र**
**6. जाति प्रमाण पत्र की छाया प्रति 7. बायोडाटा की दो कॉपी**

**इच्छुक उम्मीदवार उपरोक्त दस्तावेजों के बिना भाग नहीं ले सकते हैं। जो अपना निबंधन नियोजनालय में नहीं कराये हैं, वे अपना निबंधन ऑनलाईन विभाग के अधिकृत वेबसाईट** https://jharniyojan.jharkhand.gov.in **पर स्वयं कर सकते हैं या उक्त तिथि को उपस्थित होकर अपना निबंधन करा लें।**

लातेहार जिला के तमाम युवक/युवतियों से अपील है कि वे इन एक दिवसीय **भर्ती कैम्प –सह– निबंधन कैम्प** में भाग ले एवं अपनी योग्यता/इच्छानुरूप रोजगार पा कर अपने भविश्य को स्वर्णिम बनायें साथ ही जिनका जिला नियोजनालय में निबंधन नहीं है वे अपना निबंधन करा लें।

नोट : विशेष जानकारी के लिए जिला नियोजन कार्यालय, लातेहार से सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं/https://latehar.nic.in पर भी देख सकते हैं।

| क्र0 | भर्ती कैम्प –सह– निबंधन कैम्प आयोजन की तिथि | समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | दिनांक : 28.02.2026 दिन– शनिवार | पूर्वाह्न 10:30 बजे से 4:00 बजे अपराह्न तक | जिला खेल स्टेडियम, लातेहार परिसर |

।। आपके उज्जवल भविष्य के शुभ कामानाओं के साथ ।।

निवेदक,
जिला नियोजन पदाधिकारी,
लातेहार

PR 373548 (Labour Employment and Traning)25-26*D




पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार

–: कोर्ट नोटिस :–

महुआडॉड़ (महिला) थाना काण्ड संख्या 01/2026, दिनांक 02.01.2026, धारा 96/64/ 351(2) BNS एवं 4/6 POCSO Act. के प्राथमिकी अभियुक्त ललित किण्डो, उम्र करीब 30 वर्ष, पिता विलियम किण्डो, ग्राम बराही, थाना नेतरहाट, जिला लातेहार के विरूध माननीय स्पेशल पोक्सो न्यायालय लातेहार के आदेशानुसार निर्गत इश्तिहार का विधिवत तामिला किया गया है। आपको सूचित किया जाता है कि इश्तिहार निर्गत की तिथि से 30 दिनों के अन्दर तक माननीय उक्त न्यायालय में आत्म समर्पण करे अन्यथा आपके विरूद्व अग्रीम कार्रवाई की जाएगी।

| क्रम | अभियुक्त का नाम एवं पता |
|---|---|
| 1. | किण्डो, उम्र करीब 30 वर्ष, पिता विलियम किण्डो, ग्राम बराही, थाना नेतरहाट, जिला लातेहार। |


Schedule XLIII - High Court (M) 31C, [Old Criminal Process No. 4]
PROCLAMATION REQUIRING THE APPEARANCE OF A PERSON ACCUSED
एक मफरूर शख्स को हाजिर करने का इश्तिहार।

PR 373529
Police(25-26).D

ह0/–
पुलिस अधीक्षक,लातेहार

• POLICE HELPLINE (EMERGENCY DIAL)-112 • CHILD HELPLINE-1098 • WOMEN HELPLINE-1091
• DOMESTIC ABUSE HELPLINE-181 • CYBER CRIME HELPLINE-1930 • AMBULANCE SERVICE-108



कार्यालयः–असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू।
(जिला स्वास्थ्य समिति, पलामू)
Email :- Civilsurgeonpalamu@gmail.com

महत्वपूर्ण सूचना

निजी अस्पताल,नसिंग होम,क्लिनिक, डायग्नोस्टिक सेंटर आदि का रजिस्ट्रेशन।

आवश्यक! आवश्यक!! आवश्यक!!!

1. कोई व्यक्ति/संस्थान बिना पंजीकरण के अस्पताल,नसिंग होम, क्लिनिक, डायग्नोस्टिक सेंटर, एक्स रे संस्थान आदि क्लिनिकल स्टैबलिसमेंट(रजिस्ट्रेशन एवं रेगुलेशन) एक्ट 2010 की धारा 11 के अन्तर्गत संचालित नहीं कर सकता है।
2. अनिबंधित निजी अस्पताल,नसिंग होम, क्लिनिक, डायग्नोस्टिक सेंटर,एक्स–रे संस्थान द्वारा चिकित्सीय सेवा उपलब्ध कराये जाने पर धारा 41(1) के तहत आर्थिक दण्ड का प्रावधान है।
क) प्रथम बार– रू0 50,000/ तक ख) द्वितीय बार–रू0 2,00,000/ तक ग) उत्तरवर्ती–रू0 5,00,000/ तक
3. सभी पंजीकृत निजी चिकित्सीय संस्थानों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम से संबंधित आंकड़े झारखण्ड राज्य क्लिनिकल स्टैबलिसमेंट(रजिस्ट्रेशन एवं रेगुलेशन) रूल्स, 2013 के नियम 10–3(a) के तहत सूचना जिला निबंधन प्राधिकरण को देना अनिवार्य है।

पलामू जिला अन्तर्गत संचालित सभी चिकित्सीय प्रतिष्ठानो को सूचित किया जाता है कि 15 मार्च 2026 तक अपने अनिबंधित संस्थानों का पंजीकरण एवं पंजीकृत संस्थानो का नवीकरण करावा लें। उसके बाद जिला स्तरीय समिति द्वारा जॉच के दौरान अनिबंधित प्रतिष्ठान पाये जाने पर उपरोक्त वर्णित प्रावधानों के अन्तर्गत कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

रजिस्ट्रेशन हेतु असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,पलामू भूतल में अवस्थित **जिला डाटा प्रबंधक,पलामू** के कार्यालय में संपर्क की जा सकती है।

ह0/–
असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,पलामू।

PR 373525 (District) 25-26 (D)

# विमान हादसे ने दो मासूमों के सिर से छीन लिया माता-पिता का साया

## एयर एंबुलेंस हादसे में चंदवा निवासी संजय कुमार, पत्नी अर्चना देवी व भांजा ध्रुव कुमार की मौत

नवीन मेल संवाददाता



**चंदवा।** एयर एंबुलेंस हादसे ने चंदवा सहित पूरे क्षेत्र को गहरे शोक में डुबो दिया है। इस दुर्घटना में चंदवा निवासी संजय कुमार, उनकी पत्नी अर्चना देवी और भांजा ध्रुव कुमार की मौत हो गई। एक ही परिवार के तीन सदस्यों की असमय मौत से घर में मातम पसरा है। पीछे दो बेटे सुभम कुमार (17) और शिवम कुमार (13) रह गए हैं, जिनके सिर से माता-पिता का साया उठ गया। दोनों बच्चे स्थानीय ग्रीन फील्ड एकेडमी के छात्र हैं। सुभम इन दिनों मैट्रिक परीक्षा दे रहा है। परीक्षा के बीच आई इस खबर से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजन और आसपास के लोग बच्चों को ढांढस बंधाने में जुटे हैं। परिजनों के अनुसार संजय कुमार रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर बकोरिया में ढाबा चलाते थे। 16 फरवरी को शॉर्ट सर्किट से ढाबे में आग लगने से वे गंभीर रूप से झुलस गए थे। रांची के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। बेहतर उपचार के लिए 23 फरवरी की शाम एयर एंबुलेंस से दिल्ली ले जाया जा रहा था, तभी चतरा जिले के करमाटांड जंगल में विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। संजय कुमार मूल रूप से चंदवा के रखात गांव के निवासी थे। वर्ष 2004 में नक्सली घटना में उनके पिता की हत्या हो गई थी, जिसके बाद परिवार चंदवा आकर बस गया। उनकी पत्नी अर्चना देवी चतरा जिले के बरैनी गांव की रहने वाली थीं और अपने माता-पिता की इकलौती संतान थीं। ध्रुव कुमार सिमडेगा जिले के टेसरा गांव का निवासी था और वह भी अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था। हादसे में पायलट कैप्टन विवेक विकास भगत, जो लातेहार जिले के लूंडी-कुंदरी के निवासी थे, तथा डॉ. विकास कुमार गुप्ता की भी मौत हो गई। डॉ. गुप्ता पूर्व में चंदवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सेवा दे चुके थे।

### प्रजापति कुम्हार समाज की बैठक संपन्न, ग्राम स्तरीय समिति का गठन

**चंदवा।** प्रखंड के जमीरा पंचायत अंतर्गत रक्सी गांव के भोलाटोली में मंगलवार को कुम्हार समाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। वरिष्ठ सदस्यों की अध्यक्षता में समाज की एकता, संगठन की मजबूती और सामाजिक सहयोग पर चर्चा की गई। बैठक में कई प्रस्ताव पारित किए गए। निर्णय लिया गया कि समाज के लोग आपसी भाईचारा बनाए रखेंगे तथा सुख-दुख में एक-दूसरे का सहयोग करेंगे। अनुपस्थित सदस्यों से स्पष्टीकरण लेने का भी निर्णय हुआ। सामाजिक कार्यक्रमों के लिए प्रत्येक घर से 200 रुपये सहयोग राशि तय की गई। वर्ष 2026 के लिए ग्राम स्तरीय समिति का गठन किया गया। अध्यक्ष बबलू प्रजापति, सचिव धीरज प्रजापति, कोषाध्यक्ष संदीप प्रजापति चुने गए।

## जिला अनाबद्ध निधि योजनाओं में तेजी लाने का निर्देश




नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला अनाबद्ध निधि से संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में स्वीकृत राशि, व्यय विवरण और भौतिक प्रगति की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंताओं को निर्देश दिया कि योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा किया जाए। लंबित योजनाओं में तेजी लाने और नियमित प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को कहा गया। उन्होंने कहा कि जिला अनाबद्ध निधि का उद्देश्य स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप त्वरित विकास कार्यों को गति देना है, इसलिए पारदर्शिता और गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए।

## न्यूज बॉक्स

### जमीन विवाद में दो घरों में आग लगाने का आरोप, थाने में आवेदन

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव में दो घरों में आग लगने का मामला सामने आया है। संगीता देवी (पति मंगलदेव उरांव) और पुनीता देवी (पति महेंद्र सिंह) ने गांव के चार लोगों पर आग लगाने का आरोप लगाते हुए थाना में आवेदन दिया है। आवेदन के अनुसार 23-24 फरवरी की रात करीब दो बजे घर में आग लग गई। शोर मचाने पर परिवार के लोग बाहर निकले और आग बुझाने का प्रयास किया। पीड़ितों का आरोप है कि उन्होंने सुरज यादव, दयाशंकर यादव, सकलदीप यादव और गणेश यादव को घटनास्थल से भागते देखा। बताया गया कि आरोपितों के साथ जमीन संबंधी विवाद पूर्व से चल रहा है। इस घटना में करीब तीन लाख रुपये की संपत्ति क्षतिग्रस्त होने की बात कही गई है। थाना प्रभारी प्रमोद सिन्हा ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है और मामले की जांच की जा रही है।

### बारियातू में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुई माता शबरी पूजा

**बारियातू।** अखिल भारतीय भुइया कल्याण समिति के प्रखंड अध्यक्ष विजय भुइया के नेतृत्व में माता शबरी की पूजा उत्साहपूर्वक संपन्न हुई। कार्यक्रम का संचालन संटू भुइयां और दिनेश भुइयां ने किया। मूर्ति स्थापना के साथ विधिवत पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम में समाज में नशा उन्मूलन, बाल विवाह रोकथाम और शिक्षा पर विशेष जोर दिया गया। समिति के सदस्यों ने कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक जागरूकता और एकता को मजबूत करने का माध्यम हैं। इस अवसर पर लक्ष्मण भुइयां, विकास भुइयां, कांति देवी, संतोष भुइयां, रमेश भुइयां, सुरेश, जितेंद्र, बनारसी, बंगाली, नितेश, करण, दिनेश, रूनी, सुधन सहित कई लोग मौजूद थे।

### कलश यात्रा के साथ पंचमुखी हनुमान मंदिर का 10वां वार्षिक उत्सव प्रारंभ

**लातेहार।** रेलवे स्टेशन रोड स्थित शिव परिवार सह पंचमुखी हनुमान मंदिर का 10वां वार्षिक उत्सव मंगलवार को कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ। पूजा-अर्चना के बाद कलश यात्रा मंदिर परिसर से विभिन्न मार्गों से होते हुए औरंगा नदी तट पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जल भरकर पुनः मंदिर लाई गई। मंदिर समिति के अध्यक्ष चंद्रेश्वर प्रसाद ने बताया कि 25 फरवरी को वेदी पूजन और पाठ होगा, जबकि 26 फरवरी को नौ कन्या पूजन के बाद भंडारा और महाप्रसाद वितरण किया जाएगा। उन्होंने नगरवासियों से कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की। कार्यक्रम में समिति के पदाधिकारी और श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### नगर परिषद चुनावः कड़ी सुरक्षा के बीच वज्रगृह में जमा हुईं मतपेटिकाएं

**चतरा।** नगर परिषद आम निर्वाचन के तहत मतदान समाप्ति के बाद सभी मतदान दलों ने निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार मतपेटिकाओं को सीलबंद कर अन्य निर्वाचन अभिलेखों के साथ चतरा कॉलेज स्थित प्राप्ति केंद्र सह वज्रगृह में जमा कराया। देर रात तक चली इस प्रक्रिया के दौरान सीलों की सावधानीपूर्वक जांच की गई तथा अभिलेखों का मिलान किया गया। सभी औपचारिकताएं पूर्ण होने के बाद मतपेटिकाओं को सुरक्षित रूप से वज्रगृह में संरक्षित कर दिया गया।वज्रगृह परिसर में दंडाधिकारी और पुलिस बल की तैनाती की गई है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कीर्ति श्री एवं पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल स्वयं उपस्थित रहकर पूरी प्रक्रिया की निगरानी करते रहे। मतगणना तक सुरक्षा व्यवस्था यथावत रहेगी।

### भुइयां समाज ने धूमधाम से मनाई माता शबरी जयंती

**लातेहार।** जिला मुख्यालय के अम्वाटीकर (पहाड़पुरी) मोहल्ले में माता शबरी जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में प्रदीप पांडेय के सानिध्य में विधिवत पूजा संपन्न हुई। तुफानी भुइयां ने सपत्नीक पूजा में भाग लेकर माता शबरी की आराधना की।

## एयर एंबुलेंस क्रैश में मृतकों के प्रति विभिन्न राजनीतिक दलों ने जताई संवेदना

नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** रांची से दिल्ली जा रहा एक एयर एंबुलेंस विमान चतरा जिले के सिमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत कासियातु के करमटांड जंगल में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में विमान में सवार दो पायलट सहित सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार एयर एंबुलेंस रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए रवाना हुआ था। उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही विमान का संपर्क टूट गया। बाद में करमटांड जंगल क्षेत्र में उसके क्रैश होने की सूचना मिली। ग्रामीणों ने जंगल में धुआं उठता देखा और प्रशासन को सूचना दी। एयरपोर्ट अथॉरिटी के अनुसार विमान में कैप्टन विवेक विकास भगत, कैप्टन सवराजदीप सिंह, मरीज संजय कुमार, उनकी पत्नी अर्चना देवी, भांजा ध्रुव कुमार, डॉ. विकास कुमार गुप्ता तथा पैरामेडिकल स्टाफ सचिन कुमार मिश्रा सवार थे। घटना पर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया है। जनप्रतिनिधियों ने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए उचित मुआवजा और हादसे की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। शोक व्यक्त करने वालों में सांसद कालीचरण सिंह, विधायक प्रकाश राम, महेंद्र साहू, अमित गुप्ता, आशीष सिंह, अश्विनी मिश्रा, प्रमोद साहू, मो. अब्दाल, मो. शमशाद, हाजी फिरोज अहमद, जतरु मुंडा, संगीता लकड़ा, नीलम देवी, विजय दुबे, आदर्श रवि राज, दीपक निषाद, दीपु कुमार सिन्हा, अंकित कुमार गोलू, डॉ. शम्स रजा, राधेश्याम साव, मनोज पाठक, रामप्रसाद साव, मनोज चौधरी, इस्तियाक खान, शीतमोहन मुंडा, रंजीत उरांव, शमशेर खान, नौशाद अंसारी, अंकित तिवारी, मो. सरफराज, धनु खान, ब्रह्मदेव प्रजापति, डब्ल्यू प्रजापति, असगर खान, निर्मल भारती, सुधीर प्रसाद, अयूब खान, बाबर खान, रामप्रवेश यादव सहित कई लोग शामिल हैं।

### अनुसेविका का शव कुएं से बरामद, पुलिस जांच में जुटी

**बालूमाथ (लातेहार)।** बालूमाथ प्रखंड कार्यालय में कार्यरत अनुसेविका रानी देवी का शव मंगलवार सुबह घर के समीप स्थित कुएं से संदिग्ध अवस्था में बरामद किया गया। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार रानी देवी सोमवार शाम मायके से एक शादी समारोह में शामिल होकर नगड़ा स्थित अपने घर लौटी थीं। रात में वह बच्चों के साथ सो गईं। मंगलवार सुबह बच्चे जब उठे तो मां को नहीं देखा। परिजनों द्वारा खोजबीन के दौरान घर के पास स्थित कुएं में उनका शव तैरता मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया।

### वज्रपात से चार मवेशियों की मौत, किसानों को भारी नुकसान

**बारियातू।** प्रखंड की बालुभांग पंचायत अंतर्गत गुरुवे गांव में मंगलवार रात करीब 7:20 बजे अचानक मौसम बदलने के बाद हुए वज्रपात से चार मवेशियों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बीजु गंझु का एक गाय और एक बैल तथा दिलचंद गंझु के दो बैल घर से लगभग सौ मीटर दूर मचान के पास बंधे थे। बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से चारों मवेशियों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर मुखिया केदार गंझु मौके पर पहुंचे और पीड़ित किसानों को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। घटना में दोनों किसानों को लगभग एक लाख रुपये का नुकसान हुआ है। पीड़ितों ने प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है।


NETARHAT AAWASIYA VIDYALAYA NETARHAT
P.O- NETARHAT, DISTRICT- LATEHAR
(Under School Education & Literacy Department, Govt. of Jharkhand)

Tender Inviting Notice

Enquiry No- 65 Dated- 21.02.2026

Sealed tenders are invited for Netarhat Aawasiya Vidyalaya, Netarhat from reputed parties/firms/Company/contractors for renovation of Staff Quarter B type at Netarhat Aawasiya Vidyalaya.

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Tender | Renovation of Staff Quarter B type one unit at Netarhat Aawasiya Vidyalaya, Netarhat. |
| 2. | Scope of Work | Renovation of Staff Quarter B type one unit at Netarhat Aawasiya Vidyalaya, Netarhat. |
| 3. | Technically Sanctioned By | Executive Engineer, Building Construction Department, Latehar |
| 4. | Technical Sanctioned Date | 10.03.2023 |
| 5. | Name and Address of the Office Inviting Tender | Principal, Netarhat Aawasiya Vidyalaya, Netarhat, P.O - Netarhat, Dist- Latehar. |
| 6. | Date of Publication of Tender on Website | 21.02.2026 at 03.00 P. M. |
| 7. | Last Date and Time for submission of Bids | 09.03.2026 at 11.30 A. M |
| 8. | Date of Opening of the Tender | 09.03.2026 at 01.30 P.M. (Technical Bid)<br>10.03.2026 at 11.30 A.M. (Financial Bid) |

Complete details can be seen on our school's website www.netarhatvidyalaya.com

Sd/-, Principal
Netarhat Aawasiya Vidyalaya, Netarhat

PR 373539 Human Resource Developement(25-26)#D


### सिकनी में माता शबरी जयंती सह भुइयां मिलन समारोह आयोजित

**चंदवा।** सिकनी स्थित फुटबॉल मैदान में मंगलवार को अखिल भारतीय भुइयां कल्याण समिति के तत्वावधान में माता शबरी जयंती सह भुइयां मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व चंदवा पश्चिमी जिला परिषद सदस्य सरोज देवी ने किया। समारोह में पूर्व पलामू सांसद प्रत्याशी ममता भुइयां, लातेहार जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, मुखिया फुलजेंसिया टोप्पो, अनीता भगत, पुष्पा देवी, रोबेन उरांव, रमेश उरांव, अनीता देवी, अवधेश यादव सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजन-अर्चन से हुई। अतिथियों को शॉल और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया।

## स्कूल में पांच दिवसीय योग शिविर संपन्न, प्राणायाम व ध्यान का प्रशिक्षण देकर स्वस्थ जीवनशैली का संदेश

नवीन मेल संवाददाता



**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित सिल्वर स्प्रिंग चिल्ड्रेन स्कूल में आयोजित पांच दिवसीय नवचेतना शिविर के अंतर्गत योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन मंगलवार को हुआ। समापन अवसर पर विद्यालय परिसर में उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा का वातावरण देखने को मिला। शिविर में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को योग के महत्व से अवगत कराते हुए संतुलित, अनुशासित और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। योगाचार्य महेंद्र कुमार दांगी ने प्रतिभागियों को प्राणायाम, ध्यान, भस्त्रिका तथा विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से शारीरिक स्वास्थ्य सुदृढ़ होता है और मानसिक तनाव, चिंता तथा अवसाद जैसी समस्याओं से भी राहत मिलती है। विद्यार्थियों को प्रतिदिन कुछ समय योग और ध्यान के लिए निकालने की सलाह दी गई, ताकि वे पढ़ाई के साथ मानसिक रूप से भी मजबूत बन सकें। विद्यालय प्रबंधन ने योगाचार्य का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। कार्यक्रम स्वस्थ जीवन के संदेश के साथ संपन्न हुआ।


पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

आवश्यक सूचना

(लापता सकेन्द्र उरॉव उम्र– 40 वर्ष)



खरौंधी थाना कांड सं0–11/26, दि0–06.02.2026 में लापता सकेन्द्र उरॉव, उम्र–40 वर्ष, पिता–श्रवण उरॉव, ग्राम–सुण्डी, टोला–परसवान, थाना–खरौंधी, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के रहने वाले हैं। थाना से प्राप्त आवेदन में आवेदिका आशा देवी के द्वारा उल्लेख किया गया है कि इनके पती सकेन्द्र उरॉव दिनांक–22.01.26 को खरौंधी सुवर बाजार से समय 18:30 बजे से गायब है, जो अबतक घर वापस नहीं आये हैं। उक्त लापता सकेन्द्र उरॉव का काफी खोजबीन किया गया, परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता व्यक्ति कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।


लापता का विवरण/हुलिया :–
नाम–सकेन्द्र उरॉव, रंग–सॉवला, उंचाई–05फीट 05 इंच,
गठन–समान्य, चेहरा–गोल, पहनावा–सफेद टी शर्ट एवं
काला कोट, सफेद जिंस, तथा भुरा जुता।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा

PR 373527 Police (25-26)_D


## भीषण सड़क हादसा टला, सड़क किनारे खड़ी खराब हाईवा में सीमेंट लदा ट्रक घुसा, चालक फरार

नवीन मेल संवाददाता



**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। सलिमपुर के आगे और नूनीगढ़ा से लगभग सौ मीटर पहले सड़क किनारे खराब होकर खड़ी हाईवा में पीछे से आ रहे सीमेंट लदे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। जानकारी के अनुसार हाईवा तकनीकी खराबी के कारण सड़क किनारे खड़ी थी। चालक कीसुन महतो वाहन में ही विश्राम कर रहे थे। इसी दौरान हजारीबाग से सीमेंट लेकर चतरा की ओर जा रहा ट्रक अनियंत्रित होकर खड़ी हाईवा से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि हाईवा का पिछला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन को बीच सड़क पर छोड़कर फरार हो गया। कुछ

### प्रवासी श्रमिक की इलाज के दौरान मृत्यु

**हंटरगंज (चतरा)।** हंटरगंज प्रखंड के तिलहेत गांव निवासी प्रवासी मजदूर जगदेव यादव (50 वर्ष) की मंगलवार अहले सुबह इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। वे कोलकाता में दिहाड़ी मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। जानकारी के अनुसार कार्य के दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। सहकर्मियों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया और परिजनों को सूचना दी।

### जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में जीपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित

## क्रिकेट प्रतियोगिता में पैंथर एलेवन और विकास ट्रेडर्स की शानदार जीत

नवीन मेल संवाददाता



**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित जीपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत मंगलवार को दो रोमांचक मुकाबले खेले गए। खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से दर्शकों में उत्साह बना रहा। पहला मुकाबला पैंथर एलेवन और सिंदुवारी फाइटर के बीच खेला गया। सिक्का उछाल जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पैंथर एलेवन ने 11.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 152 रन बनाए। संजीत गुप्ता ने मात्र 22 गेंदों में 78 रन बनाकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। सिंदुवारी फाइटर की ओर से अरविंद आलोक और सूरज ने तीन-तीन विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए सिंदुवारी फाइटर की टीम 10 ओवर में 134 रन पर सिमट गई। पैंथर एलेवन के मनीष ने चार विकेट लेकर टीम की जीत सुनिश्चित की। इस प्रकार पैंथर एलेवन ने 18 रन से मुकाबला जीत लिया। दूसरे मुकाबले में विकास ट्रेडर्स और सेठी ब्रदर्स आमने-सामने थे। पहले बल्लेबाजी करते हुए विकास ट्रेडर्स ने 12 ओवर में 150 रन बनाए। गणेश सिंह ने 14 गेंदों में 56 रन की तेज पारी खेली। जवाब में सेठी ब्रदर्स की टीम 9.4 ओवर में 70 रन पर सिमट गई। विकास ट्रेडर्स ने 80 रन से मुकाबला अपने नाम किया। दोनों मुकाबलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए संजीत गुप्ता और गणेश सिंह को "मुकाबले का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी" घोषित किया गया। आयोजन समिति के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।


NETARHAT AAWASIYA VIDYALAYA NETARHAT
P.O- NETARHAT, DISTRICT- LATEHAR
(Under School Education & Literacy Department, Govt. of Jharkhand)

Tender Inviting Notice

Enquiry No- 66 Dated- 21.02.2026

Sealed tenders are invited for Netarhat Aawasiya Vidyalaya, Netarhat from reputed parties/firms/Company/contractors for renovation of staff quarter C type one block two units at Netarhat Aawasiya Vidyalaya.

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Tender | Renovation of staff Quarter C type one block two units at Netarhat Aawasiya Vidyalaya, Netarhat. |
| 2. | Scope of Work | Renovation of staff Quarter C type one block two units at Netarhat Aawasiya Vidyalaya, Netarhat. |
| 3. | Technically Sanctioned By | Executive Engineer, Building Construction Department, BCD, Latehar |
| 4. | Technical Sanctioned Date | 10.03.2023 |
| 5. | Name and Address of the Office Inviting Tender | Principal, Netarhat Aawasiya Vidyalaya, Netarhat, P.O- Netarhat, Dist- Latehar. |
| 6. | Date of Publication of Tender on Website | 21.02.2026 at 03.00 P. M. |
| 7. | Last Date and Time for submission of Bids | 09.03.2026 at 11.30 A. M |
| 8. | Date of Opening of the Tender | 09.03.2026 at 01.30 P.M. (Technical Bid)<br>10.03.2026 at 11.30 A.M. (Financial Bid) |

Complete details can be seen on our school's website www.netarhatvidyalaya.com

Sd/- Principal
Netarhat Aawasiya Vidyalaya Netarhat

PR 373541 (Human Resource Developement)25-26*D



NETARHAT AAWASIYA VIDYALAYA NETARHAT
P.O- NETARHAT, DISTRICT- LATEHAR
(Under School Education & Literacy Department, Govt. of Jharkhand)

Tender Inviting Notice

Enquiry No- 67 Dated- 21.02.2026

Sealed tenders are invited for Netarhat Aawasiya Vidyalaya, Netarhat from reputed parties/firms/Company/contractors for renovation of Vice- Principal's quarter (4 units) at Netarhat Aawasiya Vidyalaya.

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Tender | Renovation of Vice Principal's Quarter (4 units) at Netarhat Aawasiya Vidyalaya, Netarhat. |
| 2. | Scope of Work | Renovation of Vice Principal's Quarter (4 units) at Netarhat Aawasiya Vidyalaya, Netarhat. |
| 3. | Technically Sanctioned By | Civil Work Manager, JEPC, Ranchi |
| 4. | Technical Sanctioned Date | 21.01.2025 |
| 5. | Name and Address of the Office Inviting Tender | Principal, Netarhat Aawasiya Vidyalaya, Netarhat, P.O- Netarhat, Dist- Latehar. |
| 6. | Date of Publication of Tender on Website | 21.02.2026 at 03.00 P. M. |
| 7. | Last Date and Time for submission of Bids | 09.03.2026 at 11.30 A. M |
| 8. | Date of Opening of the Tender | 09.03.2026 at 01.30 P.M. (Technical Bid)<br>10.03.2026 at 11.30 A.M. (Financial Bid) |

Complete details can be seen on our school's website www.netarhatvidyalaya.com

Sd/-
Principal
Netarhat Aawasiya Vidyalaya Netarhat

PR.NO.373542 Human Resource Developement(25-26):D

# मैया तेरे लाल का दर्शन करा दो: शिव-कृष्ण मिलन के प्रसंग पर भावविभोर हुए श्रद्धालु

**नवीन मेल संवाददाता**







**सेन्हा (लोहरदगा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित दुर्गा मंदिर में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर भक्ति की अविरल धारा बह रही है। मंगलवार को कथा वाचन के दौरान सुप्रसिद्ध कथावाचक विष्णुचित्त महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव और महादेव के गोकुल आगमन का ऐसा सजीव चित्रण किया कि उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कथा प्रसंग सुनाते हुए महाराज जी ने बताया कि द्वापर युग में जब भगवान विष्णु ने कृष्ण रूप में अवतार लिया, तब स्वयं महादेव उनके बाल स्वरूप के दर्शन के लिए व्याकुल हो उठे। कैलाश त्याग कर भगवान शंकर एक साधु का भेष धरकर माता यशोदा के द्वार पहुंचे। उन्होंने ममतामयी मां से अनुनय-विनय करते हुए कहा-"मैया, तेरे लाल का, मेरे आराध्य का हमें भी तनिक दर्शन करा दो।" महाराज जी ने मार्मिक ढंग से बताया कि कैसे माता यशोदा, पूतना और अन्य राक्षसों के भय के कारण अपने लल्ला को दिखाने से हिचक रही थीं, लेकिन महादेव के हठ और अनन्य भक्ति के आगे अंततः उन्हें झुकना पड़ा। इस अलौकिक मिलन के प्रसंग को सुनकर पाण्डाल में मौजूद सैकड़ों भक्तों की आंखें नम हो गईं।

### श्रीमद्भागवतः ज्ञान और मुक्ति का मार्ग

विष्णुचित्त महाराज ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं से लेकर महाभारत के कुरुक्षेत्र में अर्जुन को दिए गए गीता के उपदेशों तक का विस्तृत वर्णन किया। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि महर्षि वेदव्यास रचित श्रीमद्भागवत कथा सभी शास्त्रों में सर्वश्रेष्ठ है, जो मनुष्य को सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है।

## थाना टोली में दिखा वोट का जुनून
## कॉलेज रोड के मतदाता रहे सुस्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** नगर परिषद चुनाव 2026 के संपन्न होने के बाद अब आंकड़ों की बारीकी से पड़ताल शुरू हो गई है। निर्वाचन क्षेत्र संख्या 1/1 से 23/2 तक के आंकड़ों का विश्लेषण बताता है कि इस बार नगर की सरकार चुनने में ग्रामीण और घनी आबादी वाले मोहल्लों ने पॉश इलाकों को पीछे छोड़ दिया है। आंकड़ों के अनुसार, अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों और थाना टोली के मतदाताओं में सबसे ज्यादा उत्साह देखा गया। आंगनवाड़ी केंद्र थाना टोली (12/2) में सर्वाधिक 83.89% मतदान हुआ। उर्दू मिडिल स्कूल थाना टोली (12/1) में 83.27% वोट गिरे। माइनॉरिटी हॉस्टल इद्गाह (11/1) में 80.76% मतदान दर्ज किया गया। इन क्षेत्रों में उच्च मतदान प्रतिशत इस बात का संकेत है कि यहाँ के मतदाता बदलाव या अपनी पसंद की सरकार बनाने के लिए पूरी तरह गोलबंद थे। हैरानी की बात यह रही कि कुछ मुख्य शहरी और शैक्षणिक संस्थानों वाले केंद्रों पर मतदान का प्रतिशत औसत से काफी नीचे रहा। लूथरन हाई स्कूल (पश्चिमी भाग) में सबसे कम 47.94% मतदान हुआ। बलदेव साहू कॉलेज (23/1) जैसे प्रतिष्ठित केंद्र पर मात्र 59.51% मतदाता ही पहुंचे। उर्सुलाइन कॉन्वेंट गर्ल्स हाई स्कूल (15/1) में भी मात्र 56.35% वोटिंग हुई। इस चुनाव की सबसे बड़ी तस्वीर महिला मतदाताओं की सक्रियता रही।

कुल 22,043 महिला मतदाताओं में से 14,900 ने वोट डाले। पुरुष मतदाताओं की संख्या 21,027 थी, जिनमें से 14,743 ही बूथ तक पहुंचे। महिलाओं का यह बढ़ता रुझान (67.59% के मुकाबले पुरुषों का 70.11% होने के बावजूद कुल संख्या में अधिक होना) चुनावी नतीजों को चौंकाने वाला बना सकता है। कुल 68.83% का मतदान यह बताता है कि लोहरदगा की जनता ने स्थानीय मुद्दों पर मुखर होकर अपनी राय दी है। जहाँ 80% से ऊपर मतदान हुआ है, वहाँ परिणाम 'तरफा' हो सकते हैं।

## आंकड़ों की बाजीगरी के बीच कराह रही जनता, नीरो की भूमिका में सरकार' : संजय

- **1,58,560 करोड़ रुपये के बजट को सिरे से खारिज करते हुए सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल**

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सदस्य संजय बर्म्मन ने राज्य सरकार द्वारा पेश किए गए 1 लाख 58 हजार 560 करोड़ के बजट को सिरे से खारिज करते हुए इसे 'जनता के साथ छलावा' करार दिया है। उन्होंने सरकार की कार्यप्रणाली पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि जब राज्य की बुनियादी व्यवस्थाएं दम तोड़ रही हैं, तब सरकार भारी-भरकम आंकड़ों का मायाजाल बुनकर अपनी पीठ थपथपा रही है। श्री बर्म्मन ने सरकार की तुलना ऐतिहासिक पात्र 'नीरो' से करते हुए कहा कि राज्य की जनता समस्याओं की आग में झुलस रही है और सत्तासीन लोग उत्सव मना रहे हैं।

उन्होंने कहा, "पिछले छह वर्षों से यह बजट एक नाटक की तरह चल रहा है। संविदा कर्मियों और बुजुर्ग पेंशनभोगियों को महीनों से भुगतान नहीं मिला है। 5 लाख नियुक्तियों का वादा केवल चुनावी नारा बनकर रह गया है।" चैंबर सदस्य ने सरकारी अस्पतालों की बदहाली पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आधुनिक उपकरणों, दवाओं और डॉक्टरों की कमी के कारण गरीब जनता सरकारी तंत्र से विमुख होकर निजी अस्पतालों के शोषण का शिकार होने को मजबूर है।

## आईपीएम प्रशिक्षण में किसान सीख रहे हैं उन्नत खेती करना

**लोहरदगा।** भारत सरकार के कृषि एवम किसान कल्याण मंत्रालय के एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र रांची के द्वारा लोहरदगा जिला के अंतर्गत टाटी ग्राम में 35 किसानों को प्रशिक्षण दिया जा रहा इस किसान खेत पाठशाला प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों को कीट व्याधियों के प्रबंधन के लिए आई .पी. एम. तकनीकी से कीटों का प्रबंधन करना सिखाया जा रहा है। साथ ही रासायनिक कीटनाशकों के विवेकपूर्ण उपयोग तथा इनसे होने वाले दुष्प्रभावों के विषय सीख रहे हैं।किसान काफ़ी उत्साह से प्रशिक्षण ले रहें है। टाटी ग्राम में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम डॉ. गीता एस,सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी के द्वारा संचालित किया जा रहा है।

## लोकतंत्र के उत्सव में दिखा उत्साह मतदाताओं ने बढ़-चढ़ कर डाले वोट

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा नगर परिषद क्षेत्र के लिए सोमवार, 23 फरवरी 2026 को मतदान की प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। जिला प्रशासन द्वारा जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, पूरे नगर परिषद क्षेत्र में कुल 68.83% मतदान दर्ज किया गया है। सुबह से ही मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी कतारें देखी गईं थी, जो लोकतंत्र के प्रति उनके अटूट विश्वास को दर्शाती हैं। जारी आंकड़ों के मुताबिक, नगर परिषद क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 43,070 थी, जिनमें से 29,643 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। पुरुष मतदाताः कुल 21,027 में से 14,743 पुरुषों ने मतदान किया। महिला मतदाताः कुल 22,043 में से 14,900 महिलाओं ने वोट डाले। विशेष बात यह रही कि पुरुषों की तुलना में महिला मतदाताओं की संख्या और सक्रियता अधिक दर्ज की गई। मतदान केंद्रों के विश्लेषण से पता चलता है कि विभिन्न वार्डों में मतदान का प्रतिशत अलग-अलग रहाः सर्वाधिक मतदानः आंगनवाड़ी केंद्र, थाना टोली (केंद्र संख्या 12/2) में सबसे अधिक 83.89% वोट पड़े। इसके बाद उर्दू मिडिल स्कूल, थाना टोली (83.27%) और नवारीपारा मिडिल स्कूल (81.32%) का स्थान रहा। तक सभी 46 केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम थे। जिला प्रशासन और पुलिस की मुस्तैदी के कारण कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। शाम को मतदान समाप्ति के बाद सभी मतपेटियों को सुरक्षित भेज दिया गया है।

## चुनाव प्रशासन, जनता और मतदानकर्मियों के सहयोग से शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न

**लोहरदगा।** नगर पर्षद चुनाव प्रशासन, जनता एवं मतदान हेतु नियुक्त मतदानकर्मियों के सहयोग से बहुत ही शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। इसी बीच लोहरदगा चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष रितेश कुमार ने अपनी बयान जारी करते हुए कहा कि इस बार नगर अध्यक्ष चुनाव में भाजपा समर्थित उम्मीदवार प्रारम्भ से सबसे ज्यादा चर्चा में रही तथा जनता की जुबान में अपने चुनाव क्रमांक संख्या एक की तरह सबसे ज्यादा लोकप्रियता प्राप्त किया और इस लोकप्रियता का निष्कर्ष यह रहा है कि भारी मतों के साथ अनिल 27 फरवरी को विजयी मुकुट पहनने वाले हैं।

## तेज रफ्तार कार ने स्कूली छात्रा को मारी टक्कर, चालक फरार

**गुमला।** गुमला-रांची नेशनल हाईवे पर खोरा गांव के समीप मंगलवार सुबह एक तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से स्कूली छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल छात्रा को इलाज के लिए सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार खोरा पतरा टोली निवासी सुरेंद्र उरांव की 13 वर्षीय पुत्री रितिका उरांव उर्सुलाइन कॉन्वेंट बालिका विद्यालय की सातवीं कक्षा की छात्रा है। मंगलवार सुबह करीब 10 बजे वह घर से स्कूल जाने के लिए निकली थी। इसी दौरान वह ऑटो पकड़ने के लिए नेशनल हाईवे पार कर रही थी।

## वादे धरातल पर उतार दिए जाएं, तो विकास दर को मिलेगी रफ्तार : रितेश

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** झारखंड सरकार के वित्त मंत्री द्वारा पेश किया गया चालू वित्त वर्ष का बजट विकास की एक बेहद चमकदार तस्वीर पेश करता है। ढांचेगत विकास , सुदृढ़ बिजली व्यवस्था और उद्योगों के लिए 'साझेदारी' का जो खाका खींचा गया है, वह उद्योग जगत के लिए सुखद संकेत हो सकता है। यदि इन वादों को अक्षरशः धरातल पर उतार दिया जाए, तो निःसंदेह झारखंड की विकास दर को नई रफ्तार मिलेगी। बजट में स्थानीय उद्योगपतियों के साथ मिलकर नए उद्योग स्थापित करने और मौजूदा उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। लोहरदगा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सदस्य संजय बर्म्मन के अनुसार, बजट कागजों पर बहुत आकर्षक है, लेकिन सवाल यह है कि क्या यह केवल लोक लुभावन घोषणाओं तक सीमित रह जाएगा? पूर्व का अनुभव बताता है कि घोषणाओं और हकीकत के बीच एक बड़ी खाई रही है। सबसे बड़ी चिंता बजट के आवंटन को लेकर है। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी 'मइया सम्मान योजना' जैसी प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (DBT) योजनाओं पर होने वाला भारी खर्च कहीं बुनियादी ढांचे के बजट को तो प्रभावित नहीं करेगा। क्या विकास के लिए आवंटित राशि पुनः लोक लुभावन योजनाओं की 'भेंट' चढ़ जाएगी। क्या बिजली और सड़कों जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों के लिए रखा गया कोष वास्तव में खर्च हो पाएगा, या साल के अंत में वित्तीय प्रबंधन केवल 'बैलेंस शीट' सुधारने तक सीमित रह जाएगा।

# अबुआ दिशोम बजट अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का बजट है: प्रकाश शर्मा

- **हेमंत सोरेन सरकार के 'अबुआ दिशोम बजट' को राज्य के सर्वांगीण विकास को गति देने वाला बताया**

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता जय प्रकाश शर्मा ने 2026- 2027 के बजट को बताया आम जन और गरीबों के लिए हितकारी। हेमंत सोरेन सरकार की ओर से पेश 'अबुआ दिशोम बजट' राज्य के सर्वांगीण विकास को गति देने वाला है। 1,58,560 रुपए सामाजिक सुरक्षा, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और रोजगार सृजन को आगे बढ़ाएंगे। ये बजट न केवल वित्तीय आवंटन है, बल्कि राज्य के आर्थिक कायाकल्प और अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का एक विस्तृत रोडमैप भी है। प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था, स्वास्थ्य व्यवस्था के साथ अलग-अलग विभागों के लिए कई बड़े ऐलान किए गए हैं। इसमें उद्योगों और सड़क निर्माण के लिए भी सरकार ने बड़े ऐलान किए हैं। मंईयां सम्मान योजना के लिए भी सरकार ने बड़ा ऐलान किया है। यह योजना साल 2026-27 में भी लागू रहेगी। इसके अलावा अबुआ आवास योजना के साथ पेंशन और किसानों के लिए भी कई पड़े ऐलान किए गए हैं। इस बजट में महिलाओं को और ज्यादा समृद्ध और सशक्त बनाने के लिए महिला किसान खुशहाली योजना की घोषणा हुई है,कृषि कार्यों में लगी महिलाओं के लिए इस नई योजना की शुरुआत की गई है, जिसके तहत उन्हें खेती और बिजनेस के लिए वित्तीय सहायता दी जाएगी। जहां देश में लगातार सरकारी स्कूल बड़े पैमाने में बंद किये जा रहे हैं वहीं हेमंत सरकार बच्चों के लिए राज्य में 100 नए सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस खोलने की घोषणा की है।


**झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकारण, राँची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा**

NALSA

द्वारा आयोजित
90 दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान
"मेडियेशन फॉर द नेशन 2.0" (02.01.2026 से 31.03.2026)
एवं
राष्ट्रीय लोक अदालत (14 मार्च, 2026)

के आयोजन का लाभ उठाएँ। मध्यस्थता एवं अपनी सुलहनामा के आधार पर अपने विवादों को सुलझाएँ।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :– जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा, सम्पर्क सूत्र – 06526–299950, मो0 94313–18932

श्री सादिक अनवर रिजवी
पुलिस अधीक्षक–सह–सदस्य
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा

डॉ0 कुमार ताराचंद
उपायुक्त–सह–उपाध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा

श्री राजकमल मिश्रा
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश –सह–अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा

PR.NO.373565 Lohardaga(25-26):D



**कार्यालय, जिला उद्यान पदाधिकारी, पलामू (कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग)**
(Email Id- dhopalamau@gmail.com)
कार्यालय पताः–नूतन गृह प्रथम तल्ल खनन कार्यालय के सामने

**अति – अल्पकालिन अभिरूची आमंत्रण सूचना**

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू के स्वीकृति आदेश–सह–पठित ज्ञापांक 121/वि, दिनांक 05.02.2026 द्वारा प्रखण्ड नीलाम्बर पीताम्बरपुर (लेस्लीगंगज) अन्तर्गत ग्राम पंचायत पूर्णाडीह में अवस्थित बसौरा नर्सरी में मल्टीलेयर फार्मिंग के लिए *DMFT* अंतर्गत उद्यानिकी सहित अन्य विभिन्न कार्यो हेतु अनुमोदन प्राप्त है।
तदनुसार उद्यानिकी संबंधी निम्न कार्यो हेतु इच्छुक एवं योग्य संस्थाओं से अभिरूची पत्र आमंत्रित की जाती है :–

| क्र0सं0 | कार्य/अवयव | रकबा | अनुमानित राशि (रू0 में) |
|---|---|---|---|
| 1 | *Vegetable Nursery Rasing* | 1000 Sq.mtr | 6,63,720.00 |
| 2 | *Horticulture Plantation* | 3 Acre | 8,48,000.00 |
| 3 | *Medicinal Garden* | 500 Sq.mtr | 3,53,100.00 |
| 4 | *Mushroom Spawn Unit* | - | 15,80,000.00 |
| 5 | *Solar Pump Unit (5HP)* | - | 2,95,000.00 |
| 6 | *Electric Pump (Sumbersible)* | - | 1,79,601.00 |
| 7 | *Poly House* | 500 Sq. mtr | 8,19,500.00 |

1. कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड़, राँची द्वारा निर्धारित विभागीय दर के आलोक में सभी कार्यो हेतु अलग–अलग अभिरूची पत्र आमंत्रित की जाती है तथा इच्छुक आवेदनकर्त्ता द्वारा अलग–अलग कार्यो हेतु अलग–अलग अभिरूची पत्र समर्पित की जायेगी।
2. इच्छुक संस्था को संबंधित कार्य में कम से कम 02 वर्षो का अनुभव होना आवश्यक है।
3. इच्छुक संस्था द्वारा अपने संस्था का पैन एवं जी0एस0टी0 समर्पित किया जायेगा।
4. इच्छुक संस्था का अंतिम 03 वर्षो का न्यूनतम *Turn Over* 30 लाख एवं प्रत्येक वर्ष कम से कम 10 लाख का *Turn Over* होना आवश्यक है।
5. इच्छुक संस्था द्वारा अंतिम 03 वर्षो का *IT Return* एवं *Audital Balance Sheet* समर्पित किया जायेगा।
6. आवेदनकर्त्ता किन्ही भी सरकारी/गैर सरकारी प्रतिष्ठान से *Black Listed* नही होना चाहिए।
7. कार्य से संबंधित विवरणी/अवयव तथा दर जिला उद्यान कार्यालय, पलामू प्राप्त किया जा सकता है।
8. अभिरूची प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय 28.02.2026 अपराह्न 5:00 बजे तक।

नोटः–मशरूम स्पॉन इकाई का कार्य कोटेशन के आधार पर कराया जायेगा।

जिला उद्यान पदाधिकारी
पलामू

PR 373558 District(25-26)#D



**कार्यालयः– जिला परिषद, लातेहार।**
**सैरात की बन्दोबस्ती दिनांक 01.03.2026 से 31.03.2026 तक**

| क्र | सैरात का नाम | थाना | बन्दोबस्ती का तिथि | समय | संषोधित बन्दोबस्ती की राषि | जमानत की राषि (10%) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 |
| 1 | प्रखण्ड चन्दवा अन्तर्गत हरैया पशु मेला (दिनांक 01.03.2026 से 31.03.2026 तक) | चन्दवा | 28/02/2026 | 11:30 AM | 18,92,762 | 1,89,176 |

नोट :-
1. उक्त तिथि को डाक सम्पन्न नहीं होने पर दिनांक 02/03/2026 को पूर्वाहन्/~~अपराहन्~~ 11:30 बजे तथा यदि इस तिथि को भी डाक सम्पन्न नहीं हुआ तो पुनः दिनांक 06/03/2026 को पूर्वाहन्/~~अपराहन्~~ 11:30 बजे बन्दोबस्ती की जाएगी।
2. निलामी की नियम एवं शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर कार्यालय अवधि में देखी जा सकती है तथा NIC Latehar के वेबसाईट पर भी उपलब्ध है।
3. निलामी में भाग लेने वाले व्यक्तियों के लिए स्थानीय प्रमाण पत्र/पहचान पत्र/आधार कार्ड की छायाप्रति (कोई एक) जमा करना अनिवार्य होगा। आवश्यकतानुसार मांगे जाने पर मूल प्रति प्रस्तुत करना होगा।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, लातेहार।

PR 373560 Rural Development (25-26)D



**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,**
**जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेन्टर, लोहरदगा**

**रोजगार मेला संबंधी सूचना**

दिनांक 27.02.2026 को प्रखण्ड परिसर, भण्डरा में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निम्नांकित निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठानों ने उपस्थित रहने की सहमति जताई है:–

| Sl. No | Name of the Employer & Address | Name of the Post | No. of Vacancy | Qualification Required | Age | Experience | Remarks (Pay Scale) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | L.I.C. of India, Lohardaga. | Bima Sakhi/Insurance Advisor. | 70 | 10th to Graduate | 18 & Above | -- | Stipend 7,000/= Per Month. |
| 2 | Bajaj Allianz Life Insurance co. Ltd., Lohardaga. | A.S.M/S.S.M/E.S.M/ Insurance Advisor | 23 | 10th/12th/Graduate | 18-40 | 0-3 years | Salary 20,000/= to 31000/- Job Location - Lohardaga. |
| 3 | Carry Soft Solution, Harmu Housing Colony, Ranchi. | Service Technician/Marketing/Sale Promoters/Service Supervisor | 22 | 10th Pass/12th/Graduate | 18 & Above | --- | Salary 7000 /= to 9000/- + Incentive Job Location : Ranchi. |
| 4 | Blinkit Pvt. Ltd., Sec-62, Gurugram. | Picker and Packer | 1000 | 10th, 12th | 18 - 35 | --- | Salary 15000 /= to18000/- + Accommodation Job Location : Pan India. |
| 5 | L.I.C. of India, Gumla. | Bima Sakhi. | 50 | 10th to Graduate | 18 & Above | -- | Stipend 7,000/= Per Month. |
| 6 | Prejha Foundation, Nagra toli, Ranchi. | Electrician, Plumber, Tiles Fitter, A.C Ductman, Construction (International Trade) | 100 | 10th/Graduate | 18-32 | | Salary 30000 /= to 40000/- Job Location : Dubai. |
| | | Driving & Forklift (Male & Female) | 40 | 10th/12th | 18-28 | | Salary 18000 /= to 20000/- Job Location : Delhi, Kolkata. |
| | | Plumber | 60 | 6th/12th | 18-30 | | Salary 18000 /= to 20000/- Job Location : Delhi. |
| | | Construction (Barbender, Carpenter, Shuttering | 60 | 6th/12th | 18-30 | | Salary 18000 /= to 22000/- Job Location : Maharastra. |
| 7 | Premsons Bajaj LLP, Ranchi. | Sales Executive/Spare Parts Manager/Network Manager/Branch Incharge/Technician/Service Advisor/Eelectrician/MIS Executive | 54 | 10th /12th /Graduate/ITI/ Diploma | 18-40 | | Salary 12000/- to 30000/- Job Location : All Jharkhand . |
| 8 | Terrier Security Services (I) Pvt. Ltd., Karnataka | Security Guard | 300 | 10th Pass | 20-40 | 0-3 yrs | Salary 17000 /= to 23000/- Job Location : Pan India. |
| 9 | Auro Spining Mills, Himachal Pradesh. | Trainees | 50 | 5th to 12th Pass | 18-28 | -- | Salary 12750/= Job Location : Badi Solan Himachal Pradesh. |
| 10 | Bright Future Consultancy, North 24 Parganas, West Bengal. | CNC Machine Operator/ Quality Maintenance/Maintenance Supervisor/Operator | 210 | 10th, 12th /ITI, Graduation/B.Tech /Diploma | 18-35 | | Salary 21428/- to 24612/- Job Location : Gujarat, Rajkot . |
| 11 | Eduvantage, Chhatar Bagicha Lohardaga. | Mobilizer | 2 | 12th and Above | 18 and Above | Fresher/01 year | Salary 8,000/= to 10,000/= Job Location – Lohardaga. |
| | | Business Developer for university | 2 | 12th and Above | 18 and Above | Fresher/01 year | Salary 12,000/= to 15,000/= Job Location – Lohardaga. |
| 12 | MRF Ltd. Goa | App Trainee | 200 | 10th/12th/ITI | 18-30 | | Salary 17,500/= Room Allowance 2000/- Job Location - Delhi,Gujarat, Goa. |
| 13 | Shivam Coporate Service/company (Motherson Pvt. Ltd.) Chennai. | Producation | 100 | 10th/12th/Degree/ Diploma | 18-35 | | Salary 16,650/= Job Location - Oragdam/Chennai. |
| 14 | Quess Corp Limited, Bangalore. | Production Trainee | 300 | 12th/ITI | 18-23 | | Stipend 12751/- Job Location : Jamshedpur. |
| | Total | | 2643 | | | | |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www.jharniyojan.jharkhand.gov.in/www.ncs.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त रोजगार मेला में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छाया प्रति तथा अपना बायोडाटा 02(दो) कॉपी फोटो 4 के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो। साक्षात्कार सुबह 11:00 बजे से होगी। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है उनको पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। नियोजक निजी क्षेत्र के है, अतः साक्षात्कार, रिक्ति एवं सेवा शर्तो के लिए वे उत्तरदायी है। नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता है।

जिला नियोजन पदाधिकारी
लोहरदगा

PR 373557 Lohardaga(25-26).D

# न्यूज बॉक्स

## मजदूरी मांगने पर महिला पर जानलेवा हमला, जांच में जुटी पुलिस




**गुमला।** शहर के बड़ाइक मोहल्ला स्थित एक आइसक्रीम फैक्ट्री में मजदूरी मांगने गई महिला के साथ मारपीट की गंभीर घटना सामने आई है। हमले में महिला के सिर पर गंभीर चोट आई है और उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने घायल महिला का बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तर्री बरटोली निवासी करीब 45 वर्षीय हैरिएक एक्का मजदूरी का काम करती है। बताया जाता है कि आइसक्रीम फैक्ट्री में काम करने वाले छोटू काना नामक व्यक्ति उसे कुछ दिन पहले सीलम मेला से काम कराने के लिए फैक्ट्री लेकर आया था। मंगलवार सुबह करीब 9 बजे हैरिएक एक्का अपने किए गए काम की मजदूरी मांगने फैक्ट्री पहुंची। इसी दौरान मजदूरी के पैसे को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर छोटू काना ने गुस्से में आकर लकड़ी से महिला के सिर पर जोरदार वार कर दिया।

## होली से पहले अवैध शराब पर प्रशासन का कड़ा प्रहार, चुलाई शराब जब्त



**चैनपुर।** होली पर्व से पहले अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। उपायुक्त महोदया के निर्देश और उत्पाद अधीक्षक, गुमला के मार्गदर्शन में जिले में चलाए जा रहे विशेष छापेमारी अभियान के तहत चैनपुर थाना क्षेत्र में सघन तलाशी अभियान चलाया गया। जानकारी देते हुए शाम चार बजे बताया गया कि उत्पाद विभाग की टीम ने जमगाईं, चैनपुर बाजार टांड़ और जामटोली क्षेत्र में एक साथ छापेमारी की। इस दौरान कुल सत्ताईस लीटर अवैध चुलाई शराब बरामद की गई। साथ ही शराब निर्माण के लिए तैयार किए गए लगभग पचास किलो जावा महुआ को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया, ताकि दोबारा इसका उपयोग न हो सके। इस छापेमारी दल का नेतृत्व अवर निरीक्षक उत्पाद प्रदीप करमाली ने किया। अभियान में उत्पाद चलंत दस्ता एवं प्रतिनियुक्त गृह रक्षकों का सक्रिय सहयोग रहा। कार्रवाई के बाद कुल छह अभियोग दर्ज कर विधिसम्मत कानूनी प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

## वज्रपात से सिरमी गांव का ट्रांसफार्मर जला, अंधेरे में डूबे ग्रामीण



**डुमरी (गुमला)।** प्रखंड के खेतली पंचायत अंतर्गत सिरमी गांव में सोमवार की रात हुए तेज वज्रपात से विद्युत ट्रांसफार्मर जलकर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद पूरे गांव की बिजली आपूर्ति ठप हो गई, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रात में अचानक तेज गर्जना के साथ वज्रपात हुआ और ट्रांसफार्मर से जोरदार धमाके की आवाज आई। देखते ही देखते ट्रांसफार्मर में आग लग गई और ऊंची लपटें उठने लगीं। इस घटना से आसपास के लोगों में भय का माहौल बन गया। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। घटना की सूचना मिलते ही भाजपा मंडल अध्यक्ष सह खेतली पंचायत के उपमुखिया जवाहर कवर मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

## विश्व शांति के लिए पंपापुर में अखंड हनुमान कवच हवनात्मक यज्ञ जारी, 2027 तक चलेगा

**गुमला।** जिले के पालकोट प्रखंड स्थित प्रसिद्ध पंचमुखी हनुमान मंदिर, पंपापुर में विश्व शांति और मानव कल्याण की कामना को लेकर पिछले एक वर्ष से अखंड हरी कीर्तन, हनुमान चालीसा पाठ, पंचमुखी हनुमान कवच पाठ एवं हवनात्मक महायज्ञ का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। यह धार्मिक अनुष्ठान दिसंबर 2027 तक लगातार जारी रहेगा। मंदिर के पुजारी शिव जी महाराज के नेतृत्व और प्रयास से यह महायज्ञ 1 फरवरी 2025 से प्रारंभ हुआ, जो बिना रुके निरंतर चल रहा है। उन्होंने बताया कि इस अनुष्ठान का मुख्य उद्देश्य विश्व में शांति, सुख और समृद्धि की स्थापना करना है। इस दौरान समय-समय पर विशेष धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। पुजारी शिव जी महाराज ने जानकारी दी कि रामनवमी सहित अन्य प्रमुख पर्व-त्योहारों के अवसर पर मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना और भंडारा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम पर मंदिर में दीप ज्योति प्रज्वलित है।

## शादी से लौट रही युवती से सामूहिक दुष्कर्म चार आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**भरनो (गुमला)।** भरनो थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव की युवती के साथ चार युवकों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म की गंभीर घटना सामने आई है। घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़िता पड़ोसी गांव में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने गई थी। समारोह से लौटते समय आरोपित युवकों ने उसे घर छोड़ने का झांसा देकर अपनी बाइक पर बैठा लिया। आरोप है कि रास्ते में सुनसान स्थान पर ले जाकर चारों युवकों ने बारी-बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया। किसी तरह पीड़िता अपने घर पहुंची और परिजनों को पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिजन उसे लेकर सोमवार को भरनो थाना पहुंचे, जहां आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए भरनो थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सोमवार रात ही चारों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया।

## मतदान के बाद स्क्रूटनी प्रक्रिया पूरी, पारदर्शिता के साथ हुई अभिलेखों की जांच

**गुमला।** नगर निकाय आम चुनाव 2026 के तहत जिले में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान सम्पन्न होने के बाद स्क्रूटनी (जांच) की प्रक्रिया भी सफलतापूर्वक पूरी कर ली गई। कार्तिक उरांव कॉलेज, गुमला स्थित केंद्र में जनरल ऑब्जर्वर कमल कांत गुप्ता, अपर समाहर्ता शशिंद्र कुमार बड़ाइक, डीसीएलआर राजीव कुमार तथा सभी रिटर्निंग पदाधिकारियों (आरओ) की मौजूदगी में यह प्रक्रिया संपन्न हुई। स्क्रूटनी के दौरान सभी संबंधित अभ्यर्थी एवं उनके अभिकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान मतदान केंद्रवार दस्तावेजों एवं अभिलेखों की बारीकी से जांच की गई। साथ ही सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं पीठासीन पदाधिकारियों द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन का भी परीक्षण किया गया, ताकि पूरी प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके। प्रशासन के अनुसार जिले के सभी मतदान केंद्रों पर मतदान शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ और कहीं से किसी प्रकार की अशांति, गड़बड़ी या भेदभाव की सूचना नहीं मिली।

### ग्रामीण एथलेटिक्स खेलकूद प्रतिभा खोज सह खेल महोत्सव 2026 का आयोजन

# उभरती प्रतिभाओं को मिला मंच

- ओवरऑल चैंपियन अर्पण कुल्लु, रंजीता उरांव, नितेश साहु व ज्योति कुमारी को साइकिल देकर किया सम्मानित
- सिसई प्रमुख ने बच्चों को सही मार्गदर्शन, खेल अभ्यास और मोबाइल से दूरी बनाकर पढ़ाई पर ध्यान देने का संदेश दिया



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिसई (गुमला)।** सिसई प्रखंड क्षेत्र के लरंगो पंचायत अंतर्गत ग्राम बर्री में आदिवासी सरना समाज उत्थान एवं सुरक्षा संगठन गुमला के तत्वाधान में ग्रामीण एथलेटिक्स खेलकूद प्रतिभा खोज सह खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। इस महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि डे बोर्डिंग एथलेटिक्स कोच महावीर राम लोहरा, मनोज कुमार पाल आवासीय एथलेटिक्स कोच अल्बर्ट एक्का गुमला एवं विशिष्ट अतिथि सूबेदार मेजर अजय संदीप कुजूर शामिल रहे वहीं मंचासीन अतिथि के रूप में संत प्रकाश भगत स्टेट बैंक ऑफ इंडिया लातेहार व उनकी धर्म पत्नी सुमित्रा भगत सहित जयमंगल भगत, धीरज उरांव, मोहन उरांव, सुरेश, कमल, रामपति, विवेक, अनिल, जैनुल अंसारी, रवि उरांव, मंगल किंडो, बालकृष्णा, सुविल उरांव, चंद्रकांत भगत, अमित मिंज एवं प्रवीण कुमार मौजूद रहे।

मुख्य अतिथियों द्वारा फीता काटकर व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मैराथन दौड़ से किया गया जिसमें 14 वर्ष से उपर आयुवर्ग के बालक को 5 कि मी व बालिका को 4 कि मी का दौड़ कराया गया। इसके बाद लौंग जंप, 100 मी. से 1500 मी. का दौड़, गोला फेंक, बिस्कुट रेस, कुर्सी रेस, प्रश्नोतरी प्रतियोगिता सहित विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन कराया गया। इन खेलों में 14 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के बालक बालिका एवं 14 वर्ष से कम आयुवर्ग के बालक बालिका प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमें विभिन्न खेल प्रतियोगिता के तहत 14 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के 24 बालक व 30 बालिका एवं 14 वर्ष से कम आयुवर्ग के 15 बालक व 26 बालिकाएं पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। इन सभी प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा मेडल, प्रसस्ति पत्र तथा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं सभी खेलों में चैंपियन बने 14 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के अर्पण कुल्लु, रंजीता उरांव एवं 14 वर्ष से कम आयुवर्ग के नितेश साहु और ज्योति कुमारी को जुनियर इंजीनियर चंद्रकांत भगत के सौजन्य से एक एक साइकिल देकर सम्मानित किया गया।

### गांव के बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं, जरूरत सही मार्गदर्शन की : मीना देवी

सिसई प्रमुख मीना देवी ने सभी प्रतिभागी बच्चों एवं दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे गांव के बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है कमी है तो सिर्फ उन्हें सही मार्गदर्शन देने की और जरूरत है उनके अभ्यास के लिए सुव्यवस्थित स्थान की यदि इन बच्चों को सही प्लेटफॉर्म मिल जाय तो यही गांव में पले बढ़े बच्चे जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का अच्छा प्रदर्शन कर अपने देश का नाम रौशन कर सकते हैं उन्होंने बच्चों को संदेश देते हुए मोबाइल फोन और नाशपान से दूर रहने की अपील की और कहा कि अपने हाथों में मोबाइल की जगह किताबें रखें। किताबों से आपको ज्ञान प्राप्त होगा जिससे आगे बढ़ने में आपलोगों को मदद मिलेगी मौके पर प्रतिभागियों के साथ साथ भारी संख्या में दर्शकगण मौजूद थे।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूरे होने पर बरगांव में हिन्दू सम्मेलन का भव्य आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिसई(गुमला)।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में सिसई प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम बरगांव के श्रीदुर्गा मंदिर परिसर में हिन्दू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रान्त कार्यवाह त्रिलोचन जी, हिन्दू जागृत मंच के प्रदेश परावर्तन प्रमुख संजय वर्मा,जिला संचालक साहु प्रकाश लाल, खंड कार्यवाह मुकेश ताम्रकर एवं पुजारी मनमोहन गिरी द्वारा सयुंक्त रूप से मां भारती के चित्र पर पुष्पार्चन व दीप प्रज्ज्वलित कर मंत्रोचारण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके साथ ही मुख्य अतिथि को अभिनंदन पत्र सौंपकर उनका स्वागत किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत कार्यवाह ने उपस्थित जनसमूहों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना सन 1925 में कई गयी थी।वर्ष 2025 में इसके 100 वर्ष पूरे हो गए।इसी के उपलक्ष्य में संपूर्ण भारत में शताब्दी वर्ष समारोह का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने राष्ट्र के लिए अपनी योगदान देने की बात करते हुए कहा कि सभी लोगों को अपने धर्म के प्रति जागरूक होना चाहिए। गीता शास्त्र में बहुत अच्छी जानकारी लिखी गयी है जिसका हम सभी ज्ञान ग्रहण कर सकते हैं। और अपने जीवन में आत्मसात कर सकते हैं। जिससे हमारी जीवन यात्रा सुगम बन जाएगी। संघ सभी को मिलाकर चलने की बात कहती है। उपस्थित जनसमूह को "संघे शक्ति कली युगे" का बेहतरीन तरीके से उदाहरण दिया। साथ ही त्रिलोचन जी ने गीता ज्ञान से सम्बंधित बहुत सी बातों को अच्छे तरीके से वर्णन कर समझाया। वहीं उनके द्वारा धार्मिक एवं आध्यात्मिक विषयों के बारे में जानकारी प्रदान की गई।


## नोटरी पब्लिक, लोहरदगा

**शपथ पत्र**

मैं प्रफुलित उरांव पति विकास उरांव, निवासी ग्राम बोंगा पोस्ट हिसरी थाना बगड़ू जिला लोहरदगा, झारखंड एतद् द्वारा शपथ पूर्वक निम्नलिखित ब्यान देती हूं कि :-

1. यह कि ऊपर लिखा गया नाम व पता मेरा है जो सही हैं।
2. यह कि मेरे नाम से आधार कार्ड है जिसका नं0 3336 2746 5573 है। जिसमे मेरा प्रफुलित उरांव (PRAFULIT ORAON) दर्ज है जो सही है।
3. यह कि मेरा भारतीय स्टेट बैंक शाखा लोहरदगा में खाता खोली हूं जिसका खाता संख्या 11381285116 है जिसमे मेरा नाम (PRAFULLIT KUJUR) दर्ज है। (PRAFULIT ORAON) और (PRAFULLIT KUJUR) दोनों एक ही व्यक्ति का नाम है जो कि मैं हूं।
4. यह कि मेरा वास्तविक प्रफुलित उरांव (PRAFULIT ORAON) हैं जो सत्य एवं सही है।
5. यह कि उपरोक्त सारी बातें सही एवं सत्य है गलत पाए जाने पर मेरे उपर कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

यह शपथ पत्र आज दिनांक 13.02.2026 ई० को लोहरदगा में संपन्न किया गया।

**Ref no. 3352, दिनांक – 13 फरवरी 2026**


# जल-जंगल-जमीन पर ग्राम सभा का हक रहे कायम : निशा उरांव

**नवीन मेल संवाददाता**




**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के आदर बाजार टांड़ में मंगलवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विशाल नागरिक सम्मेलन आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व पंचायती राज निदेशक एवं वर्तमान अपर आयकर आयुक्त रांची निशा उरांव ने कार्यक्रम का उद्घाटन जतरा टाना भगत, भगवान बिरसा मुंडा एवं भारत माता की तस्वीरों पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया। संबोधन में निशा उरांव ने सीएनटी (छोटानागपुर टेनेंसी) एवं पीइएसए (पंचायत एक्सटेंशन टू शेड्यूल्ड एरिया) कानूनों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ये आदिवासियों की जमीन, परंपरा एवं संस्कृति की रक्षा के लिए बने हैं। उन्होंने चिंता जताई कि उनके पंचायती राज विभाग से जाने के बाद इन कानूनों में व्यापक परिवर्तन कर दिए गए, जो आदिवासी हितों के विरुद्ध हैं। वर्तमान नियमावली से विकास नहीं, विनाश होगा। उन्होंने बताया कि नए PESA में ग्राम सभा का गठन गांव के लोग नहीं, जिले के अधिकारी करेंगे। योजना चयन गांव स्तर पर नहीं, जिला परिषद करेगी। इससे गांव की ताकत शहर चली गई। खूंटी जैसे क्षेत्रों में महतो, पुजार, पहान हटा दिए गए, सरकारी सेवकों को सचिव-उपसचिव बना दिया गया। इससे परंपरा व पहचान खतरे में है।

### धर्मांतरण रोकने की अपील, छत्तीसगढ़ का दिया उदाहरण

निशा उरांव ने धर्मांतरण पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि पहान को पूजा-पाठ के एवज में जमीन दी जाती है। यदि उनका धर्मांतरण हो, तो पुरखों के नियम से पद हटाना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा। वर्तमान पीढ़ी परंपरा की आखिरी पीढ़ी न बने। उन्होंने छत्तीसगढ़ के एक गांव का उदाहरण दिया, जहां बैनर लगा- 'जंगली सभा में पादरी का आना मना है'। कोर्ट ने कहा, धर्म प्रचार अधिकार है, लेकिन धर्मांतरण नहीं। विकास जरूरी है, लेकिन जल-जंगल-जमीन का फैसला केवल गांव के 'पहान' के हाथ में रहना चाहिए। ग्राम सभा पहले गांव खुद गठित करता था, विवाद सुलझाता था, योजनाएं चुनता था लेकिन अब जिला प्रशासन गठन करेगी, पहन-पुजार को किनारे किया जा रहा है।

## पेड़ सुरक्षा जाली से टकराई तेज रफ्तार बाइक, दो युवक घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** बिशुनपुर थाना क्षेत्र के चोरका खांड गांव के समीप सोमवार देर शाम एक सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल हो गए। घायलों में सुकरा नगेसिया (19 वर्ष) की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चोरका खांड गांव निवासी सुकरा नगेसिया और फेकू नगेसिया अपने दो अन्य दोस्तों के साथ दो बाइकों पर सवार होकर मरवई गांव घूमने गए थे। सोमवार देर शाम सभी युवक वापस अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान गांव के समीप सड़क किनारे पेड़ की सुरक्षा के लिए लगाए गए लोहे के जाली से उनकी बाइक अनियंत्रित होकर टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक पर सवार सुकरा नगेसिया गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके सिर और पैर में गंभीर चोट आई है। वहीं बाइक चला रहे फेकू नगेसिया को भी हल्की चोट लगी। बताया जाता है कि फेकू अपने दोस्त की बाइक मांगकर घूमने गया था और मरवई गांव में सभी युवकों ने नशा भी किया था। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए मंगलवार सुबह करीब 9 बजे सुकरा नगेसिया को सदर अस्पताल गुमला रेफर किया गया।

### मानदेय भुगतान में देरी पर सहिया बहनों का आक्रोश

# डीडीसी व सिविल सर्जन को सौंपा मांगपत्र, आंदोलन की चेतावनी

- भुगतान में देरी से कर्मियों में असंतोष, आर्थिक व पारिवारिक संकट गहराया

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कार्यरत सहिया, सहिया साथी, बीटीटी और एसटीटी कर्मियों को पिछले 4–5 माह से प्रोत्साहन राशि और मानदेय का भुगतान नहीं होने से असंतोष बढ़ता जा रहा है। लंबित भुगतान से नाराज सहिया सह सामूहिक प्रशिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को उप विकास आयुक्त (डीडीसी) और सिविल सर्जन को मांगपत्र सौंपकर जल्द भुगतान की मांग की।

मांगपत्र सौंपने से पूर्व सदर अस्पताल परिसर स्थित सिविल सर्जन कार्यालय के समीप संघ की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता संघ की अध्यक्ष बबीता देवी ने की।

बैठक में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए सहिया, सहिया साथी, बीटीटी और एसटीटी कर्मियों ने भाग लिया और मानदेय नहीं मिलने से हो रही आर्थिक व पारिवारिक परेशानियों पर चिंता जताई। संघ की अध्यक्ष बबीता देवी ने कहा कि सहिया और सहयोगी कर्मी नियमित रूप से स्वास्थ्य सेवाओं का दायित्व निभा रहे हैं, बावजूद इसके उन्हें पिछले कई महीनों से प्रोत्साहन राशि और मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है, जिससे कर्मियों को गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। बैठक में लंबित प्रोत्साहन राशि और मानदेय का अविलंब भुगतान, एसएनए स्पर्श के माध्यम से भुगतान प्रक्रिया को सरल और नियमित करने तथा भविष्य में सभी देय भुगतान प्रत्येक माह समय पर सुनिश्चित करने की मांग उठाई गई।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना (15वें विता आयोग मद)**

संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/48/2025-26

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड लातेहार अन्तर्गत भुसूर में प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र निर्माण। | 14300000 | 286000 | 10000 | 7 माह |

2. निविदा प्रकाशन की तिथि – 25.02.2026
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 26.02.2026 से दिनांक 11.03.2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –13.03.2026 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता,ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
11. बिना कारण बताये किसी एक या सभी कार्य की निविदा को रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

PR 373506 Rural Development(25-26)#D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना (सी०एस०आर० मद)**

संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/44/2025-26/Gr_1(2nd call)

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बरवाडीह में अनुसूचित आवासीय बालक विद्यालय छिपादोहर में रसोईघर (माडल किचन)–सह–डायनिंग हाल का निर्माण/जीर्णोद्वार कार्य योजना। | 5876300 | 117600 | 10000 | 5 माह |

2. निविदा प्रकाशन की तिथि – 25.02.2026
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 25.02.2026 से दिनांक 5.03.2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –07.03.2026 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
11. बिना कारण बताये किसी एक या सभी कार्य की निविदा को रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

PR 373528 Rural Development(25-26)#D

## कार्यालय, जिला अभियंता, लातेहार

**अल्पकालीन ई–निविदा आंमत्रण सूचना**

**ई0–संख्या– ZP/LATEHAR- 27/2025-26**

कार्य का नाम:–

| क्र | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड मनिका पंचायत बडकाडीह में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण। | 1,43,00,000 | 2,86,000 | 10,000 | 07 माह |

1. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 02.03.2026
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–14.03.2026, 5.00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–16.03.2026 अपराहन 11:00 बजे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार परिमाण विपत्र का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार किया जाएगा।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जाएगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– जिला अभियंता, लातेहार।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या– 93347–02381
9. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।
10. उक्त निविदा में जिला परिषद, लातेहार में निबंधित प्रथम श्रेणी एवं द्वितीय श्रेणी के संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
11. विस्तृत जानकारी के लिए बेवसाईट www.jharkhandtendres.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
लातेहार।

PR.NO.373562 Rural Development(25-26):D

राष्ट्रीय नवीन मेल

# बांग्लादेश के बाद अब नेपाल के चुनाव पर है विश्व की नजर व भारत का भविष्य

इंडिया



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

अराजक पड़ोसियों से भारत भी अछूता नहीं रह पाता और बांग्लादेश के बिगड़े हालात से लगता है अब चुनाव के बाद स्थिति बदल रही है उसी तरह नेपाल भी भारत के लिए बहुत विशेष महत्व रखता है जहां भारत विरोध को हवा देने के अलावा चीन और पाकिस्तान का बढ़ता दखल भारत के हित में नहीं है पर अब वहां की जनता भी वामपंथी और कथित लोकतंत्र से तंग आ चुकी है।आगामी पांच मार्च को नेपाल में चुनाव होने वाले हैं, पर राष्ट्र अब भी विगत सितंबर में बड़े पैमाने पर हुए विरोध-प्रदर्शनों की उथल-पुथल से उबर रहा है। इन प्रदर्शनों को आम तौर पर 'पांचवीं क्रांति' कहा जाता है, जिसके कारण केपी शर्मा ओली की कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (सीपीएन-यूएमएल) की सरकार गिर गई थी। नए चुनावों की घोषणा से पहले हफ्तों तक अशांति, प्रशासनिक पंगुता और राजनीतिक अनिश्चितता रही। हालांकि, मतदान पूरे देश में होना है, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए संदेह है कि मतदान आसानी से हो पाएगा या नहीं। यह चुनाव एक आम लोकतांत्रिक प्रक्रिया से ज्यादा विश्वसनीयता, सांविधानिक स्थिरता, युवाओं के आक्रोश और नेपाल के अपने दो शक्तिशाली पड़ोसियों के बीच भू-राजनीतिक संतुलन पर एक जनमत-संग्रह है। इस चुनाव में मुख्य मुकाबला नेपाली कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टियों के बीच है। नेपाली कांग्रेस के लिए प्रचार मुख्यतः लोकतंत्र की बहाली और संस्थाओं में भरोसा फिर से बनाने पर केंद्रित है। पार्टी नीतिगत पूर्वानुमान, छोटे और मझोले उद्यमों को फिर से शुरू करने, भारत के साथ हाइड्रोपावर सहयोग बढ़ाने और नागरिक अधिकारों की सुरक्षा का वादा कर रही है, खासकर विरोध प्रदर्शनों के दौरान इंटरनेट शटडाउन और पुलिसिंग विवादों को देखते हुए,हालांकि, पार्टी की आंतरिक गुटबाजी उसका एक संरचनात्मक कमजोर पक्ष बना हुआ है, जो उसके चुनावी लाभ को कम कर सकता है। वहीं, कम्युनिस्ट विचारधारा एक अलग सोच पेश करती है। सीपीएन-यूएमएल अपने उथल-पुथल भरे और अस्त-व्यस्त कार्यकाल को बचाने के लिए मजबूत नेतृत्व, बुनियादी ढांचों में बढ़ोतरी और राष्ट्रवादी दावे करके हर मुमकिन कोशिश कर रही है। पुष्प कमल दहल के नेतृत्व वाली कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (माओवादी केंद्र) सामाजिक न्याय, संघीय सशक्तीकरण और युवाओं की आकांक्षाओं के अनुरूप सांविधानिक सुधारों पर जोर देकर अपनी पुनर्वितरणवादी विश्वसनीयता को पुनर्जीवित करने का प्रयास कर रही है। साथ मिलकर वामपंथी दल संप्रभुता, संतुलित कूटनीति और पारंपरिक निर्भरता से आगे आर्थिक विविधीकरण पर जोर देते हैं। फिर भी, व्यापक वामपंथी धड़े के भीतर वैचारिक एकता नाजुक बनी हुई है, क्योंकि प्रतिस्पर्धी महत्वाकांक्षाएं एकता को जटिल बनाती हैं। चुनावी अभियान को और जटिल बनाता है घोषणा-पत्र प्रकाशन को लेकर विवाद। चुनाव लड़ रहे 68 दलों में से आधे से अधिक निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपने घोषणा-पत्र प्रकाशित करने में विफल रहे। चुनाव मैदान में 3,406 उम्मीदवार हैं, जिनमें लगभग 1,160 निर्दलीय उम्मीदवार शामिल हैं, जो 165 सीटों के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। वित्तीय अनुपालन भी असमान रहा है। ये चूकें उस समय संस्थागत अनुशासन पर प्रश्नचिह्न लगाती हैं, जब सार्वजनिक विश्वास पहले ही कमजोर हो चुका है। साथ ही, पिछले चुनाव के खंडित जनादेश की यादें बनी हुई हैं और मतदाता अनिश्चित नतीजे को लेकर सावधान हैं। भारत के लिए, नेपाल की स्थिरता का सीधा असर सुरक्षा और आर्थिक तौर पर होता है। दोनों देशों के बीच 1,700 किलोमीटर से अधिक की खुली सीमा, गहरे ऐतिहासिक रिश्ते और करीबी सैन्य सहयोग है। हाल के वर्षों में हाइड्रोपावर सहयोग, सीमा पार बिजली व्यापार और संपर्क परियोजनाओं ने रफ्तार पकड़ी है। इसे बनाए रखने के लिए काठमांडो में एक भरोसेमंद और स्थिर सरकार जरूरी है। इसके अलावा, नेपाल में राजनीतिक संकट के दौरान अक्सर घरेलू लामबंदी के औजार के तौर पर समय-समय पर भारत विरोधी बातें उठती रही हैं। नई दिल्ली की प्राथमिकता एक संप्रभु, लेकिन स्थिर नेपाल है, जिसके साथ पारंपरिक रिश्ते मजबूत किए जा सकें। पिछले दशक में नेपाल में चीन की भागीदारी काफी बढ़ी है। नेपाल के लिए, भारत और चीन के साथ संतुलन बनाना अब भी मुश्किल है। भूगोल काठमांडो को नई दिल्ली व बीजिंग, दोनों के साथ बेहतर संबंध बनाने के लिए मजबूर करता है। ऐसे में, चुनाव के नतीजे यदि एक तरफ झुकते हैं, तो यह संतुलन बिगड़ने का खतरा है। नेपाल में चुनाव युवाओं की नाराजगी, संस्थाओं की कमजोरी और भू-राजनीतिक संवेदनशीलता की पृष्ठभूमि में हो रहे हैं। भारत और चीन, दोनों के लिए ही, इस नतीजे का रणनीतिक महत्व है। फिर भी, निर्णायक आवाज नेपाल के मतदाताओं की होगी-चाहे वे पुराने राजनीतिक ढांचे को फिर से बनाना चाहें या गणतंत्र की दिशा को फिर से तय करने का प्रयास करें। भारत को भी मूक दर्शक बने रहने से अच्छा पड़ोस की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखनी चाहिए और तदनुसार निर्णय लेना चाहिए। भारत और नेपाल मात्र पड़ोसी देश नहीं बल्कि सांस्कृतिक रूप से बहुत ही मजबूत डोर से बंधे प्राचीन मित्र हैं जिनके अच्छे बुरे से दोनों के भविष्य जुड़े हैं। चीन पैसों की मदद के बलबूते नेपाल को भारत से दूर करना चाहता है जबकि भारत और नेपाल के बीच का अंतर धार्मिक सांस्कृतिक आयोजनों में मिट जाता है और दोनों के बीच रोटी-बेटी का संबंध सदियों से है । नेपाल के रास्ते व्यापार और भारत का बिजली पानी जैसी सुविधा के सदियों पुराने चैनल को बंद या प्रभावित कर चीन नेपाल को कर्ज के बोझ तले दबाना चाहता है जिससे उसे अपनी शर्तों गुलामों जैसा कमजोर देश मिल जाएगा और वह उसकी आड़ में भारत को आर्थिक और सांस्कृतिक रूप से कमजोर बनाना चाहता है ।पाकिस्तान की तरह उसकी मंशा नेपाल को भी राजनीतिक रूप से उलझा कर रखने की है जिससे नेपाल के लोग आर्थिक रूप कभी भी आत्मनिर्भर न बन पाएं और चीन के सामने याचक बने रहें इस तरह वह हिंदू राष्ट्र की अवधारणा वाले देश की युवा पीढ़ी को नशे में झोंक सके या हमेशा गुलाम बनाकर रख सके जिससे वे वामपंथी बनकर भारत विरोधी जेनजी बन सकें न कि धर्मभीरु नेपाली । चीन जनता है कि यदि नेपाल की मूल हिंदू विचारधारा जागृत हो गई तो वह उसकी अपेक्षा भारत के प्रति अधिक आकर्षित करने वाला करक बन जाएगी और भारत और भी शक्तिशाली बन जाएगा । भारत की कथित धर्मनिरपेक्षता वाली नीति हमेशा नेपाल से उसे दूर करती रही जबकि नेपाल मूल के लाखों लोग पूरे सम्मान के साथ भारत में नौकरी व्यवसाय से लेकर भारतीय नागरिक जैसी सुविधा लेते रहे हैं जो चीन नहीं चाह्ता।

**विचार प्रवाह** एक बार जब मैं ध्यान कर रहा था तो मैंने ईश्वर की वाणी की अपने अंतर में फुसफुसाहट सुनी "तुम कहते हो मैं दूर हूं, परंतु तुम ही अंदर नहीं आए। इसलिए तुम कहते हो मैं दूर हूं। मैं सदा भीतर ही हूं। भीतर आओ तो तुम मुझे देख लोगे। मैं तुम्हारा स्वागत करने के लिए नित्य यहां उपस्थित हूं।" - **श्री श्री परमहंस योगानंद**

# ब्रज की माटी का दिव्य शौर्य और प्रेम उत्सव लट्ठमार होली

आज की बात



अशोक 'प्रवृद्ध'

**इस उत्सव में महिलाएं पुरुषों पर अर्थात हुरियारिनें हुरियारों पर लाठियों से वार करती हैं, जबकि पुरुष ढाल का उपयोग करके स्वयं को बचाते हैं। यह मुख्य रूप से दो चरणों में होता है- पहले दिन बरसाना में नंदगांव के पुरुष आते हैं। अगले दिन नंदगांव में बरसाना के पुरुष होली खेलने जाते हैं।**



उत्तरप्रदेश के ब्रज क्षेत्र की प्रसिद्ध लट्ठमार होली मात्र रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि अध्यात्म, इतिहास और लोक संस्कृति के त्रिवेणी संगम के रूप में सहस्त्राब्दियों से भारत की आत्मा में रची बसी है। विश्व की सबसे अनूठी परंपराओं में से एक बरसाना और नंदगांव में खेली जाने वाली यह लठमार होली ब्रज की माटी का दिव्य शौर्य और प्रेम उत्सव का प्रतीक है। यह द्वापर युग की दिव्य प्रेम गाथा का जीवंत पुनर्मूल्यांकन है। धार्मिक मान्यतानुसार यह परंपरा भगवान श्रीकृष्ण और राधा के प्रेमपूर्ण नोकझोंक का प्रतीक है। मान्यता है कि श्रीकृष्ण अपने सखाओं के साथ बरसाना आकर राधा और उनकी सखियों को चिढ़ाते थे, जिसके जवाब में गोपियां उन्हें लाठियों से भगाती थीं। इस उत्सव में महिलाएं पुरुषों पर अर्थात हुरियारिनें हुरियारों पर लाठियों से वार करती हैं, जबकि पुरुष ढाल का उपयोग करके स्वयं को बचाते हैं। यह मुख्य रूप से दो चरणों में होता है- पहले दिन बरसाना में नंदगांव के पुरुष आते हैं। अगले दिन नंदगांव में बरसाना के पुरुष होली खेलने जाते हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण अपने सखाओं अर्थात ग्वालों के साथ नंदगांव से बरसाना आकर राधारानी और उनकी सखियों को गुलाल लगाकर छेड़ते थे। कान्हा की शरारतों से तंग आकर राधा और उनकी सखियां (गोपियां) उन्हें सबक सिखाने के लिए लाठियां लेकर उनके पीछे दौड़ती थीं। आज भी इस परंपरा में नंदगांव के पुरुषों को हुरियारे अर्थात श्रीकृष्ण के प्रतीक और बरसाने की महिलाओं को हुरियारिन राधा के प्रतीक माना जाता है। नंदगांव की लठमार होली, बरसाना की होली का ही दूसरा और पूर्ण पक्ष है। जहां बरसाना में नंदगांव के पुरुष जाते हैं, वहीं अगले दिन बरसाना के हुरियारे भगवान श्रीकृष्ण के गांव नंदगांव में अपना शक्ति प्रदर्शन करने पहुंचते हैं। पौराणिक मान्यता है कि जब बरसाना की गोपियों ने श्रीकृष्ण और ग्वालों को लाठियों से भगाया था, तब अगले दिन ग्वालों ने उन्हें अपने गांव नंदगांव आने का निमंत्रण दिया। लेकिन यहां उलटी गंगा बहने लगती है। यहां परंपरा थोड़ी बदल जाती है। अब नंदगांव की गोपियां (श्रीकृष्ण की सखियां) बरसाना के पुरुषों पर प्रहार करती हैं। यह इस बात का प्रतीक है कि कृष्ण के गांव में गोपियां ही सर्वोपरि हैं। नंदगांव की होली का केंद्र नंद राय मंदिर (नंदभवन) है, जहां का वातावरण अबीर-गुलाल और समाज गायन से आध्यात्मिक हो उठता है। बरसाना के हुरियारों को नंदगांव में पाहुन (अतिथि) माना जाता है। यहां लाठियों की गूंज के साथ नंद के आनंद भयो जैसे जयकारों का अनूठा संगम होता है। यहां हुरियारिनों की लाठियां अधिक तीव्र मानी जाती हैं। पुरुष चमड़े की ढालों से अपनी रक्षा करते हैं। यह दृश्य भक्ति के उस स्तर को दर्शाता है जहां भक्त और भगवान के बीच का अंतर समाप्त होकर केवल खेल शेष रह जाता है। यह केवल रंगों का खेल नहीं, बल्कि सदियों पुरानी उस मर्यादा का पालन है जहां प्रहार में भी प्रेम और चोट में भी आशीर्वाद का अनुभव होता है। लट्ठमार होली ब्रज की संस्कृति का वह दर्पण है, जहां भक्ति, श्रृंगार और वीरता एक साथ परिलक्षित होते हैं। यह उत्सव पितृसत्तात्मक समाज में महिलाओं की शक्ति और स्वाभिमान का एक अनूठा उदाहरण पेश करता है। यह सामाजिक समरसता का प्रतीक है। नंदगांव के हुरियारों को बरसाने में दामाद के समान सम्मान दिया जाता है। लाठियों की मार के बीच भी गूंजते होरी के गीत और प्रेम के रंग द्वेष को समाप्त कर देते हैं। यह होली शरीर की नहीं, अपितु आत्मा के उल्लास की है। रंगीली गली और लाड़ली जी मंदिर के प्रांगण में जब ढाल पर लाठियां पड़ती हैं, तो वह ध्वनि भक्ति के नाद जैसी प्रतीत होती है। यदि कोई हुरियारा पकड़ा जाता है, तो उसे दंड स्वरूप महिलाओं के वस्त्र पहनाकर नृत्य कराया जाता है, जो अहंकार के विसर्जन का प्रतीक है। भारतीय इतिहास में लट्ठमार होली का स्थान केवल एक उत्सव के रूप में नहीं, बल्कि ब्रज संस्कृति की अटूट जीवंतता और मध्यकाल से चली आ रही सामाजिक परंपरा के प्रमाण के रूप में है। ऐतिहासिक विवरणियों के अनुसार ब्रज की इस होली का स्वरूप 16वीं और 17वीं शताब्दी में भक्ति आंदोलन के दौरान और अधिक व्यवस्थित हुआ। चैतन्य महाप्रभु और अन्य वैष्णव संतों ने कृष्ण की लीलाओं को पुनर्जीवित किया, जिससे लट्ठमार होली को एक धार्मिक अनुष्ठान का दर्जा मिला। भारत पर हुए तमाम विदेशी आक्रमणों और सांस्कृतिक परिवर्तनों के बावजूद ब्रज की यह परंपरा कभी नहीं रुकी। यह स्थानीय समुदायों की अपनी जड़ों के प्रति दृढ़ता का प्रतीक मानी जाती है। ऐतिहासिक रूप से यह दो गांवों- नंदगांव और बरसाना-के बीच के प्रेम-संबंधों और आपसी सद्भाव को प्रगाढ़ करने का माध्यम रही है। यह उत्सव गांवों के बीच की भौगोलिक दूरी को पाटकर एक सांस्कृतिक परिवार का निर्माण करता है। भारतीय इतिहास में जहां महिलाओं को अक्सर कोमलांगी के रूप में चित्रित किया गया है, वहीं लट्ठमार होली में उनका लाठी उठाना उनकी शक्ति और समाज में बराबरी के दर्जे का ऐतिहासिक साक्ष्य है। इस होली के साथ जुड़ा समाज गायन अर्थात मध्यकालीन ब्रजभाषा के पद भारतीय लोक साहित्य की एक अनमोल धरोहर है, जो मौखिक परंपरा के माध्यम से पीढ़ियों से चली आ रही है। आज यह परंपरा यूनेस्को की सांस्कृतिक विरासत के मानकों पर खरी उतरती है और विश्व भर के पर्यटकों के लिए भारतीय इतिहास के लिविंग हेरिटेज का सबसे बड़ा उदाहरण है। इस परंपरा की मौलिकता इस तथ्य में निहित है कि यहां प्रहार में भी प्रेम छिपा है। जहां एक ओर पुरुष अर्थात हुरियारे भारी ढालों के साथ अपनी रक्षा करते हैं, वहीं महिलाएं अर्थात हुरियारिनें पूरे उत्साह के साथ उन पर लाठियों की वर्षा करती हैं। यह भक्ति और शक्ति का संतुलन है। यह दृश्य प्रतीकात्मक रूप से यह संदेश देता है कि भक्ति के मार्ग में अहंकार को चोट पहुंचाना आवश्यक है ताकि प्रेम का रंग और गहरा हो सके। भारतीय समाज के ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में लट्ठमार होली नारी शक्ति का एक जीवंत उदाहरण है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

राष्ट्रीय नवीन मेल
धर्म-अध्यात्म



# आत्म-संयम के साथ जीने का हर प्रयास है 'तपस'



स्वामी चिन्मयानंद

हम इस कार्य को किस प्रकार अर्पित करें ? यदि हम व्यायामशाला इस उद्देश्य से जाएं कि अच्छा दिखें, तो यह अहंकार को बढ़ाता है तथा केवल अपने बारे में सोचने पर मजबूर करता है। जितना अधिक हम अपनी श्रेष्ठता या हीनता के भ्रम में ध्यान केंद्रित करते हैं, उतना अधिक हम अपने बारे में सोचते हैं, न कि दूसरों के बारे में। जब हम व्यायामशाला इस उद्देश्य से जाएं कि स्वयं का पोषण करें, अपने शरीर को स्वस्थ बनाएं ताकि सेवा कर सकें, तो यह एक अर्पण बन जाता है, क्योंकि हम अपनी तपस्या का उपयोग दूसरों की सहायता करने के उद्देश्य से कर रहे हैं। बाह्य जगत के साथ अपने सभी व्यवहारों में आत्म-संयम के साथ जीने का हर प्रयास, जिसमें हमारे समस्त प्रयत्न स्वयं को एक अधिक दिव्य, श्रेष्ठ और ऊँचे स्वरूप में विकसित करने के उच्च उद्देश्य के लिए समर्पित होते हैं-उसी को 'तपस' कहा जाता है। इन पांच कार्यों में तथा इनके माध्यम से समष्टि के लिए कर्म करना, पोषण हेतु आहार करना, पवित्रता के लिए प्रार्थना करना, उन्नति हेतु दान देना तथा वृद्धि के लिए अनुशासन अपनाना हम कार्य को उपासना में परिवर्तित कर सकते हैं। ये पाँच कर्म केवल उदाहरण के रूप में लिए गए हैं, यह दिखाने के लिए कि वास्तव में हम जो कुछ भी करते हैं, वह पूजा का रूप ले सकता है। इसे हमारे दैनिक जीवन में सहज रूप से समाहित किया जा सकता है। जब सभी क्रियाएं समर्पण-भाव से की जाती हैं, तब वे न केवल परमेश्वर के प्रति हमारा प्रेम बढ़ाती हैं, अपितु हमारा सम्पूर्ण जीवन भी एक उच्च उद्देश्य तथा दिव्य लक्ष्य से पवित्र हो जाता है... हम सरलता से समझ सकते हैं कि यह श्लोक हमें एक कुशल तथा गुप्त विधि प्रदान करता है, जिसके द्वारा साधक अनजाने में ही सतत् परमेश्वर का स्मरण करते रहते हैं; न तो घने वनप्रदेशों में, न गुप्त गुफाओं में, बल्कि जीवन के संघर्षपूर्ण क्षेत्रों में भी। *- पुस्तक गीता पंचामृत से साभार)*

# मिलावट के दौर में गुणवत्ता की गारंटी नहीं

अलग बात




शिवानी सिंह

एक दौर था जब नाना-दादा सुबह घर का बना छांछ और रात की बासी रोटी खाकर सुबह खेतों में निकाल जाया करते थे और वहां घंटों काम करने के बाद घर वापस आकार वही बाजरे, मक्के की रोटी और उसके साथ जो भी उपलब्ध हो खाकर थोड़ा आराम फिर अपने काम की ओर वापस। शाम हुई तो घर का बना दलिया और घर की गईया का एक ग्लास दूध बस हो गया पूरे एक दिन का खाना फिर भी उनके शरीर में जो ताकत रहती थी आज के युवा पीढ़ी में कहां फर्क सिर्फ इतना था वो घर का बना, उनके खेत का उगया बिना खाद और बिना पेस्टिसाइड वाला शुद्ध भोजन और शारीरिक मेहनत करते थे। आधुनिकता के दौर में हम इतने अंधे होते जा रहे है कि हमे ना ही अपने खेतों की गुणवत्ता की परवाह रह गई है ना ही अपने स्वयं के स्वास्थ्य की। गलती हमारी भी नहीं है क्योंकि वक्त की ऐसा चल रहा जिसमें सभी प्रतिस्पर्धा में भाग रहे है। गावं से शहर की ओर पलायन दिन-प्रतिदिन तेजी से बढ़ रहा है बढ़े भी क्यों नहीं बेरोजगारी और भुख इंसान को अपनों को छोड़ने पर मजबूर कर दे रहा है। जो लोग गावं में रह कर खेती किसानी कर भी रहे वो ज्यादा मुनाफा कमाने के लिए ज्यादा उत्पादन चाहते है इसी कारणवश उन्हें खतरनाक पेस्टिसाइड और अन्य उत्पादन बढ़ाने वाले पदार्थों का प्रयोग कर रहे है। गावं से शहर की ओर आया व्यक्ति शहरीकरण का शिकार होता जा रहा है और शहरों में भी जनसंख्या घनत्व इतनी तेजी से बढ़ रहा है कि शहर से समीप गांव का अस्तित्व खतरे में आता नजर या रहा है। इन्हीं सब कमियों का लाभ उठाकर बड़ी बड़ी कंपनियां अपना मुनाफा काम रही है। अमूल एक ऐसा नाम है जिसे देश का बच्चा- बच्चा जनता है। अकले अमूल कंपनी का कुल टर्न ओवर वित्त वर्ष 2024-25 में 90 हजार करोड़ था वहीं मदर डेयरी का लगभग 17,500 करोड़ रहा है। जिन कॉम्पनियों के उत्पादों पर हम आँख बंद कर के भरोसा कर रहे है क्या वो हमारे स्वास्थ्य के लिए उचित उत्पाद बना रही है? उत्तर में हम बिल्कुल भी सतप्रतिशत हां नहीं कह सकते है। बीते दिनों ट्रस्टीफाइड नामक एक यू ट्यूब चैनल ने अमूल, मदर डेयरी और कन्ट्री डीलाइट के दूध का स्वतंत्र माइक्रो बायोलॉजिकल परीक्षण करवाया परिणाम अत्यंत दुखद है, भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (फ़स्साई) के सुरक्षा मानक से काफी ऊपर आए। इन कॉम्पनियों के दूध में कोलीफॉर्म्स और टोटल प्लेट काउन्ट की मात्रा फ़स्साई की सैफ लिमिट से अधिक पाए गए है जो एक हानिकारक बैक्टीरिया है। इसका अर्थ यह है की दूध में दूषित पानी की मात्रा अधिक है जिसको पीने से पेट से जुड़ी समस्याएं हो सकती है। विडंबना यह है की इंसान करे तो क्या करे सांस ले तो हवा जहरीली, सब्जी खाए तो पेस्टिसाइड भरा है फल, मसाले और अब दूध भी। रोजगार है नहीं मेहनत से इंसान पैसे कमा रहा है और इन सभी मिलवाटी उत्पादों का सेवन कर रहा जो महंगाई के दौर मैं जो भी थोड़ी बहुत बचत हो रही है वो दवाइयों में चली जा रही है। यह एक बहुत बड़ा प्रश्न है की इसका उपाय क्या है? ऐसी कोई भी खबर आती है थोड़े दिन तक चलती है फिर सभी अपने अपने कामों में व्यस्त और फिर से हम इन्हीं उत्पादों का सेवन करने लग जाते विवशता है या कोई अन्य उपाय है ही नहीं। अंत में यही कह सकते है मिलावट के दौर में व्यक्ति के जीवन का कोई भरोसा नहीं।

**(ये लेखिका के निजी विचार हैं।)**

फेसबुक वॉल से




एक्स से




## आज का दोहा

करने को कुछ है नहीं, भरने को बहुतेर।
आ भी जाओ राम जी, बहुत हो गयी देर।।
सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

संपादक

# होलाष्टक के आठ दिनों का आध्यात्मिक विज्ञान

देश की बात



महेंद्र तिवारी

होलाष्टक का काल भारतीय संस्कृति में केवल तिथियों का समूह नहीं है, बल्कि यह समय के उस सूक्ष्म अंतराल का प्रतीक है जहां प्रकृति, ग्रह-नक्षत्र और मानवीय चेतना एक विशिष्ट रूपांतरण से गुजरते हैं। फाल्गुन शुक्ल पक्ष की अष्टमी से शुरू होकर पूर्णिमा तक चलने वाले ये आठ दिन जिन्हें हम होलाष्टक कहते हैं, वर्ष 2026 में 24 फरवरी से आरंभ होकर 3 मार्च तक अपनी व्याप्ति बनाए रखेंगे। इस अवधि को सामान्यतः शुभ कार्यों के लिए वर्जित माना जाता है, लेकिन यदि हम इसके आध्यात्मिक, ज्योतिषीय और वैज्ञानिक धरातल को गहराई से देखें, तो यह वर्जना वास्तव में एक गहरी तैयारी और आंतरिक शुद्धि का निमंत्रण है। वैदिक ज्योतिष के अनुसार, इन आठ दिनों में सौरमंडल के आठ प्रमुख ग्रह- चंद्रमा, सूर्य, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि और राहु-क्रमशः अपनी उग्र अवस्था में होते हैं। ग्रहों की यह उग्रता सीधे तौर पर मानव मस्तिष्क और उसकी निर्णय लेने की क्षमता को प्रभावित करती है। जब ब्रह्मांडीय ऊर्जाएं इतनी अस्थिर और प्रखर हों, तो किसी भी नए जीवन-प्रसंग जैसे विवाह, गृह-प्रवेश या व्यापारिक प्रतिष्ठान की नींव रखना जोखिम भरा माना जाता है क्योंकि अस्थिर नींव पर खड़ा भवन दीर्घजीवी नहीं होता। अष्टमी तिथि को जब होलाष्टक का आरंभ होता है, तब चंद्रमा अपनी चंचलता के चरम पर होता है। चंद्रमा मन का कारक है, और इसकी उग्रता व्यक्ति के भीतर भावनाओं का ज्वार पैदा करती है। यही कारण है कि होलाष्टक के शुरुआती दिनों में लोग अक्सर बिना किसी ठोस कारण के बेचैनी या मानसिक भारीपन महसूस करते हैं। जैसे-जैसे दिन बीतते हैं, सूर्य, मंगल और शनि जैसे क्रूर ग्रहों का प्रभाव बढ़ता जाता है, जिससे अहंकार, क्रोध और आलस्य की प्रवृत्तियां उभरने लगती हैं। पौराणिक संदर्भों में इस काल को प्रह्लाद की यातनाओं से जोड़कर देखा गया है। राक्षसराज हिरण्यकशिपु ने अपने ही पुत्र को भक्ति मार्ग से विचलित करने के लिए इन आठ दिनों में जो क्रूरतम प्रयास किए, वे मानवीय सीमाओं की परीक्षा थे। कभी प्रह्लाद को ऊंचे पर्वत से नीचे फेंका गया, कभी विषधर सर्पों के बीच छोड़ा गया और कभी मतवाले हाथियों के पैरों तले कुचलवाने का प्रयास हुआ। यह कथा हमें यह सिखाती है कि जब बाहरी परिस्थितियां अत्यंत प्रतिकूल हों और चारों ओर नकारात्मक शक्तियों का घेरा हो, तब केवल आंतरिक विश्वास और ईश्वर के प्रति अटूट समर्पण ही रक्षा कवच का कार्य करता है। प्रह्लाद की वह भक्ति आज के संदर्भ में हमारे 'आत्म-बल' का प्रतीक है। वैज्ञानिक दृष्टि से देखें तो होलाष्टक का समय ऋतु परिवर्तन का संधिकाल है। उत्तर भारत में शीत ऋतु विदा ले रही होती है और ग्रीष्म का आगमन पदचाप सुनाने लगता है। इस संक्रमण काल में वातावरण में नमी और तापमान का संतुलन बिगड़ता है, जिससे सूक्ष्म जीवाणु और वायरस अत्यधिक सक्रिय हो जाते हैं। हमारे पूर्वजों ने इस समय को 'अशौच' या संयम का समय इसलिए घोषित किया ताकि लोग भीड़भाड़ वाले आयोजनों से बचें और अपने स्वास्थ्य पर ध्यान दें। होलाष्टक के दौरान होलिका रोपण की परंपरा भी इसी वैज्ञानिक बोध का हिस्सा है। गाँव के चौराहे पर लकड़ियाँ और सूखी टहनियाँ एकत्र करना केवल एक रस्म नहीं, बल्कि परिवेश की स्वच्छता का अभियान है। होलिका दहन के समय निकलने वाली अग्नि और उसमें डाली जाने वाली औषधियाँ जैसे कपूर, गूगल और लोबान वातावरण को विसंक्रमित करने का कार्य करती हैं। इस प्रकार, जो हमें धार्मिक निषेध दिखाई देता है, उसके मूल में जन-स्वास्थ्य की गहरी चिंता छिपी हुई है। आधुनिक जीवनशैली में जहां तनाव और 'बर्नआउट' एक महामारी का रूप ले चुके हैं, वहां होलाष्टक को एक 'कॉस्मिक डिटॉक्स' या 'डिजिटल डिटॉक्स' के रूप में अपनाया जाना चाहिए।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', सह कार्यकारी संपादक : प्रवीण कुमार दूबे, स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : समाचार - news.rnmail@gmail.com, लेख - article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तेज़ी से बदलते जियोपॉलिटिकल हालात के बीच मिलेंगे नेतन्याहू से

# इजरायल के साथ बड़े रक्षा सौदे पर लग सकती है मुहर

**एजेंसी। काठमांडू**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इजरायल के दो दिन के दौरे पर जा रहे हैं। दुनिया भर में अनिश्चितताओं और तेज़ी से बदलते जियोपॉलिटिकल हालात के बीच इस दौरे को बहुत ज़रूरी माना जा रहा है। इस हाई-स्टेक दौरे के दौरान, भारत के एडवांस्ड इज़रायली वेपन सिस्टम की खरीद के लिए ज़रूरी एग्रीमेंट को फ़ाइनल करने की उम्मीद है। नई दिल्ली लेज़र-गाइडेड हथियार खरीदने के लिए बड़े डिफ़ेंस डील कर सकती है, जिसमें लंबी दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइलें भी शामिल हैं, जिनके बारे में माना जाता है कि वे ब्रह्मोस से भी ज्यादा खतरनाक हैं। भारत आयरन डोम एयर डिफ़ेंस सिस्टम और एडवांस्ड ड्रोन खरीदने पर भी विचार कर सकता है। इनमें से कई सिस्टम मोदी के खास मेक इन इंडिया प्रोग्राम के तहत भारत और इज़राइल मिलकर बना सकते हैं।



#### पीएम का रणनीतिक सहयोग पर फोकस

पीएम नरेन्द्र मोदी की बुधवार से दो दिनों की इजरायल यात्रा शुरू हो रही है। 2017 के बाद पीएम के दौरे को द्विपक्षीय संबंधों के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है। दोनों देश रक्षा, आर्थिक साझेदारी से लेकर अहम मुद्दों पर बात करेंगे। दिल्ली में तैनात इस्त्राइली राजदूत ने एक विडियो जारी कर इस दौरे को बेहद अहम बताया है। इसमें क्वॉटम, साइबर क्षेत्र और AI जैसे अहम क्षेत्रो में सहयोग की बात की गई है। इसके अलावा कहा गया कि कृषि समेत कुछ अहम क्षेत्रों पर भी जोर होगा।

#### सुदर्शन चक्र की तकनीक पर पार्टनरशिप

भारत 2035 तक शहरी सेंटर्स और ज़रूरी इंफ्रास्ट्रक्चर को मिसाइल और ड्रोन हमलों से बचाने के लिए 'सुदर्शन चक्र' नाम का एक घरेलू, मल्टी-टियर एयर डिफेंस आर्किटेक्चर बनाने की दिशा में काम कर रहा है। इस कोशिश के तहत, नई दिल्ली आयरन डोम, एरो और डेविड्स स्लिंग सिस्टम जैसी टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करने के लिए इज़राइल के साथ पार्टनरशिप कर रहा है। प्लान किया गया फ्रेमवर्क बराक-8 एमआर-एसएएम/एलआर-एसएएम प्लेटफॉर्म को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, एडवांस्ड सेंसर नेटवर्क और मज़बूत साइबर-डिफेंस क्षमताओं के साथ मिलाकर एक इंटीग्रेटेड प्रोटेक्टिव शील्ड बनाएगा।

#### मसाला 1000 प्रिसिजन गाइडेड बम

फोर्ब्स इंडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत हाल ही में मंज़ूर किए गए एक बड़े डिफेंस प्रोक्योरमेंट पैकेज के हिस्से के तौर पर इज़राइल से SPICE-1000 प्रिसिजन-गाइडेड बम किट खरीदने की ओर बढ़ रहा है। SPICE का मतलब है स्मार्ट, प्रिसाइज इम्पैक्ट, कॉस्ट-इफेक्टिव। SPICE GPS और इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल गाइडेंस टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करता है और लंबी दूरी से टारगेट को हिट कर सकता है। इन्हें खराब मौसम या GPS-जैमिंग माहौल में भी बहुत सटीकता से हमला करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

### मध्य प्रदेश के उड़द उत्पादक किसानों को 600 रुपए प्रति क्विंटल का बोनस : सीएम मोहन यादव

**भोपाल ।** मध्य प्रदेश की मोहन यादव सरकार ने राज्य के उड़द उत्पादक किसानों के लिए बड़ी सौगात दी है। सीएम मोहन यादव ने कहा कि राज्य के उड़द उत्पादक किसानों को निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 600 रुपए प्रति क्विंटल बोनस के रूप में दिया जाएगा।



मुख्यमंत्री मोहन यादव ने संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के द्वारा राज्य के किसानों के लिए किसान कल्याण वर्ष मनाया जा रहा है। राज्य के किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास जारी हैं। खासकर गर्मी की फसल में उड़द को प्रोत्साहन देने के लिए एमएसपी के अलावा मध्य प्रदेश सरकार अपने किसानों को 600 रुपए क्विंटल का बोनस देने जा रही है। यह बड़ी घोषणा और योजना है, इसके माध्यम से राज्य के किसानों को लाभ होगा और खेती का रकबा भी बढ़ेगा। इससे राज्य में लगभग तीन लाख हेक्टेयर का रकबा बढ़ाने की संभावना है। सीएम मोहन यादव ने आगे कहा कि राज्य में लगभग पांच लाख हेक्टेयर में उड़द का उत्पादन हो रहा है। उड़द का समर्थन मूल्य 7800 रुपए प्रति क्विंटल है। ऐसे में 600 जोड़ा जाएगा। राज्य सरकार किसानों के लिए भावांतर योजना लागू कर चुकी है और सोयाबीन किसानों को इसका लाभ भी हुआ है। उन्होंने आगे कहा कि भावांतर योजना से अब तक सोयाबीन किसानों को 1500 करोड़ रुपए की राशि दी गई है।

### एमके स्टालिन सियासी फायदे के लिए भावनात्मक मुद्दों का जिक्र कर रहे हैं : तमिलिसै

**चेन्नई ।** भाजपा नेता तमिलिसै सौंदरराजन ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन पर निशाना साधा।



उन्होंने कहा कि आखिर ऐसी क्या वजहें हैं कि वे हमेशा चुनाव आने से पहले ही ऐसे मुद्दों को उठाना जरूरी समझते हैं, जिससे लोगों को भावनात्मक रूप से इस्तेमाल किया जा सकें। उन्होंने मंगलवार को समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में कहा कि हम इस बात को भलीभांति जानते हैं कि जैसी चुनाव की घड़ी निकट आती है, तो एमके स्टालिन कभी भाषा तो कभी परिसीमन जैसे मद्दों का जिक्र करके राजनीतिक लाभ अर्जित करने की कोशिश करते हैं, लेकिन मैं एक बात स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि इससे किसी भी प्रकार का राजनीतिक लाभ प्राप्त होने वाला नहीं है। भाजपा नेता तमिलिसै सौंदरराजन ने कहा कि मुझे यह कहने में कोई हर्ज नहीं है कि एमके स्टालिन मौजूदा समय में भावनात्मक मुद्दों का जिक्र अपने पक्ष में राजनीतिक माहौल कर रहे हैं। उन्हें लगता है कि ऐसा करने से बड़े स्तर पर राजनीतिक फायदा प्राप्त होगा। मैं एक बात स्पष्ट कर देना चाहती हूं कि इससे उन्हें किसी भी प्रकार का फायदा होने वाला नहीं है, क्योंकि आज की तारीख में प्रदेश की जनता काफी समझदार है। वो हर चीजों से वाकिफ हैं। ऐसी स्थिति में मुख्यमंत्री की ओर से ऐसे भावनात्मक मुद्दों का जिक्र किया जाना पूरी तरह से निष्फल ही साबित होगा।

### बांग्लादेश पुलिस के 'एंटी-ड्रग' ऑपरेशन में पत्रकार और छात्र घायल

**ढाका ।** बांग्लादेश की राजधानी स्थित सुहरावर्दी उद्यान में "एंटी-ड्रग" ऑपरेशन के दौरान कई पत्रकार, ढाका यूनिवर्सिटी (डीयू) के छात्र और एक पुलिसवाला घायल हो गए। स्थानीय मीडिया के मुताबिक सोमवार शाम को ये अभियान चलाया गया था। रमना जोन के डिप्टी कमिश्नर (डीसी) मसूद के मुताबिक, सोमवार शाम को ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस (डीएमपी) के रमना जोन ने यह ऑपरेशन शुरू किया था, जिसमें सात से आठ लोगों को हिरासत में लिया गया और करीब 60 से 70 पुलिसवालों को तैनात किया गया। बांग्लादेश के जाने-माने डेली ढाका ट्रिब्यून ने सोमवार को वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के हवाले से कहा था कि, "लोगों को गिरफ्तार नहीं किया गया है; मकसद बस उन्हें डराने का था।" घायलों की पहचान अजकर पत्रिका के लोकल मीडिया रिपोर्टर कवसर अहमद रिपन, बांग्लान्यूज24 के रिपोर्टर तोफायेल अहमद, डीयू छात्र नईम उद्दीन और एक पुलिस कांस्टेबल के तौर पर हुई है। रिपन के मुताबिक, पुलिस ने शुरू में उनके साथी तोफायेल पर हमला किया, और जब उन्होंने बीच-बचाव किया तो उन्हें भी पीटा गया। रिपन ने कहा, "मैं दौड़कर गया और पूछा कि वे उसे क्यों मार रहे हैं, तो उन्होंने मेरा फोन छीन लिया और मुझे भी मारना शुरू कर दिया।

### विश्वविद्यालयों की विदेशी फंडिंग पर ट्रंप प्रशासन का पारदर्शिता अभियान तेज

**वाशिंगटन।** अमेरिका में ट्रंप प्रशासन ने विदेशी स्रोतों से विश्वविद्यालयों को मिलने वाली फंडिंग पर निगरानी ज्यादा सख्त करने की नई पहल शुरू की है। प्रशासन ने साफ किया है कि यह कदम अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग को रोकने के लिए नहीं, बल्कि पारदर्शिता और राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से उठाया गया है। इस घोषणा के तहत अमेरिकी शिक्षा विभाग और अमेरिकी विदेश विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने संयुक्त रूप से एक नया सार्वजनिक रिपोर्टिंग पोर्टल लॉन्च किया है। इस पोर्टल के जरिए विश्वविद्यालय विदेशी स्रोतों से मिलने वाले उपहार और अनुबंध की जानकारी आसानी से दर्ज कर सकेंगे, और आम जनता भी इन आंकड़ों को देख सकेगी। पब्लिक डिप्लोमेसी की अंडर सेक्रेटरी सारा रोजर्स ने कहा कि वर्षों से लागू हायर एजुकेशन एक्ट की धारा 117 एक कानूनी प्रावधान है, जिसका उद्देश्य विदेशी फंडिंग और प्रभाव को लेकर अमेरिकी नागरिकों को पारदर्शिता और जवाबदेही प्रदान करना है। यह प्रावधान 1986 में जोड़ा गया था। इसके अनुसार संघीय सहायता पाने वाले किसी भी विश्वविद्यालय को एक कैलेंडर वर्ष में एक ही विदेशी स्रोत से 2.5 लाख डॉलर (250,000 डॉलर) से अधिक के उपहार या अनुबंध की जानकारी देना अनिवार्य है, हालांकि अधिकारियों का कहना है कि इस नियम के पालन में निरंतरता नहीं रही है। शिक्षा विभाग के अनुसार केवल वर्ष 2025 में अमेरिकी विश्वविद्यालयों ने विदेशी संस्थाओं से 5.2 अरब डॉलर से अधिक फंडिंग प्राप्त होने की सूचना दी।

### झारखंड को बड़ी सौगात

# गम्हरिया-चांडिल रेलखंड पर तीसरी व चौथी लाइन को कैबिनेट की मंजूरी

**उदय चंद्र सिंह**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने आज रेल मंत्रालय की लगभग 9,072 करोड़ रुपये की लागत से रेलवे लाइनों की संख्या बढ़ाने संबंधी तीन परियोजनाओं को स्वीकृति दी। इनमें झारखंड की गम्हरिया-चांडिल तीसरी और चौथी लाइन भी शामिल हैं। इसके अलावा गोंडिया – जबलपुर लाइन दोहरीकरण और पुनारख-किऊल तीसरी और चौथी लाइन को भी मंजूरी दी गयी है। महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, बिहार और झारखंड के 8 जिलों में व्याप्त इन तीन परियोजनाओं से भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 307 किलोमीटर की बढ़ोतरी होगी।प्रस्तावित मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना से लगभग 5,407 गांवों में संपर्क में सुधार होगा, जिनकी आबादी लगभग 98 लाख है।

बढ़ी हुई रेल लाइन क्षमता से आवागमन में उल्लेखनीय सुधार आएगा और भारतीय रेलवे की परिचालन दक्षता और सेवा विश्वसनीयता बढ़ेगी। रेलवे लाइनों की संख्या बढ़ाने संबंधी प्रस्ताव से परिचालन सुव्यवस्थित बनाने और यात्री तथा माल भीड़भाड़ कम करने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नए भारत के भविष्य दृष्टि अनुरूप इन परियोजनाओं का उद्देश्य क्षेत्र के व्यापक विकास द्वारा रोजगार/स्वरोजगार के अवसर बढ़ाकर वहां के लोगों को आत्मनिर्भर बनाना है। प्रधानमंत्री गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के अंतर्गत तैयार इन परियोजनाओं का मुख्य उद्देश्य एकीकृत योजना और हितधारकों के परामर्श द्वारा बहु-मार्गीय संपर्क और परिवहन दक्षता बढ़ाना है। इन परियोजनाओं से लोगों, वस्तुओं और सेवाओं की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित होगी।

### कैबिनेट ने केरल का नाम बदलकर 'केरलम' करने के प्रस्ताव को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मंगलवार को एक महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए केरल का नाम बदलकर 'केरलम' करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट बैठक के बाद इस फैसले की जानकारी दी। उन्होंने इस फैसले को लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करने वाला कदम बताया। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अपने संबोधन में कहा कि कैबिनेट में लिए गए अहम फैसलों में सबसे प्रमुख निर्णय केरल का नाम बदलकर 'केरलम' करना है। उन्होंने बताया कि भाषाई आधार पर राज्यों के पुनर्गठन के बाद से ही यह मांग उठती रही है कि राज्य का आधिकारिक नाम उसकी स्थानीय भाषा के अनुरूप होना चाहिए। मलयालम भाषा में राज्य को 'केरलम' कहा जाता है, इसलिए लंबे समय से यह मांग की जा रही थी कि आधिकारिक रूप से भी राज्य का नाम 'केरलम' किया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह केवल केंद्र का एकतरफा निर्णय नहीं है, बल्कि इसके लिए एक निर्धारित संवैधानिक और प्रशासनिक प्रक्रिया का पालन किया जाएगा। इस प्रक्रिया में राज्य सरकार और राज्य विधानसभा की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। राज्य विधानसभा की मंजूरी के बाद केंद्र सरकार आवश्यक विधायी प्रक्रिया पूरी करेगी और इसके बाद संसद में प्रस्ताव लाया जाएगा। उन्होंने बताया कि राज्य के नाम में बदलाव से संबंधित प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही इसे आधिकारिक रूप से लागू किया जाएगा।



### श्रीनगर एयरपोर्ट के विस्तार को कैबिनेट के फैसले का नायडू ने स्वागत किया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने श्रीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सिविल एन्क्लेव के 1,677 करोड़ रुपए के विस्तार के लिए कैबिनेट कमिटी ऑन इकोनॉमिक अफेयर्स की मंजूरी का स्वागत किया है। यह प्रोजेक्ट, जिसे एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) लागू करेगा, जम्मू और कश्मीर में एविएशन इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने और सबको साथ लेकर चलने वाले विकास को तेज करने में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में सरकार रीजनल कनेक्टिविटी को बदलने और केंद्र शासित प्रदेश की अपार आर्थिक क्षमता को अनलॉक करने के लिए कमिटेड है। श्रीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट अभी सालाना (वित्त वर्ष 2024–25) लगभग 44.7 लाख यात्रियों, लगभग 28,500 विमानों की आवाजाही और लगभग 10,000 मीट्रिक टन कार्गो को हैंडल करता है। सीजनल पीक, खासकर गर्मियों के महीनों में, मौजूदा टर्मिनल कैपेसिटी को लगातार बढ़ाते रहे हैं, जो विस्तार की तुरंत जरूरत को साफ तौर पर दिखाता है। मंजूर किए गए प्रोजेक्ट से एयरपोर्ट की सालाना पैसेंजर हैंडलिंग कैपेसिटी चार गुना बढ़ जाएगी, 2.5 मिलियन से बढ़कर 10 मिलियन पैसेंजर हर साल। पीक आवर में पैसेंजर हैंडलिंग कैपेसिटी 950 से बढ़कर 2,900 पैसेंजर हो जाएगी, जिससे भीड़भाड़ काफी कम होगी और पैसेंजर की सुविधा बढ़ेगी। एप्रन को 15 एयरक्राफ्ट के लिए बढ़ाया जाएगा, जिसमें वाइड-बॉडी एयरक्राफ्ट भी शामिल हैं, जिससे घरेलू और इंटरनेशनल कनेक्टिविटी बेहतर होगी और श्रीनगर उत्तरी भारत के लिए एक अहम एविएशन गेटवे के तौर पर उभरेगा। अभी जम्मू-कश्मीर के ग्रॉस स्टेट डोमेस्टिक प्रोडक्ट में टूरिज्म का हिस्सा लगभग 7 फीसदी है। बेहतर एयर कनेक्टिविटी और वर्ल्ड-क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ, आने वाले सालों में यह हिस्सा बढ़कर 10-12 फीसदी होने का अनुमान है।

### छिब्बर को मिला नीति आयोग की सीईओ का अतिरिक्त प्रभार

**नई दिल्ली।** बीवीआर सुब्रह्मण्यम का तीन साल का कार्यकाल मंगलवार को पूरा होने के बाद सरकार ने निधि छिब्बर को नीति आयोग की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) का अतिरिक्त प्रभार दिया है। छिब्बर वर्तमान में नीति आयोग के विकास निगरानी एवं मूल्यांकन कार्यालय (डीएमईओ) की महानिदेशक के पद पर कार्यरत हैं। मौजूदा समय में वह केंद्र सरकार की कई प्रमुख योजनाओं की निगरानी और मूल्यांकन करके उनके प्रदर्शन और प्रभाव का आकलन करने के लिए जिम्मेदार हैं। छत्तीसगढ़ कैडर की 1994 बैच की आईएएस अधिकारी छिब्बर ने अपने करियर में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। इससे पहले वे केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की अध्यक्ष रह चुकी हैं, जहां उन्होंने प्रमुख सुधारों और परीक्षा प्रक्रियाओं की देखरेख की। उनके पास इतिहास में स्नातकोत्तर और विधि स्नातक (एलएलबी) की डिग्री है, और उनकी अंग्रेजी और हिंदी दोनों भाषाओं पर अच्छी पकड़ है।

### पख्तूनख्वा में पुलिस वाहन पर फायरिंग, डीएसपी समेत 7 की मौत

**पेशावर ।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में हुई अंधाधुंध फायरिंग में डीएसपी समेत सात पुलिसवालों के मारे जाने की खबर है। ये हमला केपी के कोहाट जिले में मंगलवार को हुआ। स्थानीय मीडिया ने इसकी जानकारी दी है। पुलिस के हवाले से बताया कि हमला लाची के डीएसपी (पुलिस उपाधीक्षक) को निशाने पर लेकर किया गया था। उनके पुलिसिया वाहन पर शकरदरा रोड के पास हथियारबंद हमलावरों ने जबरदस्त फायरिंग की। डीएसपी अपने दो गार्ड के साथ मौके पर ही मारे गए थे। हमले के बाद, कोहाट से इलाके में और पुलिस की टुकड़ियां भेजी गईं, और हमलावरों को पकड़ने के लिए सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया।

# कोर्ट ने उदय भानु को 4 दिन की पुलिस कस्टडी में भेजा

**एजेंसी। नई दिल्ली**


पटियाला हाउस कोर्ट ने इंडियन यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब को मंगलवार को चार दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। अदालत ने सुनवाई के बाद यह आदेश सुनाया। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए अदालत परिसर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। उदय भानु चिब को अदालत में मंगलवार की सुबह पेश किया गया, जहां सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने पहले अपना फैसला सुरक्षित रखा और दोपहर 12:30 बजे आदेश सुनाने की बात कही। सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस ने अदालत से सात दिन की पुलिस कस्टडी की मांग की थी। पुलिस ने दलील दी कि चिब कथित साजिश में शामिल रहे हैं और उन्होंने प्रदर्शनकारियों को सहयोग और दिशा-निर्देश दिए थे।



पुलिस का कहना था कि देश के अलग-अलग हिस्सों से लोग प्रदर्शन में शामिल हुए थे और उनसे जुड़े तथ्यों की जांच के लिए आरोपी को विभिन्न स्थानों पर ले जाना जरूरी है। इसी आधार पर विस्तृत पूछताछ के लिए लंबी कस्टडी की मांग की गई। पुलिस के वकील ने अदालत को बताया कि प्रदर्शन से जुड़ी गतिविधियों की निगरानी चिब कर रहे थे और जो लोग भारत मंडपम पहुंचे थे, वे उनके निर्देश पर वहां गए थे और लगातार उनके संपर्क में थे। पुलिस ने यह भी तर्क दिया कि घटना के समय वहां बड़ी संख्या में विदेशी प्रतिनिधि मौजूद थे और इस घटनाक्रम से वैश्विक मंच पर भारत की छवि को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की गई। पुलिस के अनुसार इस मामले में राष्ट्रीय सुरक्षा, संप्रभुता और एकता जैसे गंभीर मुद्दे प्रभावित हुए हैं। वहीं बचाव पक्ष ने पुलिस कस्टडी की मांग का कड़ा विरोध किया।


### उदय भानु चिब की गिरफ्तारी तानाशाही प्रवृत्ति का प्रमाण है: राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** भारत मंडपम में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान इंडियन यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए 'शर्टलेस प्रोटेस्ट' के सिलसिले में दिल्ली पुलिस ने इंडियन यूथ कांग्रेस (युवा कांग्रेस) के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब को गिरफ्तार कर लिया है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने इस गिरफ्तारी का विरोध किया है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि उदय भानु चिब की गिरफ्तारी तानाशाही प्रवृत्ति और कायरता का प्रमाण है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने लिखा कि शांतिपूर्ण विरोध हमारी ऐतिहासिक धरोहर है। यह हमारे खून में है और हर भारतीय का लोकतांत्रिक अधिकार है। मुझे युवा कांग्रेस के अपने बब्बर शेर साथियों पर गर्व है।



### एआई शिखर सम्मेलन में युवा कांग्रेस सदस्यों ने राष्ट्रहित में प्रदर्शन किया

**बेंगलुरु।** एआईसीसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को दिल्ली में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट में भारतीय युवा कांग्रेस के बिना शर्ट के विरोध प्रदर्शन का बचाव करते उसे राष्ट्रहित में बताया। उन्होंने नई दिल्ली में एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान हुए विरोध प्रदर्शन के सिलसिले में युवा कांग्रेस सदस्यों की गिरफ्तारी की कड़ी निंदा करते हुए इस कार्रवाई को अलोकतांत्रिक और अनुचित बताया। खड़गे ने कहा कि युवा कांग्रेस सदस्यों ने राष्ट्रहित में और बेरोजगारी तथा किसानों की स्थिति जैसे गंभीर मुद्दों को उजागर करने के लिए यह विरोध प्रदर्शन किया था। खड़गे ने कहा कि दिल्ली में एआई इम्पैक्ट समिट में हुए विरोध प्रदर्शन के सिलसिले में एआईसीसी युवा कांग्रेस से जुड़े हमारे युवाओं को गिरफ्तार कर पुलिस और न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।




## एक नजर

### डिजिटल गवर्नेंस को गति देने के लिए एआई गोवटेक इनोवेशन सेंटर की शुरुआत

**नई दिल्ली / रांची ।** आईबीएम ने डिजिटल गवर्नन्स को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एआई गोवटेक इनोवेशन सेंटर की शुरुआत की है। कंपनी के अनुसार यह पहल आधुनिक शासन प्रणाली में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के प्रभावी उपयोग के माध्यम से सार्वजनिक सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने और प्रशासनिक पारदर्शिता को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह सेंटर भरोसेमंद एआई सोल्यूशन्स के विकास, परीक्षण और बड़े स्तर पर क्रियान्वयन के लिए एक साझा मंच के रूप में कार्य करेगा। आईबीएम के चेयरमैन, प्रेसिडेंट और चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर अरविंद कृष्णा ने कहा कि एआई सरकारों की कार्यक्षमता और आर्थिक प्रतिस्पर्धा को नई दिशा देने की क्षमता रखता है तथा रिस्पॉन्सिबल एआई को अपनाना समय की आवश्यकता है। आईबीएम ने संकेत दिया कि वह झारखंड सहित पूर्वी भारत के राज्यों में डिजिटल क्षमताओं को सशक्त बनाने और एआई आधारित प्रशासनिक सोल्यूशन्स को आगे बढ़ाने के लिए तकनीकी सहयोग पर ध्यान केंद्रित कर रही है|

### कनाडा का बड़ा फैसला, 26/11 के आतंकी तहव्वुर राणा की नागरिकता होगी रद्द

**नई दिल्ली ।** मार्क कार्नी के नई दिल्ली दौरे से पहले एक अहम डिप्लोमैटिक कदम उठाते हुए, कनाडा 26/11 मुंबई आतंकी हमलों के दोषी मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा की नागरिकता रद्द करने की तैयारी कर रहा है। राणा, जो अभी भारत में अपनी सज़ा काट रहा है, को कनाडा सरकार के फैसले के बारे में ऑफिशियली बता दिया गया है। 64 साल का राणा पाकिस्तान में जन्मा कनाडाई नागरिक है और 2008 के मुंबई आतंकी हमलों के मुख्य साज़िश करने वालों में से एक, डेविड कोलमैन हेडली, उर्फ दाऊद गिलानी, जो एक US नागरिक है, का करीबी साथी है। ग्लोबल न्यूज़ की रिपोर्ट के मुताबिक, कनाडा के इमिग्रेशन अधिकारियों ने राणा पर गलत जानकारी देकर नागरिकता लेने का आरोप लगाया है। अधिकारियों का दावा है कि जब राणा ने 2001 में कनाडा की नागरिकता के लिए अप्लाई किया था, तो उसने अपने रहने की जगह और ट्रैवल हिस्ट्री के बारे में गलत जानकारी दी थी।



### मीट-मछली दुकानों पर पाबंदी का फैसला गरीबों के पेट पर प्रहार : मौलाना रशीदी

**पटना ।** बिहार सरकार ने शिक्षण संस्थानों और धार्मिक स्थलों के पास मीट मछली की दुकानों पर बैन लगाने का फैसला किया है, जिसकी अब अखिल भारतीय इमाम संघ के अध्यक्ष मौलाना साजिद रशीदी ने आलोचना की है। उन्होंने मंगलवार को समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में कहा कि बिल्कुल यह अच्छी बात है कि धार्मिक स्थल और शिक्षण संस्थानों के आसपास मीट-मछली की दुकानें नहीं होनी चाहिए, लेकिन हमें इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि संविधान में खाने के अधिकार का भी प्रावधान है, जिसके तहत उसे कुछ भी खाने का अधिकार है। ये तो रहा पहला बिंदु। अब अगर दूसरे बिंदु की बात करें, तो बिहार जैसे राज्य में मछली और मीट की दुकानें आमतौर पर उन लोगों के द्वारा संचालित की जाती हैं जो मूल रूप से निचले तबके से आते हैं। मौलाना साजिद रशीदी ने कहा कि इस फैसले को जमीन पर उतारे जाने के बाद उन लोगों की जीविका पर संकट पैदा हो जाएगा, जो मछली या मीट बेचकर अपना गुजारा कर रहे हैं। अगर सरकार अपने इस फैसले को जमीन पर सच में उतारना चाहती है तो मेरा यह सुझाव रहेगा कि मीट मछली की दुकान से जीविका चलाने वाले लोगों के लिए जीवकोपार्जन का दूसरा साधन पहले विकसित किया जाए।



### लखनऊ विवि में हनुमान चालीसा का पाठ करने पर एबीवीपी के कार्यकर्ता हिरासत में

**नई दिल्ली ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के सदस्यों ने विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर परिसर के अंदर स्थित ऐतिहासिक लाल बारादरी में हनुमान चालीसा का पाठ करने का प्रयास किया। परिसर में हनुमान चालीसा का पाठ होने की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा और कई छात्रों को हिरासत में लेकर परिसर को खाली कराया। छात्रों की गिरफ्तारी की सूचना मिलते ही अन्य छात्र आ गए और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। छात्रों का आरोप है कि लाल बारादरी में नमाज अदा करने की अनुमति तो दे दी गई थी, जबकि हिंदू छात्रों को उसी स्थान पर हनुमान चालीसा पढ़ने की अनुमति नहीं दी गई थी। एक प्रदर्शनकारी ने कहा, "यहां नमाज अदा करने की अनुमति तो दी जाती है, लेकिन हनुमान चालीसा पढ़ने की अनुमति नहीं दी जाती है। विरोध प्रदर्शन को देखते हुए विश्वविद्यालय में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।



### छत्तीसगढ़ में 1.72 लाख करोड़ का बजट पेश एजुकेशन, इंडस्ट्री और कनेक्टिविटी पर बड़ा निवेश

**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ में साय सरकार ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 1.72 लाख करोड़ रुपए का बजट पेश करते हुए बस्तर और अन्य पूर्व नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, डिजिटल कनेक्टिविटी और रोजगार का बड़ा रोडमैप सामने रखा है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने साय सरकार का तीसरा बजट संकल्प थीम पर प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बजट 2026–27 को जनकल्याण और विकास को समर्पित बताते हुए कहा कि यह बजट किसानों, महिलाओं, युवाओं और कर्मचारियों के सशक्तिकरण के साथ छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि कृषि, उद्योग, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे पर विशेष प्रावधानों से प्रदेश में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और आम जनता के जीवन स्तर में सुधार आएगा। सरकार ने इस वर्ष कुल व्यय 1.72 लाख करोड़ रुपए निर्धारित किया है, जिसमें राजस्व व्यय 1.45 लाख करोड़ रुपए और पूंजीगत व्यय 26,500 करोड़ रुपए रखा गया है।

### मुहब्बत की दुकान में नफरत, अराजकता, दंगा और भारत विरोध का सामान मिल रहा : ब्रजेश

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मंगलवार को भाजपा राज्य मुख्यालय, लखनऊ में आयोजित प्रेस वार्ता में लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि उनकी तथाकथित 'मुहब्बत की दुकान' में केवल 'नफरत, अराजकता, दंगा और भारत विरोध' का सामान मिल रहा है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और राहुल गांधी झूठ की राजनीति के उस स्तर पर पहुंच चुके हैं, जहां से वापसी संभव नहीं है। पाठक ने कहा कि इस तरह का आचरण न केवल निंदनीय है, बल्कि राष्ट्रहित के विरुद्ध भी है।उन्होंने एआई समिट का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस नेताओं ने वहां देश की गरिमा को ठेस पहुंचाई और भारत को बदनाम करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी द्वारा इस कृत्य का समर्थन करना यह दर्शाता है कि पूरी पटकथा के सूत्रधार वही हैं। ब्रजेश पाठक ने कहा कि लोकतंत्र में विरोध स्वाभाविक है, लेकिन विरोध के नाम पर 'नग्नता और अराजकता' स्वीकार्य नहीं हो सकती।







# विदेश गए बच्चे, अकेले होते माता पिता, सख्त कानून की तैयारी ?

**विदेश जाने से पहले युवाओं से माता-पिता की देखभाल व आर्थिक सहयोग की स्पष्ट जिम्मेदारी का हलफनामा लिया जाएगा**

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारत में तेजी से बदलते सामाजिक ढांचे के बीच बुजुर्गों की उपेक्षा का सवाल अब संसद तक पहुंच गया है। हालिया बजट सत्र में राज्यसभा में यह मुद्दा गंभीरता से उठाया गया कि विदेश या महानगरों में बस चुके बच्चों के कारण बड़ी संख्या में माता-पिता अकेले रह गए हैं। सुझाव दिया गया कि विदेश जाने से पहले युवाओं से ऐसा हलफनामा लिया जाए, जिसमें वे माता-पिता की देखभाल और आर्थिक सहयोग की स्पष्ट जिम्मेदारी स्वीकार करें। साथ ही, समय-समय पर माता-पिता से संतुष्टि प्रमाण-पत्र लेने और शिकायत की स्थिति में पासपोर्ट संबंधी कार्रवाई जैसे प्रावधानों पर भी चर्चा हुई।




**हर 6 माह में माता-पिता से संतुष्टि प्रमाण-पत्र लेने व शिकायत की स्थिति में पासपोर्ट निरस्त कराने जैसे प्रावधान**

### बढ़ती बुजुर्ग आबादी, बढ़ती चिंता

भारत में बुजुर्गों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। 2011 की जनगणना के अनुसार 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों की संख्या करीब 10.4 करोड़ थी, जो कुल आबादी का लगभग 8.6 % थी। बाद के अनुमानों और सरकारी रिपोर्टों के मुताबिक 2021 तक यह संख्या 13–14 करोड़ के आसपास पहुंच चुकी है, यानी करीब 10 प्रतिशत आबादी। अनुमान है कि 2030 तक यह अनुपात और बढ़ेगा। ग्रामीण इलाकों में यह समस्या अधिक गंभीर है, जहां युवा बेहतर शिक्षा और रोजगार के लिए शहरों या विदेशों का रुख करते हैं। कई बुजुर्ग दंपति गांवों में अकेले रह जाते हैं, जहां स्वास्थ्य सेवाएं सीमित हैं और सामाजिक सुरक्षा तंत्र कमजोर है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की रिपोर्ट बताती हैं कि बुजुर्गों में अवसाद, अकेलापन और आर्थिक असुरक्षा प्रमुख समस्याएं बनकर उभरी हैं।

### मौजूदा कानून व उसकी सीमाएं

बुजुर्गों की सुरक्षा के लिए 2007 में मेंटिनेंस एंड वेलफेयर आफ पेरेंट्स एंड सीनियर सिटिजेन्स एक्ट लागू किया गया था। इस कानून के तहत माता-पिता अपने बच्चों या कानूनी वारिसों से भरण-पोषण की मांग कर सकते हैं। यदि संतान देखभाल नहीं कर रही हो तो बुजुर्ग माता - पिता या परिवार के बुजुर्ग जिनकी जायदाद उन विदेश रह रहे बच्चों , भाई -भतीजे-भतीजी को मिलनी है , यदि सुधी नहीं ले रहे , देखभाल नहीं कर रहे तो बुजुर्ग जिला स्तर पर गठित न्यायाधिकरण में मुकदमा कर सकते हैं। जो मासिक भत्ता तय कर सकते हैं और संपत्ति हस्तांतरण को रद्द करने तक का अधिकार रखते हैं, यदि संतान देखभाल नहीं कर रही हो। हालांकि, व्यवहार में यह कानून पूरी तरह प्रभावी नहीं हो पाया है। कई बुजुर्ग कानूनी प्रक्रिया से गुजरने में हिचकते हैं, क्योंकि वे अपने ही बच्चों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने से भावनात्मक रूप से आहत होते हैं। दूसरी बड़ी चुनौती एनआरआई मामलों में आती है। विदेश में रहने वाले बच्चों पर कार्रवाई करना अंतरराष्ट्रीय अधिकार क्षेत्र, सूचना आदान-प्रदान और प्रवर्तन की जटिलताओं के कारण कठिन हो जाता है।

### संसद में प्रस्ताव?

राज्यसभा में कुछ सदस्यों ने सुझाव दिया कि विदेश जाने वाले युवाओं के लिए माता-पिता की देखभाल सुनिश्चित करने के स्पष्ट नियम बनाए जाएं। प्रस्तावित उपायों में—विदेश यात्रा या पासपोर्ट आवेदन से पहले माता-पिता के प्रति जिम्मेदारी का हलफनामा। हर छह महीने में माता-पिता की ओर से संतुष्टि प्रमाण-पत्र। शिकायत या उपेक्षा की स्थिति में पासपोर्ट नवीनीकरण रोकना या अन्य प्रशासनिक कार्रवाई। न्यूनतम स्तर पर नियमित संपर्क—जैसे साप्ताहिक फोन कॉल—को बाध्यकारी बनाना। यह प्रस्ताव इसलिए भी सामने आया क्योंकि पिछले वर्षों में ऐसे सैकड़ों मामले रिपोर्ट हुए, जहां विदेश में बसे बच्चों की अनुपस्थिति में माता-पिता की हालत गंभीर हो गई और कई मामलों में अंतिम संस्कार तक के लिए संतान नहीं लौटी।

### समर्थन व विरोध में दलीलें

इस प्रस्ताव को सोशल मीडिया और नागरिक समूहों से समर्थन मिला है। समर्थकों का तर्क है कि जब माता-पिता अपनी जमीन-जायदाद बेचकर या कर्ज लेकर बच्चों को विदेश भेजते हैं, तो उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना राज्य और समाज की जिम्मेदारी है। सख्त प्रावधान बच्चों में जवाबदेही की भावना पैदा करेंगे। वहीं आलोचकों का कहना है कि पासपोर्ट रद्द करना या यात्रा पर रोक लगाना व्यक्तिगत स्वतंत्रता पर अंकुश हो सकता है। अंतरराष्ट्रीय कानूनों में पासपोर्ट निरस्तीकरण आमतौर पर गंभीर अपराध या राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मामलों में होता है, न कि पारिवारिक विवादों में। कुछ एनआरआई संगठनों का तर्क है कि देश में रह रहे लेकिन माता-पिता की उपेक्षा करने वालों पर समान कठोरता नहीं दिखती। यदि सरकार इस दिशा में कदम बढ़ाती है तो विदेश मंत्रालय, पासपोर्ट प्राधिकरण और भारतीय दूतावासों के बीच समन्वित डिजिटल प्रणाली विकसित करनी होगी। एक ऑनलाइन पोर्टल के जरिए माता-पिता संतुष्टि प्रमाण-पत्र जमा कर सकें, शिकायत दर्ज कर सकें और उसकी निगरानी हो—ऐसी व्यवस्था पर विचार किया जा सकता है। आधार और डिजिटल पहचान तंत्र इस प्रक्रिया को सरल बना सकते हैं। और यह मुद्दा केवल कानूनी नहीं, बल्कि नैतिक और सांस्कृतिक भी है। भारतीय समाज में माता-पिता की सेवा को सर्वोच्च कर्तव्य माना गया है। आर्थिक प्रगति और वैश्वीकरण के बीच यदि बुजुर्ग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं, तो यह सामाजिक ताने-बाने के लिए चिंता का संकेत है। संसद में उठी बहस इस बात की याद दिलाती है कि विकास की दौड़ में पारिवारिक जिम्मेदारियों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। सख्त कानून समाधान का एक हिस्सा हो सकता है, लेकिन जागरूकता, सामाजिक संवेदनशीलता और पारिवारिक संवाद भी उतने ही जरूरी हैं। बुजुर्गों का सम्मान व सुरक्षा सुनिश्चित करना ही एक संतुलित और मानवीय समाज की पहचान है।

# कुंडली का बहाना बनाकर शादी से इनकार किया तो जेल!

## पंडितजी को भी हो सकती है सजा

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** शादी का वादा कर शारीरिक संबंध बनाने और बाद में "कुंडली नहीं मिली" कहकर शादी से इनकार करने पर अब सीधे जेल हो सकती है। दिल्ली हाईकोर्ट ने साफ किया है कि ऐसा कृत्य भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 69 के तहत अपराध माना जा सकता है। एक आरोपी 4 जनवरी 2026 से न्यायिक हिरासत में है। उसने जमानत की मांग करते हुए कहा कि महिला के साथ उसके संबंध आपसी सहमति से थे और दोनों आठ साल से एक-दूसरे को जानते थे। लेकिन अदालत ने पाया कि आरोपी ने महिला को बार-बार भरोसा दिलाया था कि शादी में कोई रुकावट नहीं है, यहां तक कि कुंडली मिलान भी समस्या नहीं बनेगा। इसी भरोसे के आधार पर दोनों के बीच शारीरिक संबंध बने। बाद में आरोपी ने कुंडली न मिलने का हवाला देकर शादी से इनकार कर दिया।महिला ने नवंबर 2025 में पहली शिकायत दर्ज कराई थी, जिसे आरोपी और उसके परिवार के शादी के आश्वासन पर वापस ले लिया गया था। बाद में जब शादी से इनकार हुआ तो मामला फिर सामने आया। जिस पर हाईकोर्ट की न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की पीठ ने जमानत देने से इनकार करते हुए कहा - यदि शादी का वादा शुरू से ही सच्चा न हो या महिला को झूठे आश्वासन देकर शारीरिक संबंध बनाए जाएं और बाद में बहाने से शादी से मुकर जाया जाए, तो यह बीएनएस की धारा 69 के तहत "कपटपूर्ण तरीके से यौन संबंध" की श्रेणी में आ सकता है। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 69 के अनुसार— यदि कोई व्यक्ति धोखे से, झूठे वादे से, या अपनी पहचान छिपाकर यौन संबंध बनाता है, तो यह अपराध है। इसमें शामिल हैं- शादी का झूठा वादा, नौकरी या पदोन्नति का झूठा आश्वासन, पहचान छिपाना।दोष साबित होने पर आरोपी को कारावास और जुर्माना दोनों हो सकते हैं। यह अपराध संज्ञेय श्रेणी में आता है, यानी पुलिस बिना वारंट गिरफ्तारी कर सकती है।




### पंडितजी भी फंस सकते हैं?

अदालत की टिप्पणी के अनुसार, यदि जांच में यह पाया जाता है कि कुंडली न मिलने का बहाना जानबूझकर आपराधिक मंशा से गढ़ा गया या किसी व्यक्ति ने इस बहाने को गढ़ने में सहयोग किया, तो वह भी कानून के दायरे में आ सकता है।

यानी अगर कोई पंडित या अन्य व्यक्ति जानबूझकर झूठी राय देकर धोखाधड़ी में मदद करता है, तो उसके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई संभव है। इस तरह अदालत का स्पष्ट संदेश है कि "शादी का वादा कोई खेल नहीं है। अगर वादा सिर्फ शारीरिक संबंध बनाने के लिए किया गया और बाद में बहाना बनाकर तोड़ा गया, तो यह अपराध है।" यह फैसला ऐसे मामलों में महत्वपूर्ण नजीर माना जा रहा है, जहां लंबे संबंध के बाद अचानक शादी से इनकार कर दिया जाता है।

# नेटवर्क गायब और आपका सिम स्वैप कर बैंक अकाउंट खाली

## 2025 में साइबर अपराधियों ने लोगों से ₹22,495 करोड़ लूटा

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** पहले कहा जाता रहा कि सिर्फ़ एक एसएमएस या कॉल से आपका बैंक अकाउंट खाली हो सकता है , लेकिन अब तो सामने आया है कि देश भर में सिम स्वैप फ्रॉड व अन्य साइबर ठगी की घटनाएँ बहुत ही तेज़ी से बढ़ गईं हैं। जिससे लोगों का लाखों-करोड़ों रुपए का नुकसान हो रहा है।इससे सवाल उठने लगा है कि जब केंद्र सरकार लगातार साइबर सुरक्षा के दावे कर रही है, तब ऐसे बड़े स्तर पर साइबर अपराध कैसे हो रहे हैं?2025 में देश में साइबर अपराधों के कारण नागरिकों को लगभग 22,495 करोड़ का वित्तीय नुकसान हुआ, जो 2024 के लगभग 22,845 करोड़ के स्तर से भी फर्क नहीं करता — और यह सिर्फ दर्ज शिकायतों का हिसाब है। बीते 6 साल में कुल मिलाकर भारतीयों को साइबर फ्रॉड के कारण लगभग 52,976 करोड़ से अधिक का नुकसान हुआ है, यानी हर साल औसतन 8,000 से 10,000 करोड़ की ठगी। सिम स्वैप फ्रॉड में हैकर पहले आपकी व्यक्तिगत जानकारी जैसे नाम, जन्मतिथि, बैंक से जुड़ी डिटेल, ईमेल और अन्य डेटा जुटाता है। फिर मोबाइल सेवा प्रदाता को धोखा देकर आपके नाम पर नई सिम जारी करवाता है। पुराना सिग्नल गायब होते ही सारे बैंक ओटीपी, अलर्ट व सत्यापन कोड सीधे अपराधी के फोन पर जाने लगते हैं। कुछ ही मिनटों में अपराधी आपका नेट बैंकिंग पासवर्ड बदल देता है, वॉलेट, ईमेल और अन्य सेवाओं में लॉगिन कर रकम ट्रांसफर कर देता है — और आपको तब पता चलता है जब आपका नेटवर्क गायब हो गया है या बैंक बैलेंस जीरो हो चुका है। केंद्र सरकार ने कई साइबर सुरक्षा पहल शुरू की हैं। राष्ट्रीय साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) और सिटीजन फाइनेंशियल साइबर फ्रॉड रिपोर्टिंग सिस्टम जैसे तंत्र बनाये गये हैं। इसके अलावा लाखों सिम और आईएमईआई नंबर ब्लॉक भी किये गये हैं। लेकिन जो ग्रे सामने आ रही हैं साफ़ दिखाती हैं कि साइबर अपराधों में वृद्धि रुकने का नाम नहीं ले रही। इस साल दर्ज होने वाले मामलों की संख्या में भारी उछाल है — जबकि वित्तीय नुकसान में भी हर साल गोपनीय स्तर पर करोड़ों रुपए डूब रहे हैं। दोषियों को ट्रैक करना, अंतरराष्ट्रीय गिरोहों को पकड़ना, और तेजी से विकसित तकनीकों से निपटना अभी भी चुनौती बना हुआ है। विशेष रूप से निवेश, डिजिटल लॉलीपॉप ऑफ़र, फर्जी कॉल, व्हाट्सएप लिंक, और बैंक वर्चुअल सत्यापन से जुड़े फ्रॉड के मामलों में भारी संख्या में लोग उलझ रहे हैं। सिम स्वैप केवल एक तरीका है; इसके अलावा फिशिंग, नकली निवेश, "डिजिटल गिरफ्तार" जैसे फ्रॉड ने लोगों की जमा-पूंजी को गोल कर दिया है। उदाहरण के तौर पर एक अकेली घटना में एक बुजुर्ग व्यक्ति को 99 लाख से अधिक का नुकसान हुआ, जब अपराधियों ने उसे वरिष्ठ अधिकारी बनकर धोखा दिया। सुरक्षा विशेषज्ञ कहते हैं कि सिर्फ़ टेक्निकल सिस्टम पर्याप्त नहीं हैं। लोगों को खुद सतर्क रहना होगा:- सिम ब्लॉक के लिए अतिरिक्त पासकोड सक्रिय करें। एसएमएस ओटीपी के बजाय ऐप आधारित सत्यापन अपनाएँ।संदिग्ध कॉल और लिंक पर पर्सनल जानकारी न दें।बैंक और ईमेल पासवर्ड नियमित रूप से बदलें। लेकिन एक साधारण आदमी जो टेक्नालाजी बहुत नहीं जानता और इसे एक बड़ा झमेला मानता है , उसके लिए सरकार कोई सीधा सरल आसान तरीका क्यों नहीं बनाती है? वह तो इजराइल के साथ तमाम तरह के सुरक्षा सौदे किये हुए है? लेकिन लगता है कि और के फोन की निगरानी पेगासस से ज्यादा महत्वपूर्ण है, आम जनता का हर वर्ष हजारो करोड़ साइबर ठगों द्वारा लूटे जाने से बचाने की अपेक्षा। हालत यह भी है कि इसके उलट साइबर अपराधियों की तकनीक दिन-प्रतिदिन विकसित हो रही है, ऐसे में सरकारी संरचनाएँ और केवल बला टालने जैसी साबित हो रही हैं। और आपके फोन , मोबाइल नंबर अब सिर्फ़ नंबर नहीं—यह आपकी बैंक की चाबी, आपका डिजिटल अस्तित्व है। इसे सुरक्षित रखना अब प्राथमिक सुरक्षा का प्रश्न बन गया है। इसे कैसे सुरक्षित रखेंगे यह आप खुद जानें वरना कंगाल हो जाएंगे, और सरकार साइबर सुरक्षा के नाम पर प्रवचन करती रहेगी।




# न्यूजीलैंड में विदेश यात्रा से खसरे के दो नए मामलों की स्वास्थ्य विभाग ने की पुष्टि

**एजेंसी । वेलिंगटन**

न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में खसरे के दो नए मामले सामने आए हैं जो हालिया विदेश यात्रा से जुड़े हैं। दोनों संक्रमित एक ही घर से हैं। खास बात ये है कि न्यूजीलैंड ने तीन हफ्ते पहले ही ऐलान किया था कि अब देश में खसरे का संकट नहीं है। मामले सामने आने के बाद विभाग ने कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग शुरू कर दी है। 'लोकेशन ऑफ इंटरेस्ट' (ट्रैक किया जाने वाला स्थल) में सिंगापुर से आने वाली फ्लाइट एसक्यू281 और ऑकलैंड इंटरनेशनल एयरपोर्ट शामिल हैं। अधिकारियों ने लोगों से ऐहतियात बरतने की अपील की है क्योंकि खसरा एक गंभीर और संक्रामक बीमारी है। 17 फरवरी को सिंगापुर से आई फ्लाइट के यात्रियों से संपर्क किया जा रहा है। हेल्थ न्यूजीलैंड (न्यूजीलैंड का स्वास्थ्य विभाग) ने कहा कि वेटाकेरे अस्पताल का इमरजेंसी विभाग भी 'लोकेशन ऑफ इंटरेस्ट' है। लोगों को सतर्क रहने और लक्षण दिखने पर डॉक्टर से संपर्क करने की सलाह दी गई है। सिंहुआ न्यूज एजेंसी के अनुसार, न्यूजीलैंड में सितंबर 2025 में खसरे का प्रकोप बढ़ा था जिसे इस महीने (फरवरी 2026) की शुरुआत में खत्म मान लिया गया। हालांकि स्वास्थ्य विभाग ने चेतावनी दी थी कि टीकाकरण की घटती दर और विदेश यात्रा की वजह से देश में अभी भी खतरा बना हुआ है।



# रूस-यूक्रेन युद्ध के चार साल पूरे होने पर जेलेंस्की बोले- 'हम शांति लाने के लिए सब कुछ करेंगे'

**एजेंसी । नई दिल्ली**

रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध पांचवें साल में प्रवेश कर गया है। हालांकि, अमेरिकी मध्यस्थता में दोनों देश युद्ध को खत्म करने के मकसद से बातचीत भी कर रहे हैं। दूसरी ओर युद्ध के चार साल पूरे होने पर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमीर जेलेंस्की ने अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की। यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा, "पुतिन अपने लक्ष्य हासिल नहीं कर पाए हैं। उन्होंने यूक्रेनियन को नहीं तोड़ा। उन्होंने यह युद्ध नहीं जीता। हमने यूक्रेन को बचाया है और हम शांति लाने के लिए सब कुछ करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि न्याय हो। रूस और यूक्रेन के बीच 24 फरवरी 2022 को युद्ध शुरू हुआ था, जो अब पांचवें साल में भी प्रवेश कर गया है। दोनों देशों के बीच जारी इस युद्ध की वजह भौगोलिक राजनीति और सुरक्षा को माना जा सकता है। रूस के नजरिए से यूक्रेन पर हमले का एक बड़ा कारण उसके नाटो में शामिल होने की कोशिश और इसकी वजह से पैदा होने वाली सुरक्षा चिंताएं हैं। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का मानना है कि अगर यूक्रेन नाटो में शामिल होता है, तो इसकी वजह से रूस के लिए खतरा बढ़ जाएगा। पश्चिमी देशों की मिसाइलें और सेना रूस की तरफ मुड़ जाएंगी।



# महाश्मशान में 'मसान की होली' पर घमासान: परंपरा या अपसंस्कृति?

**आरपी सिंह**

**वाराणसी।** आध्यात्मिक नगरी काशी एक बार फिर आस्था, परंपरा और शास्त्रार्थ के केंद्र में है। विश्व प्रसिद्ध महाश्मशान—मणिकर्णिका घाट और हरिश्चंद्र घाट—पर खेले जाने वाली 'मसाने की होली' को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। काशी विद्वत परिषद और डोम राजा ने इस परंपरा का विरोध करते हुए इसे शास्त्र-विरुद्ध बताया है और तत्काल रोक लगाने की मांग की है।परिषद का कहना है कि महाश्मशान तप, तर्पण और मोक्ष की साधना का स्थल है, उत्सव और रंगोत्सव का नहीं। डोम राजा के तीसरे पुत्र विश्वनाथ चौधरी के एक बयान सोशल मीडिया पर चल रहा है कि शवयात्री पांच-छः घंटे तक शव की अंतिम क्रिया के लिए रुके रहते हैं और लोग रील बनाने के लिए बीयर पीकर हुड़दंग मचाते हैं जो शास्त्रसम्मत नहीं उन्हें मसानबाबा के मंदिर में जाकर होली खेलनी चाहिए । एक व्यक्ति अतुल कुल ने सूचना के अधिकार से प्राप्त जानकारी के आधार पर कहा कि प्रशासन सिर्फ शोभा यात्रा की अनुमति देता है न कि शवदाह स्थल जाने के लिए । वहीं आयोजन पक्ष इसे काशी की प्राचीन शिव-परंपरा और जीवन–मृत्यु के अद्वैत दर्शन से जोड़ रहा है। काशी में 'मसाने की होली' या 'भस्म होली' रंगभरी एकादशी के अगले दिन खेली जाती है, जिसे होली के औपचारिक आरंभ का प्रतीक माना जाता है। इस दिन साधु-संत और श्रद्धालु जलती चिताओं की राख और गुलाल से होली खेलते हैं। 'मसान' शब्द का अर्थ ही श्मशान है—वह स्थान जहाँ देह पंचतत्व में विलीन होती है। यह परंपरा शिव के उस विरागी स्वरूप से जोड़ी जाती है, जो श्मशान वासी हैं, भस्म रमाते हैं और मृत्यु को जीवन का सत्य मानते हैं। पुराणों में वर्णित है कि स्वयं भगवान शिव चिता-भस्म को विभूति के रूप में धारण करते हैं। काशी खंड (स्कंद पुराण) में काशी को 'अविमुक्त क्षेत्र' कहा गया है, जहाँ मृत्यु भी मोक्ष का द्वार मानी जाती है। इसी दर्शन के आधार पर समर्थक कहते हैं कि भस्म से होली खेलना जीवन की क्षणभंगुरता और वैराग्य का उत्सव है। मणिकर्णिका घाट की पौराणिक कथा के अनुसार, यहां माता पार्वती का कर्णभूषण (मणि) गिरा था, जिसे खोजते हुए स्वयं शिव यहाँ आए। इसलिए यह स्थल शिव-साधना और मोक्ष से जुड़ा माना जाता है। वहीं हरिश्चंद्र घाट का संबंध सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र की कथा से जोड़ा जाता है, जिन्होंने यहीं डोम के अधीन दाह संस्कार का कार्य किया था। इन कथाओं के कारण ये घाट केवल भौतिक नहीं, आध्यात्मिक प्रतीक भी माने जाते हैं। काशी विद्वत परिषद के सदस्यों का कहना है कि "महाश्मशान में होली जैसे उत्सव मनाना शास्त्रों की परंपराओं के अनुरूप नहीं है। श्मशान की अपनी एक पवित्र मर्यादा है। यह उत्सव या प्रदर्शन का स्थल नहीं।" उनका दावा है कि कुछ वर्षों से इस आयोजन को 'सदियों पुरानी परंपरा' बताकर प्रस्तुत किया जा रहा है, जबकि प्राचीन धर्मशास्त्रों और आचार संहिताओं में इसका स्पष्ट उल्लेख नहीं मिलता। परिषद का मत है कि श्मशान वैराग्य, आत्मचिंतन और मोक्ष-साधना का क्षेत्र है—जहां अनावश्यक भीड़, नृत्य या उत्सव अनुचित है।इधर सनातन रक्षक दल ने आरोप लगाया कि यह रिवाज वर्ष 2014 में साधुओं को ठंडई परोसने के बहाने शुरू हुआ और धीरे-धीरे इसे प्राचीन परंपरा के रूप में प्रचारित किया गया। उनका कहना है कि "मसान की होली के नाम पर नशाखोरी और अनुशासनहीनता बढ़ रही है, जिससे काशी की छवि धूमिल हो रही है।" प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक पंडित छन्नूलाल मिश्रा के लोकप्रिय 'मसान की होली' भजन का उल्लेख करते हुए कईयों का कहना है कि कलाकार ने स्वयं स्पष्ट किया था कि उनका गायन शिव-भक्ति से जुड़ा है, न कि श्मशान में होली खेलने की किसी परंपरा के समर्थन में।वहीं आयोजन से जुड़े लोग इन आरोपों को खारिज करते हुए कहते हैं कि आलोचक काशी की स्थानीय परंपराओं और तंत्र-शैव साधना की परिपाटी से अनभिज्ञ हैं। उनका दावा है कि शैव परंपरा में भस्म और श्मशान साधना का विशेष महत्व है। मुगल काल में कई लोक-परंपराएं क्षीण हुईं, जिन्हें बाद में पुनर्जीवित किया गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कुछ लोग आर्थिक हितों के कारण विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा- "दान और आयोजन से जुड़े स्वार्थ पूरे न होने पर विवाद खड़ा किया जा रहा है।

सच्चाई यह भी है कि काशी में श्मशान केवल दाह संस्कार का स्थल नहीं, बल्कि शिव के 'महाकाल' स्वरूप का प्रतीक भी है। तंत्र और अघोर परंपरा में श्मशान साधना का विशेष स्थान रहा है। किंतु स्मृति-ग्रंथों और आचार-संहिताओं में श्मशान को संयम, शुद्धता और सीमित आचरण का क्षेत्र माना गया है। इसी द्वंद ने 'मसान की होली' को आस्था बनाम आचार की बहस के केंद्र में ला खड़ा किया है। एक पक्ष इसे शिव के अद्वैत और मृत्यु-उत्सव की प्रतीकात्मक अभिव्यक्ति मानता है, तो दूसरा इसे शास्त्र-विरुद्ध और परंपरा-विकृति बताता है। ऐसे में काशी की गलियों में अब प्रश्न गूंज रहा है—क्या महाश्मशान में रंग और उत्सव की जगह है, या यह स्थल केवल मौन, मोक्ष और महाकाल का है? निर्णय चाहे जो हो, पर इतना तय है कि काशी में यह विवाद केवल एक आयोजन का नहीं, बल्कि परंपरा का भी है।





राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को राज्य के पूर्व मुख्य सचिव सुधीर त्रिपाठी ने लोक भवन में शिष्टाचार भेंट की।

## झारखंड सरकार व पीएनबी के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

# कृषि और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में बैंकों की भूमिका महत्वपूर्ण : सीएम

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी) एवं राज्य सरकार के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हो रहा है। पंजाब नैशनल बैंक आज राज्य सरकार के साथ एक नए अध्याय के रूप में जुड़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम जनमानस के साथ-साथ राज्य सरकार में कार्यरत कर्मचारियों की आर्थिक लेन-देन की कड़ी में बैंक की अहम भूमिका होती है। वर्तमान समय में व्यवसाय, कृषि, ग्रामीण विकास सहित हरेक क्षेत्र में बैंक की बड़ी भूमिका होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन सभी



कार्यों के साथ-साथ कई संस्थानों की कुछ सामाजिक जिम्मेदारियां भी होती हैं, इसी क्रम में आज राज्य सरकार एवं पंजाब नैशनल बैंक के बीच एक एमओयू साइन हुआ है। इससे पहले भी राज्य सरकार एवं अन्य बैंकों के बीच समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर हुए हैं और उक्त एमओयू के अनुरूप कार्यों को आगे बढ़ाया भी जा रहा है। मुझे विश्वास है कि जिस उद्देश्य से पंजाब नैशनल बैंक राज्य सरकार के साथ जुड़ी है उस उद्देश्य और कर्तव्य को सफलता पूर्वक पूरा करेगी। राज्य सरकार एवं पंजाब नैशनल बैंक के बेहतर समन्वय का लाभ राज्य सरकार के कर्मचारियों सहित आम जनमानस को भी मिलेगा। उक्त बातें मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने आज झारखंड मंत्रालय स्थित सभागार में आयोजित झारखंड सरकार एवं पंजाब नैशनल बैंक के मध्य राज्य सरकार कर्मचारियों के वेतन खाता पैकेज का समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर समारोह में अपने संबोधन में कही। मुख्यमंत्री ने अपनी ओर से एमओयू हस्ताक्षर समारोह में उपस्थित पंजाब नेशनल बैंक के अधिकारियों एवं कर्मियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

इस अवसर पर मंत्री राधाकृष्ण किशोर, मंत्री डॉ इरफान अंसारी, मंत्री संजय प्रसाद यादव, मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, मुख्य सचिव अविनाश कुमार, महाप्रबंधक पंजाब नैशनल बैंक आशीष कुमार चतुर्वेदी, मंडल प्रमुख रांची अवधेश झा, उप मंडल प्रमुख राकेश कुमार श्रीवास्तव सहित राज्य सरकार के अन्य अधिकारी एवं पंजाब नैशनल बैंक के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए प्रशिक्षण का आयोजन

# हमारा लक्ष्य स्वास्थ्य प्रणाली व जनता के बीच की दूरी को कम करना है : डॉ अजीत

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा के निर्देशानुसार, राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और पहुंच को बेहतर बनाने के उद्देश्य से प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। नामकुम स्थित लोक स्वास्थ्य संस्थान, आईईसी, सीपीएचसी आम एवं सामुदायिक उत्प्रेरण कोषांग के संयुक्त तत्वावधान में सात जिलों देवघर, धनबाद, दुमका, पूर्वी सिंहभूम, गिरिडीह, हजारीबाग और जामताड़ा के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के लिए एक व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस प्रशिक्षण का मुख्य केंद्र बिंदु व्यवहार परिवर्तन संचार रहा। कार्यक्रम के माध्यम से फ्रंटलाइन स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को यह सिखाया गया कि वे किस प्रकार समुदाय के साथ अपने संवाद को और अधिक प्रभावी बना सकते हैं। इसका उद्देश्य न केवल सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना है, बल्कि समाज में स्वास्थ्य के प्रति एक सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना भी है। प्रशिक्षण के दौरान विशेष रूप से मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य पर जोर दिया गया, जिसमें गर्भवती महिलाओं को संस्थागत प्रसव के लिए प्रोत्साहित करने और माताओं एवं बच्चों के पोषण स्तर में सुधार लाने की रणनीतियों पर चर्चा की गई। इसके साथ ही, टीकाकरण कवरेज में वृद्धि, संक्रामक एवं गैर-संक्रामक रोगों की रोकथाम और परिवार नियोजन सेवाओं के विस्तार को लेकर भी विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई। कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए लोक स्वास्थ्य संस्थान के निदेशक डॉ अजीत खलखो ने कहा कि हमारा लक्ष्य स्वास्थ्य प्रणाली और जनता के बीच की दूरी को कम करना है। जब हमारे सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी और फ्रंटलाइन कार्यकर्ता बेहतर संवाद कौशल से लैस होंगे, तभी हम समुदाय में स्वास्थ्य संबंधी आदतों में वास्तविक सुधार देख पाएंगे। यह प्रशिक्षण न केवल स्वास्थ्य सेवाओं की समय पर पहुंच सुनिश्चित करेगा, बल्कि किशोर-किशोरियों में जीवन कौशल और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने में भी मील का पत्थर साबित होगा। आईईसी के राज्य नोडल अधिकारी डॉक्टर राहुल किशोर सिंह ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य है कि राज्य के सुदूर क्षेत्रों में भी उपचार अनुपालन में सुधार हो और स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जनता का विश्वास और अधिक मजबूत हो। कार्यक्रम में सीपीएचसी आम, आईईसी एवं समुदाय उत्प्रेरण कोषांग के परामर्शी, समन्वयक सहित अन्य लोग शामिल हुए।

## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का पुरस्कार व प्रमाण पत्र वितरित

**रांची।** अखिल विश्व गायत्री परिवार की सिल्ली प्रखंड शाखा अंतर्गत मूरी महिला मंडल के प्रतिनिधित्व में आदर्श उच्च विद्यालय, छोटा मुरी (सिल्ली) में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का पुरस्कार सह प्रमाण पत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 7, 8 एवं 9 के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विद्यालय की प्राचार्या पुष्पा महतो एवं शिक्षिकाएं प्रतिमा कुमारी, रानो देवी और लक्ष्मी देवी की उपस्थिति में समारोह संपन्न हुआ। गायत्री परिवार की महिला मंडल संचालिका कोशिला महतो के सानिध्य में अनीता देवी, लक्ष्मी देवी तथा फणीभूषण महतो सहित अन्य सदस्यों ने आयोजन में सहयोग दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री मंत्र पाठ एवं गुरु-ईश वंदना से हुआ। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि "पूज्यवरश्री की पाती घर-घर पहुंचाने का समय आ गया है" और युवाओं को भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों एवं आदर्श जीवन के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। प्रतिभागियों को युग तीर्थ शान्तिकुञ्ज, देव संस्कृति विश्वविद्यालय, ब्रह्मवर्चस शोध संस्थान, गायत्री तपोभूमि मथुरा एवं अन्य इकाइयों में संचालित युग निर्माण योजनाओं, संस्कार परंपरा और विचार क्रांति अभियान की जानकारी दी गई।

## होली को लेकर खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण

# नौ खाद्य प्रतिष्ठानों पर जुर्माना, छह को नोटिस

- **रांची रेलवे स्टेशन के आसपास के 15 खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण**

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** आगामी होली पर्व को ध्यान में रखते हुए मंगलवार को रांची रेलवे स्टेशन के आसपास स्थित कुल 15 खाद्य प्रतिष्ठानों का खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य पर्व के दौरान लोगों को स्वच्छ एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित कराना था। निरीक्षण के दौरान कुलदीप होटल, होटल एंबेसडर, होटल कृष्ण, लवली डेयरी, अन्नपूर्णा भोजनालय, आर.के. भोजनालय, होटल मानसरोवर, होटल मां डेयरी, तंदूर फूड वैन, एम्बसी फूड प्लाजा, सन्नी रेस्टोरेंट, शिवम खाजा भंडार, कुशवाहा खाजा भंडार, पंजाबी बार एंड रेस्टोरेंट तथा खालसा रेसिडेंसी का निरीक्षण किया गया।

जांच के क्रम में जिन निबंधित दुकानों में कमियां पाई गईं, उन्हें सुधार हेतुखाद्य सुरक्षा एवं मानक (खाद्य व्यवसायों का लाइसेंस एवं पंजीकरण) विनियम, 2011 एवं खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की धारा-32 के तहत सुधारात्मक नोटिस जारी किया गया। साथ ही खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की धारा-69 के अंतर्गत कुल 09 खाद्य प्रतिष्ठानों पर जुर्माना की कार्रवाई की गई।

निरीक्षण दल द्वारा संबंधित प्रतिष्ठान संचालकों को स्वच्छता मानकों का कड़ाई से पालन करने, खाद्य पदार्थों के सुरक्षित भंडारण, कर्मचारियों की व्यक्तिगत स्वच्छता तथा लाइसेंस संबंधी प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही भविष्य में सुधार नहीं होने की स्थिति में संबंधित दुकानदारों के विरुद्ध विधि-सम्मत कठोर कार्रवाई किए जाने की चेतावनी भी दी गई। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि पर्व-त्योहार के अवसर पर आम नागरिकों एवं यात्रियों के स्वास्थ्य से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा तथा खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुपालन हेतु इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## रंगभरी आमलकी एकादशी 27 फरवरी को, आस्था और उल्लास का पर्व : संजय सर्राफ

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट व विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि फाल्गुन शुक्ल पक्ष की रंगभरी (आमलकी) एकादशी 27 फरवरी को मनाई जाएगी। यह व्रत भगवान विष्णु और आंवला वृक्ष की पूजा को समर्पित है तथा होली उत्सव की शुरुआत का प्रतीक माना जाता है। उन्होंने कहा कि धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन भगवान विष्णु का वास आंवले के वृक्ष में होता है, इसलिए आंवला पूजन, परिक्रमा और विष्णु स्तुति का विशेष महत्व है। रंगभरी एकादशी का संबंध काशी विश्वनाथ मंदिर से भी जुड़ा है, जहां इस दिन विशेष श्रृंगार और उत्सव आयोजित होते हैं। संजय सर्राफ ने कहा कि यह पर्व आस्था, भक्ति और सामाजिक एकता का संदेश देता है तथा श्रद्धा से किया गया व्रत सुख-समृद्धि और आध्यात्मिक उन्नति प्रदान करता है।

# न्यूज बॉक्स

## नियम विरुद्ध निजी नर्सिंग कॉलेजों में पढ़ रहे छात्रों को परीक्षा देने की मिलेगी अनुमति

**रांची।** राज्य के विभिन्न निजी नर्सिंग कॉलेजों की ओर से पूर्व में नामांकित छात्रों को राज्य सरकार राहत देगी। मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में निजी नर्सिंग कॉलेजों के लिए तय नियमों को एक बार शिथिल करने का फैसला लिया गया है। इस फैसले से वैसे छात्र जो झारखंड संयुक्त प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा पर्षद (जेसीईसीईबी) की ओर से काउंसिलिंग के आधार पर नहीं, बल्कि सीधे निजी नर्सिंग कॉलेजों की ओर से नामांकित कर लिए गए थे। कैबिनेट के फैसले से ऐसे छात्रों को परीक्षा में बैठने की अनुमति मिल सकेगी। विभागीय सूत्रों के अनुसार निजी नर्सिंग कॉलेजों की ओर से अपनी संस्था को तकनीकि मान्यता नहीं मिलने सहित अन्य अनियमितताओं के बावजूद नर्सिंग कोर्स में नामांकन ले लिया था। इस वजह से झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी (जेयूटी) की ओर से उनकी परीक्षा नहीं ली जा रही थी। ऐसे नामांकित छात्रों की वर्षों से परीक्षा नहीं हो पा रही थी। अब राज्य सरकार की ओर से छूट मिलने के बाद ये सभी छात्र परीक्षा में बैठ सकेंगे और नर्सिंग की डिग्री प्राप्त कर सकेंगे। इधर, निकाय चुनाव के कारण मंगलवार को कैबिनेट की बैठक में लिए गये फैसलों की ब्रीफिंग नहीं की गई। सूत्रों का कहना है कि कैबिनेट में कुल 22 प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई। इसमें से एक फैसले को स्थगित कर दिया गया। कैबिनेट के फैसलों में लगभग 12 फैसले न्यायालय के आदेश से संबंधित थे।

## एआई समिट में विरोध देश की छवि धूमिल करने का प्रयास : सुनील सिंह

**रांची।** इंडिया एआई इंपैक्ट समिट के दौरान हुए विरोध प्रदर्शन को



लेकर राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। जारी प्रेस विज्ञप्ति में उन्होंने कहा कि वैश्विक मंच पर आयोजित एआई शिखर सम्मेलन के दौरान कपड़े उतारकर हंगामा करना देश को शर्मिंदा करने वाला कृत्य है। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी से जुड़े लोगों द्वारा किया गया यह प्रदर्शन सुनियोजित था और इससे भारत की वैश्विक छवि को नुकसान पहुंचा है। सिंह ने कहा कि राजनीतिक विरोध लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश की गरिमा को ठेस पहुंचाना उचित नहीं है। सुनील कुमार सिंह ने यह भी दावा किया कि विरोध करने वाला युवक आयोजन से जुड़ा रहा है और उसकी तस्वीरें पूर्व में राहुल गांधी के साथ सामने आ चुकी हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे कृत्य भारत की तकनीकी नेतृत्व क्षमता को प्रदर्शित करने वाले मंच की गरिमा को प्रभावित करते हैं।

## बीआईटी में विशेषज्ञों ने समझाए जियोस्पेशल डेटा एनालिटिक्स के गुर




**रांची।** बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान (बीआईटी)), मेसरा के कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग (सीएसई) विभाग द्वारा मंगलवार को 'मशीन लर्निंग का उपयोग कर जियोस्पेशल डेटा एनालिटिक्स' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। पहले दिन देश के प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों और उद्योग जगत के विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला का उद्देश्य भू-स्थानिक आंकड़ों के विश्लेषण में आधुनिक संगणकीय तकनीकों, विशेषकर मशीन लर्निंग के व्यावहारिक अनुप्रयोगों को समझना है। चर्चा के मुख्य विषयों में उपग्रह चित्रों का विश्लेषण, स्थान-आधारित डेटा प्रसंस्करण, भौगोलिक प्रणालियों के लिए पूर्वानुमान मॉडल तैयार करना और योजना निर्माण व निगरानी कार्यों में इनके परिणामों का प्रभावी उपयोग शामिल है। उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ता आईआईटी खड़गपुर के प्रोफेसर डॉ. सौम्य कांति घोष के साथ बीआईटी मेसरा के डीन (स्नातकोत्तर अध्ययन) प्रो. संदीप सिंह सोलंकी और सीएसई विभागाध्यक्ष डॉ. अभिजीत मुस्तफी ने संबोधित किया। समन्वय विभाग के सह-प्राध्यापक डॉ. शशांक पुष्कर और डॉ. इंद्रजीत मुखर्जी द्वारा किया जा रहा है। पहले दिन तकनीकी सत्रों में जियोस्पेशल एआई के बुनियादी ढांचे और कार्यप्रणाली पर गहन विचार-विमर्श किया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि कैसे मशीन लर्निंग के माध्यम से जटिल भौगोलिक आंकड़ों को सरल और सटीक बनाया जा सकता है। समापन बुधवार को होगा।

## भारतीय शिक्षण मंडल का 'परिचायक वर्ग' में शिक्षा में भारतीयता पर हुआ मंथन



**रांची/नई दिल्ली।** भारतीय शिक्षण मंडल दिल्ली प्रांत (आरके पुरम एवं दक्षिणी विभाग) द्वारा 21 व 22 फरवरी को वसंत कुंज स्थित दिल्ली पीठाधीश्वर मठ में दो दिवसीय 'परिचायक वर्ग' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य संगठन की कार्यपद्धति, शिक्षा में भारतीय दृष्टि और कार्यकर्ता विकास पर मार्गदर्शन प्रदान करना था।प्रथम दिवस का शुभारंभ ध्येय श्लोक एवं ध्येय वाक्य से हुआ। अध्यक्ष प्रो. अजय कुमार शर्मा, संगठन मंत्री गणपति भाई साहब, प्रांत मंत्री धर्मेन्द्रनाथ तिवारी एवं प्रांत संगठन मंत्री सचिन ने वर्ग की आवश्यकता और संगठनात्मक महत्व पर प्रकाश डाला। प्रतिभागियों का परिचय कराया गया और कल्याण मंत्र के साथ सत्र का समापन हुआ। द्वितीय दिवस सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलन से आरंभ हुआ। अखिल भारतीय सह-व्यवस्था प्रमुख डॉ. अमित दत्ता ने "भारतीय शिक्षा दर्शन और शिक्षा में भारतीयता" विषय पर विचार रखते हुए प्राचीन गुरुकुल परंपरा, मध्यकालीन व्यवस्था और आधुनिक शिक्षा प्रणाली का तुलनात्मक विश्लेषण प्रस्तुत किया। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों, मातृभाषा, कौशल विकास और पंचकोश सिद्धांत की प्रासंगिकता पर विस्तार से चर्चा की। अन्य सत्रों में संगठन की कार्यप्रणाली, 'कार्य' और 'कार्यक्रम' के अंतर, छः उत्सवों की परंपरा तथा कार्यकर्ता विकास के सूत्रों पर मार्गदर्शन दिया गया। प्रतिभागियों को समूहों में विभाजित कर "भारतीय शिक्षा में भारतीयता का महत्व" विषय पर चर्चा कराई गई। समापन सत्र में जिज्ञासा समाधान के बाद धन्यवाद ज्ञापन एवं कल्याण मंत्र के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## बिजनस एक्सचेंज उप समिति की बैठक में आपसी संवाद पर हुई चर्चा



**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई) के तत्वावधान में मंगलवार को चैंबर भवन में बिजनेस एक्सचेंज कार्यक्रम की चौथी बैठक हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य चैंबर सदस्यों के बीच आपसी संवाद को बढ़ावा देना, व्यापारिक अनुभव साझा करना तथा नए व्यावसायिक अवसरों का सृजन करना रहा। बैठक के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े व्यवसायियों ने अपने-अपने व्यवसाय की जानकारी साझा की और आपसी सहयोग के माध्यम से व्यापार विस्तार की संभावनाओं पर चर्चा की। कार्यक्रम में विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया गया कि स्थानीय उत्पादों और सेवाओं को प्राथमिकता दी जाए, जिससे स्थानीय व्यापार और उद्योग को मजबूती मिल सके। एफजेसीसीआई पदाधिकारियों ने कहा कि बिजनेस एक्सचेंज प्लेटफॉर्म के माध्यम से सदस्य न केवल नेटवर्किंग कर पा रहे हैं, बल्कि उन्हें वास्तविक व्यापारिक ऑर्डर और सहयोग के अवसर भी प्राप्त हो रहे हैं।

# पेज एक के शेष

### बेहतर इलाज की...

आसपास के गांवों से करीब एक हजार लोग घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। विमान में संतोष साहू के साथ उनकी पत्नी बसंती देवी, भांजा ध्रुव, पायलट स्वराज दीप सिंह, सह-पायलट विवेक, चिकित्सक विकास कुमार गुप्ता, नर्सिंग कर्मी सचिन कुमार मिश्रा तथा डॉ. विकास भगत सवार थे। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि किसी को संभलने का अवसर नहीं मिला। सूचना मिलते ही जिला पुलिस प्रशासन और सशस्त्र सीमा बल की 35वीं बटालियन के जवान घटनास्थल पर पहुंचे। दुर्घटनास्थल मुख्य सड़क से लगभग चार किलोमीटर अंदर घने जंगल में स्थित होने के कारण राहत एवं बचाव कार्य अत्यंत कठिन रहा। लगातार वर्षा और अंधकार भी बाधा बना रहा। जवानों ने कड़ी मशक्कत के बाद सभी शवों को बाहर निकाला और पैदल चार किलोमीटर लाकर एंबुलेंस के माध्यम से पोस्टमार्टम हेतु भेजा। पुलिस ने पूरे क्षेत्र की घेराबंदी कर मलबे के निकट आम लोगों के जाने पर रोक लगा दी है। इस हृदयविदारक घटना से चतरा और आसपास के क्षेत्रों में शोक की लहर है। एक ही परिवार के तीन सदस्यों की असमय मृत्यु ने परिजनों को गहरे सदमे में डाल दिया है। प्रशासन ने दुर्घटना के कारणों की जांच प्रारंभ कर दी है। प्रारंभिक आशंका प्रतिकूल मौसम को कारण मान रही है, हालांकि तकनीकी पहलुओं की भी विस्तृत जांच की जाएगी।

### एयर एंबुलेंस में...

बैठक में उपायुक्त कीर्ति श्री, पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल, सिविल सर्जन सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। स्वास्थ्य मंत्री ने स्पष्ट किया कि दुर्घटना की जांच तकनीकी और नियामकीय दोनों स्तरों पर की जाएगी। प्रारंभिक रूप से मामला विमानन सुरक्षा अनुपालन, मानक उड़ान परिचालन प्रक्रिया और वायुयोग्यता प्रमाणन से जुड़ा प्रतीत होता है। विशेषज्ञ दल घटनास्थल पर पहुंच रहा है। उड़ान आंकड़ा अभिलेखक और चालक कक्ष ध्वनि अभिलेखक की बरामदगी कर तकनीकी विफलता, प्रतिकूल मौसम, वायु यातायात नियंत्रण संचार अभिलेख, अनुरक्षण अभिलेख और सेवा इतिहास की फॉरेंसिक जांच की जाएगी। उन्होंने संबंधित चार्टर कंपनी के विमान पंजीकरण, वायुयोग्यता प्रमाणपत्र, नागर विमानन महानिदेशालय अनुपालन, अनुरक्षण कार्यक्रम, परिचालन स्वीकृति और पायलटों के उड़ान अनुभव की विस्तृत जांच के निर्देश दिए। यदि किसी स्तर पर लापरवाही पाई गई तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने कहा कि राज्य में अत्याधुनिक बहु-विशेषता अस्पताल, राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) विस्तार परियोजना, समर्पित आघात चिकित्सा केंद्र और सुदृढ़ गंभीर चिकित्सा आधारभूत संरचना विकसित करने की दिशा में पहल की जा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता और मुआवजा प्रदान करेगी।

### सदर अस्पताल में..

पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई गई ताकि जांच में किसी प्रकार की त्रुटि न रहे। प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद शव अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौंप दिए गए।

**सीयूजे में सीबीआई :** सीबीआई ने इस दौरान कई महत्वपूर्ण दस्तावेजों को अपने कब्जे में लिया है। ज्ञात हो कि यह पहली बार नहीं है, जब सीबीआई ने सेंट्रल यूनिवर्सिटी में छापेमारी की हो। इससे पहले भी एजेंसी ने यहां वित्तीय लेन-देन और भर्ती प्रक्रिया में कथित गड़बड़ियों को लेकर कार्रवाई की थी।

### 'अबुआ दिशोम बजट'...

राज्य को अपने कर राजस्व से 46 हजार करोड़ रुपए और गैर कर राजस्व से 20 हजार 700 करोड़ रुपए, केंद्रीय सहायता से 18 हजार 273 करोड़ 66 लाख रुपए तथा केंद्रीय करों में राज्य की हिस्सेदारी के रूप में 51 हजार 236 करोड़ 38 लाख रुपए, लोक ऋण से 22 हजार 49 करोड़ 96 लाख रुपए एवं उधार तथा अग्रिम की वसूली से 300 करोड़ रुपए की व्यवस्था होने का अनुमान है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026-27 में राजकोषीय घाटा 13 हजार 595 करोड़ 96 लाख रुपए होने का अनुमान है। यह अनुमानित सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) का 2.18 प्रतिशत है। वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने बताया कि वर्तमान मूल्य पर झारखंड का जीएसडीपी वित्तीय वर्ष 2024-25 में लगभग 5 लाख 16 हजार करोड़ रुपए रहा। सरकार का प्रयास होगा कि अगले 5 वर्षों में इसे दोगुना किया जाए। इसके लिए हमें वर्तमान मूल्य पर करीब 14 प्रतिशत का विकास करना होगा। स्थिर मूल्य पर यह करीब 9 से 10 प्रतिशत की विकास दर होगी। उन्होंने कहा कि 14.1 प्रतिशत की लक्षित विकास दर राज्य के मौजूदा संसाधनों का उपयोग करके, बाहरी कारकों, विशेष रूप से सूखे के प्रभाव को निष्प्रभावी करके और विकास को बढ़ावा देने वाले उपायों को लागू करके हासिल की जाएगी। इस क्रम में ग्रोथ इंजन कृषि, उद्योग, भौतिक संरचनाओं का विकास, वित्तीय सेक्टर का विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल विकास तथा सामाजिक सुरक्षा पर विशेष बल दिया जाएगा। वित्त मंत्री ने कहा कि 'महिला किसान खुशहाली योजना' प्रारंभ की गई है, जिसके अंतर्गत महिला किसानों को एकीकृत खेती से जोड़कर अद्यतन तकनीक की मदद दी जाएगी और ऑफलाइन एवं ऑनलाइन मार्केटिंग प्लेटफॉर्म से जोड़ा जाएगा। इस योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 25 करोड़ रुपए का बजटीय उपबंध किया गया है। गन्ना, जूट एवं अन्य नकदी फसलों का क्षेत्र विस्तार किया जाएगा। इसके लिए पुरानी योजना को 'नकदी फसल विकास एवं विस्तार योजना' पुनर्नामित करते हुए वित्तीय वर्ष 2026-27 में 19 करोड़ 88 लाख रुपए का बजटीय उपबंध किया गया है। वित्त मंत्री ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक एलएएमपीएस/ पीएसीएस में सहकारी विपणन परिसर-सह-सौर पैनल आधारित कोल्ड रूम के निर्माण के लिए कुल 162 करोड़ 20 लाख 90 हजार रुपए का बजटीय प्रावधान प्रस्तावित किया गया है। वित्त मंत्री किशोर ने कहा कि कैंसर रोग की रोकथाम के लिए झारखंड के सभी पांच सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में पीईटी और सीटी स्कैन मशीन लगाए जाएंगे। प्रारंभिक अवस्था में ही ब्रेस्ट कैंसर रोग की पहचान कर लिए जाने के उद्देश्य से राज्य के सभी 24 जिला सदर अस्पताल में मैमोग्राफी मशीन स्थापित किया जाएगा। इसके अलावा, सभी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में कैथलैब की स्थापना की जाएगी। साथ ही, राज्य में 750 'अबुआ दवाखाना' खोले जाने का भी लक्ष्य है। इसके माध्यम से लोगों में सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण दवा उपलब्ध कराई जाएगी। वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने अपने बजट भाषण में कहा कि झारखंड के सभी 17 सरकारी पॉलिटेक्निक संस्थानों और 6 नवनिर्मित पॉलिटेक्निक संस्थानों को आईआईटी और एनआईटी की तर्ज पर जेएचआईटी के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव है। राज्य के चतरा जिला मुख्यालय में डॉ भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय की स्थापना की जाएगी। वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य के छह चयनित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के माध्यम से एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) विषय पर प्रशिक्षण प्रारंभ करने की योजना है। लघु वन पदार्थ का उन्नयन योजना के अंतर्गत पलामू वन प्रमंडल के कंदरी लाह फॉर्म का जीर्णोद्धार एवं विकास कार्य किए जाएंगे, ताकि लाह उत्पादन में वृद्धि हो सके एवं स्थानीय ग्रामीणों को आय के साथ-साथ रोजगार का सृजन हो सके। वित्त मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक 1644 किलोमीटर पथ का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में नए पथों के निर्माण के लिए 1,000 करोड़ रुपए का बजटीय उपबंध प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में 122 पुल का निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में पुलों के निर्माण कार्य के लिए 730 करोड़ रुपए का बजटीय उपबंध प्रस्तावित है। वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम मंच के माध्यम से झारखंड ने 01 लाख 24 हजार 230 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त किए हैं। इनसे इस्पात, ऊर्जा, विनिर्माण और अवसंरचना क्षेत्रों में लगभग 45 हजार रोजगार अवसर सृजित होने की संभावना है। विभिन्न औद्योगिक नीतियों के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 में 20 हजार करोड़ रुपए का निवेश लाया जाएग। इससे राज्य के लगभग 15 हजार लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलने की संभावना है। वित्त मंत्री ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में पर्यटन के क्षेत्र में रांची जिला के अंतर्गत दशम और जोन्हा जलप्रपात में ग्लास ब्रिज और रोप-वे का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा, हुंडरू जलप्रपात रोप-वे का विकास कार्य कराया जाएगा। रामगढ़ जिला के अंतर्गत रजरप्पा में पर्यटकीय विकास के साथ-साथ पतरातू में स्काइवॉक एवं पतरातू जलाशय में सोलर बोट तथा फ्लोटिंग रेस्टोरेंट शुरू किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में लातेहार जिले के नेतरहाट स्थित कोयल व्यू प्वाइंट पर एक कांच का वॉच टावर बनाया जाएगा और मैग्नोलिया प्वाइंट पर एक स्काईवॉक का निर्माण किया जाएगा। देवघर जिले में पुनासी बांध का पर्यटन विकास, पलामू जिले में मलय बांध का पर्यटन विकास, चतरा जिले में कोलेश्वरी पहाड़ी पर रोपवे का विकास और खूंटी जिले में पेरवाघाघ जलप्रपात और पांडु-पुडिंग पिकनिक स्थल के इको-टूरिज्म सर्किट का विकास किया जाएगा। वित्त मंत्री ने कहा कि इस वर्ष का परिणाम बजट लगभग 138 बाल-संबंधी योजनाओं के आधार पर तैयार किया गया है। इसके लिए कुल 10,793 करोड़ 16 लाख रुपए का आवंटन किया गया है। यह राशि राज्य की कुल योजना राशि का लगभग 10.7 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए भी लैंगिक बजट तैयार किया गया है, जो परिणाम बजट से संबंधित विभागों की योजनाओं पर आधारित है। इस वर्ष, 17 विभागों की महिलाओं से संबंधित लगभग 232 योजनाओं के आधार पर लैंगिक बजट तैयार किया गया है। इसके लिए कुल 34 हजार 211 करोड़ 27 लाख रुपए आवंटित किए गए हैं। इससे पहले, विधानसभा में प्रश्नोत्तर सत्र के दौरान प्रभारी मंत्री ने सत्ताधारी और विपक्षी दोनों दलों के कई सवालों के जवाब दिए। वित्त मंत्री के बजट भाषण के बाद, विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने सदन की कार्यवाही को बुधवार को दिन में 11:00 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया।

### बजट में हर..

उन्होंने एयर एंबुलेंस के जरिए इलाज कराने के दौरान विमान हादसे पर दुख प्रकट करते हुए कहा कि बेहतर इलाज करवाने के लिए सवार लोगों ने एयर एंबुलेंस किया था। पर, दुर्भाग्यवश जानें चली गई। लेकिन, सारी चीजों की सूचना जबसे मिली है, प्रशासन हरकत में है। सकारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं।

**अबुआ दिशोम बजट गरीबों के आंसू पोंछेगा : वित्त मंत्री**

बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि यह बजट समाज के हर वर्ग - गरीब, किसान, आदिवासी और महिलाओं - की आकांक्षाओं को पूरा करेगा। उन्होंने कहा कि 'अबुआ दिशोम बजट' झारखंडवासियों के चेहरे पर मुस्कान लाएगा और गरीबों के आंसू पोंछेगा।





## विमेंस टी20 वर्ल्ड कप का फाइनल शेड्यूल जारी

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को विमेंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 का फाइनल शेड्यूल जारी किया। यह टूर्नामेंट 12 जून से इंग्लैंड में खेला जाएगा। खिताबी मुकाबला 5 जुलाई को मशहूर लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर आयोजित होगा। इस टूर्नामेंट में 12 टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है। प्रत्येक ग्रुप से दो टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी। भारत को छह बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका, पाकिस्तान, बांग्लादेश और नीदरलैंड्स के साथ ग्रुप-1 में रखा गया है। ग्रुप-2 में वेस्टइंडीज, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, श्रीलंका, आयरलैंड और स्कॉटलैंड की टीमें शामिल हैं। टीम इंडिया अपना पहला मैच 14 जून को एजबेस्टन में पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगी, जिसके बाद 17 जून को उसका सामना नीदरलैंड्स से होगा। 21 जून को टीम इंडिया के सामने साउथ अफ्रीकी टीम होगी, जबकि 25 जून को उसका समना बांग्लादेश से होगा। 28 जून को भारत के सामने ऑस्ट्रेलियाई टीम होगी। आईसीसी के सीईओ संजोग गुप्ता ने कहा, "आईसीसी विमेंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 का शेड्यूल जारी होना, इस ग्लोबल, प्रीमियर स्पोर्टिंग इवेंट की तैयारी में एक अहम पड़ाव है। यह इवेंट आईसीसी के महिला क्रिकेट में लगातार निवेश का हिस्सा है, जिसमें ज्यादा भागीदारी और हाई-परफॉर्मेंस के रास्ते, इवेंट और प्रोडक्शन स्टैंडर्ड, टूर्नामेंट प्राइज मनी, मीडिया डिस्ट्रीब्यूशन और कमर्शियल पार्टनरशिप शामिल हैं, जिसका मकसद दुनिया भर के फैंस का ज्यादा ध्यान, जुड़ाव और रुतबा हासिल करना है। उन्होंने कहा, "भारत में आईसीसी विमेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप ने इस खेल को कई गुना बढ़ाया। हमारा मकसद जून-जुलाई में होने वाले इवेंट में भी इसी लय को बरकरार रखना है।"विमेंस टी20 वर्ल्ड कप में अब तक कुल 9 एडीशन खेले गए हैं, जिसमें भारत के नाम एक भी खिताब नहीं है। टीम इंडिया ने चार बार सेमीफाइनल और एक बार फाइनल में प्रवेश किया है, लेकिन ट्रॉफी अपने नाम नहीं कर सकी। इस बार भारत का मकसद जीत के साथ अपने सफर को पूरा करना होगा।



टी20 वर्ल्ड कप : कप्तान हैरी ब्रूक ने खेली शतकीय पारी

# पाकिस्तान दो विकेट से हारा

**एजेंसी। पल्लेकेले**

टी20 वर्ल्ड कप 2026 में मंगलवार को इंग्लैंड ने पाकिस्तान को 2 विकेट से हराया। कप्तान हैरी ब्रूक की शतकीय पारी के दम पर इंग्लैंड ने पाकिस्तान से मिले 165 रनों के लक्ष्य को 8 विकेट खोकर 19.1 ओवर में हासिल कर लिया।

165 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। फिल साल्ट पहली ही गेंद पर बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। वहीं, जोस बटलर की खराब फॉर्म इस मैच में भी जारी रही, और वह 2 रन बनाकर शाहीन अफरीदी का शिकार बने। जैकब बेथेल 8 रन ही बना सके, जबकि टॉम बैंटन 2 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद अपने टी-20 इंटरनेशनल करियर में पहली बार नंबर तीन पर उतरे कप्तान हैरी ब्रूक ने सैम करन के साथ मिलकर पांचवें विकेट के लिए 45 रन जोड़े। करन 16 रन बनाकर आउट हुए। हालांकि, ब्रूक ने एक छोर संभाले रखा और अपने टी-20 करियर का पहला शतक 50 गेंदों में पूरा किया।

इंग्लिश कप्तान ने महज 51 गेंदों का सामना करते हुए 100 रनों की दमदार पारी खेली। अपनी इस इनिंग के दौरान उन्होंने 10 चौके और 4 छक्के लगाए। विल जैक्स ने 23 गेंदों में 28 रनों का योगदान दिया। गेंदबाजी में पाकिस्तान की तरफ से शाहीन अफरीदी ने 30 रन देकर 4 विकेट चटकाए, जबकि उस्मान तारिक ने 2 विकेट निकाले।

पारी के 19वें ओवर में मोहम्मद नवाज ने विल जैक्स और जेमी ओवरटन को पांच गेंदों के अंदर आउट करते हुए पाकिस्तान की वापसी करने का प्रयास किया, लेकिन 20वें ओवर की पहली ही गेंद पर जोफ्रा आर्चर ने चौका लगाते हुए इंग्लैंड को जीत दिला दी।

इससे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की टीम ने 20 ओवर में 9 विकेट खोकर स्कोर बोर्ड पर 164 रन लगाए। टीम की तरफ से साहिबजादा फरहान ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 45 गेंदों में 63 रनों की लाजवाब पारी खेली। वहीं, फखर जमान ने 25 रनों का योगदान दिया। बाबर आजम ने 24 गेंदों का सामना करते हुए 25 रन बनाए। शादाब खान ने अंतिम ओवरों में बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 11 गेंदों में 23 रन बनाए।

गेंदबाजी में इंग्लैंड की ओर से लियाम डॉसन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 ओवर में सिर्फ 24 रन खर्च करते हुए 3 विकेट अपने नाम किए। वहीं, जोफ्रा आर्चर ने 32 रन देकर 2 विकेट चटकाए, जबकि जेमी ओवरटन ने 2 विकेट निकाले। इस हार के साथ ही पाकिस्तान की सेमीफाइनल में पहुंचने की राह मुश्किल हो गई है। वहीं, इंग्लैंड ने सुपर-8 राउंड में लगातार दूसरी जीत दर्ज करते हुए अपनी स्थिति को बेहद मजबूत कर लिया है।

## स्पेन ने शूटआउट में भारत को 4-3 से हराया



**एजेंसी। होबार्ट**

एफआईएच मेन्स प्रो लीग 2025-26 के होबार्ट चरण में भारतीय पुरुष हॉकी टीम को स्पेन के खिलाफ कड़े मुकाबले में शूटआउट में 3-4 से हार का सामना करना पड़ा। निर्धारित समय तक मुकाबला 1-1 से बराबरी पर छूटा था, जिसके बाद विजेता का फैसला शूटआउट से हुआ। भारतीय टीम अब 25 फरवरी को होबार्ट चरण के अपने अगले मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगी। भारत ने 19वें मिनट में बढ़त बनाई जब कप्तान हार्दिक सिंह ने शानदार टर्न लेते हुए मनींदर सिंह को पास दिया और मनींदर ने बेहतरीन टोमहॉक शॉट के जरिए गेंद जाल में पहुंचा दी। इससे पहले स्पेन ने शुरुआती मिनटों में आक्रामक खेल दिखाया और चौथे मिनट में पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया, लेकिन भारतीय गोलकीपर मोहित ने शानदार बचाव किया। पहले हाफ में स्पेन को कई मौके मिले, लेकिन भारतीय गोलकीपर सूरज करकेरा ने भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए टीम को बढ़त बनाए रखने में मदद की।

## सीसीआई ब्रेबोर्न स्टेडियम 18 से 22 मार्च तक करेगा इंडियन ओपन स्क्वैश की मेजबानी

**मुंबई।** भारत में पेशेवर स्क्वैश के बढ़ते कद को नई ऊंचाई देने के उद्देश्य से इंडियन ओपन के 2026 संस्करण की तिथियों की घोषणा कर दी गई है। टूर्नामेंट 18 से 22 मार्च तक मुंबई के ऐतिहासिक सीसीआई ब्रेबोर्न स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। पिछले वर्ष प्रतिष्ठित बॉम्बे जिमखाना में सफल आयोजन के बाद अब प्रतियोगिता अपने दूसरे संस्करण के लिए ब्रेबोर्न स्टेडियम में स्थानांतरित हो रही है। प्रोफेशनल स्क्वैश एसोसिएशन (पीएसए) द्वारा मान्यता प्राप्त इस टूर्नामेंट का 2025 संस्करण वर्ष के शीर्ष 10 प्रतिष्ठित पीएसए आयोजनों में शामिल रहा था, जो भारतीय स्क्वैश के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी गई। 2026 संस्करण में महिला वर्ग की गत चैंपियन अनाहत सिंह खिताब बचाने के इरादे से वापसी करेंगी। इसके अलावा भारत के शीर्ष पेशेवर खिलाड़ी रमित टंडन, अभय सिंह, वीर चोत्रानी, वेलावन सेंथिलकुमार और जोशना चिनप्पा भी प्रतियोगिता में भाग लेंगे। अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों में याह्या एलनवासानी, हाना मोआताज़ और माज़ेन हेशाम सहित अन्य खिलाड़ी शामिल होंगे, जिससे मुकाबले का स्तर बेहद प्रतिस्पर्धी रहने की उम्मीद है।

## डिफेंडर जर्मनप्रीत सिंह ने पूरे किए 150 अंतरराष्ट्रीय मैच, हॉकी इंडिया ने दी बधाई

**एजेंसी। नई दिल्ली**



हॉकी इंडिया ने भारतीय पुरुष हॉकी टीम के विश्वसनीय डिफेंडर जर्मनप्रीत सिंह को भारत के लिए 150 अंतरराष्ट्रीय मैच (कैप) पूरे करने पर हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने यह उपलब्धि ऑस्ट्रेलिया के होबार्ट चरण में खेले जा रहे एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2025-26 के तीसरे मुकाबले में स्पेन के खिलाफ मैदान पर उतरते ही हासिल की।

पंजाब के अमृतसर जिले के राजधान गांव से ताल्लुक रखने वाले जर्मनप्रीत सिंह ने अपनी सजग रक्षण कला, संयम और खेल की समझ के दम पर भारतीय टीम में खुद को एक मजबूत स्तंभ के रूप में स्थापित किया है। उन्होंने 2018 में नीदरलैंड में आयोजित पुरुष हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी में सीनियर अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था, जहां भारत उपविजेता रहा था। यहीं से उनके सफल अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत हुई। उनके करियर का एक स्वर्णिम क्षण तब आया जब उन्होंने पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत को कांस्य पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई। यह उपलब्धि भारतीय हॉकी के इतिहास में विशेष मानी जाती है और इससे टीम में उनकी अहमियत और मजबूत हुई।

रणजी फाइनल शुभम पुंडीर का नाबाद शतक

## पहले दिन जम्मू कश्मीर ने 2 विकेट खोकर 284 रन बनाए

**एजेंसी। हुबली**



जम्मू-कश्मीर ने केएससीए हुबली क्रिकेट ग्राउंड पर जारी रणजी ट्रॉफी एलीट 2025-26 के फाइनल मुकाबले में पहले दिन के खेल तक अपनी मजबूत पकड़ बना रखी है। मंगलवार को दिन की समाप्ति तक इस टीम ने 2 विकेट खोकर 284 रन बना लिए हैं। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी जम्मू-कश्मीर की शुरुआत निराशाजनक रही। टीम ने 18 के स्कोर पर कामरान इकबाल का विकेट खो दिया था। इकबाल टीम के खाते में सिर्फ 6 रन ही जुटा सके। इसके बाद यावर हसन ने शुभम पुंडीर के साथ दूसरे विकेट के लिए 139 रन जुटाकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। हसन ने 150 गेंदों का सामना करते हुए 13 चौकों की मदद से 88 रन बनाए। यहां से शुभम पुंडीर ने कप्तान पारस डोगरा के साथ 22 रन की साझेदारी की। कप्तान पुंडीर 9 के स्कोर पर रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन लौटे, जहां से पुंडीर ने अब्दुल समद के साथ मोर्चा संभाला।

# हम पर वापसी का दबाव था': कप्तान



### हमने जैसा सोचा, विकेट वैसा नहीं था', ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार से निराश मंधाना

**ब्रिस्बेन।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम को पहले वनडे में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 6 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया ने 215 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए महज 38.2 ओवर में सिर्फ 4 विकेट खोकर जीत दर्ज कर ली। इस मुकाबले में हरमनप्रीत कौर के स्थान पर कार्यवाहक कप्तान की जिम्मेदारी संभालने वालीं स्मृति मंधाना ने कहा, "हमने दो विकेट काफी जल्दी गंवा दिए थे, जिसके बाद चीजें आसान नहीं रहती हैं। हमने वापसी करने की अच्छी कोशिश की। विकेट वैसा नहीं रहा, जैसा हमने सोचा था।"

**एजेसी। ब्रिस्बेन**

ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम को पहले वनडे मुकाबले में 6 विकेट से हराया। मंगलवार को एलन बॉर्डर फील्ड पर खेले गए मुकाबले में भारत से मिले 215 रनों के लक्ष्य को ऑस्ट्रेलिया ने सिर्फ 4 विकेट खोकर हासिल कर लिया। जीत के बाद कप्तान एलिसा हीली टीम के प्रदर्शन से काफी खुश नजर आईं। ऑस्ट्रेलिया की कप्तान ने कहा कि टी20 सीरीज गंवाने के बाद टीम पर वापसी करने का दबाव था। उन्होंने कहा, "मैं टीम के प्रदर्शन से काफी खुश हूं। टी20 सीरीज के बाद हम पर थोड़ा दबाव था कि हम वापसी कैसे करेंगे। आज जिस तरह से हम खेले, वह शानदार था। जबरदस्त वापसी करने के लिए टीम पर गर्व है। हमें होबार्ट में फिर से यही करना होगा।"
हीली ने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई टीम को यह फॉर्मेट काफी रास आता है। उन्होंने कहा, "मैंने जैसा टॉस के समय कहा था कि हमें यह फॉर्मेट बहुत पसंद है और हम इसमें अच्छा प्रदर्शन करते हैं। हमें लंबे समय तक दबाव बनाए रखना पसंद है। उम्मीद है कि हम होबार्ट जाकर वहां की परिस्थितियों के अनुकूल जल्द ही ढल जाएंगे।"
हीली के अनुसार पहले वनडे में शानदार प्रदर्शन से टीम की खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ेगा। उन्होंने कहा, "इस मैदान पर 21-0 का रिकॉर्ड शानदार है। उम्मीद है कि लड़कियां यहां जीत के सिलसिले को बरकरार रख सकेंगी। शायद अगले मैच से पहले ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ियों को थोड़ा आराम चाहिए। कुछ खिलाड़ी थकी हुई हैं। मैं इस जीत से बहुत खुश हूं। उम्मीद है कि इससे हमारी खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ेगा।"
मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत की पूरी टीम 48.3 ओवर में 214 रन बनाकर ऑलआउट हुई। टीम की तरफ से स्मृति मंधाना ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 58 रनों की दमदार पारी खेली, जबकि कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 53 रन बनाए। हालांकि, बाकी बल्लेबाजों का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा और टीम ने लगातार अंतराल पर विकेट गंवाए।

गेंदबाजी में ऑस्ट्रेलिया की तरफ से एश्ले गार्डनर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 7 ओवर में सिर्फ 33 रन देकर 3 विकेट चटकाए। वहीं, मेगन शट्ट ने 42 रन देकर दो विकेट अपने नाम किए।

बेथ मूनी की 79 गेंदों में खेली गई 76 रनों की दमदार पारी और कप्तान एलिसा हीली के 50 रनों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने 215 रनों के लक्ष्य को महज 38.2 ओवर में 4 विकेट खोकर हासिल कर लिया। एनाबेल सदरलैंड 44 गेंदों में 48 रन बनाकर



**स्मृति मंधाना** (58 रन) और **हरमनप्रीत कौर** (53 रन) ने अर्धशतक लगाए

- ऑस्ट्रेलिया की गेंदबाजी में एश्ले गार्डनर ने 3 विकेट और मेगन शट्ट ने 2 विकेट लिए।
- बल्लेबाजी में बेथ मूनी ने 76 रन, हीली ने 50 रन बनाए।
- एनाबेल सदरलैंड 48 रन बनाकर नाबाद रहीं।
- जीत से ऑस्ट्रेलियाई टीम का मनोबल बढ़ा, अगला मुकाबला होबार्ट में खेला जाएगा।



## सोना में तेजी बरकरार: चांदी 1,100 रुपए से अधिक सस्ती हुई



**एजेंसी। मुंबई**

सोने और चांदी में मंगलवार को मिलाजुला कारोबार हुआ। एक तरफ सोने में तेजी देखी गई और दूसरी तरफ चांदी की कीमत में गिरावट दर्ज की गई है।

इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, 24 कैरेट सोने की कीमत 1,021 रुपए बढ़कर 1,59,241 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है, जो कि सोमवार को 1,58,220 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। 22 कैरेट सोने का दाम 1,44,930 रुपए प्रति 10 ग्राम से बढ़कर 1,45,865 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है। 18 कैरेट सोने की कीमत 1,18,665 रुपए प्रति 10 ग्राम से बढ़कर 1,19,431 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है। सोने की अपेक्षा चांदी की कीमतों में गिरावट देखी गई। चांदी का दाम 1,163 रुपए कम होकर 2,62,912 रुपए प्रति किलो हो गया है, जो कि पहले 2,64,075 रुपए प्रति किलो था।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने और चांदी दोनों में गिरावट देखने को मिली है। खबर लिखे जाने तक सोने के 2 अप्रैल 2026 के कॉन्ट्रैक्ट का दाम 0.97 प्रतिशत कम होकर 1,60,037 रुपए हो गया है।

# रेवा डायमंड ज्वेलरी का आईपीओ लांच चार मार्च को हो सकती है लिस्टिंग

**एजेंसी। नई दिल्ली**




ज्वेलरी प्रोडक्शन सेक्टर में काम करने वाली कंपनी पीएनजीएस रेवा डायमंड ज्वेलरी लिमिटेड का 380 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। इस आईपीओ में 26 फरवरी तक बोली लगाई जा सकती है। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 27 फरवरी को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि दो मार्च को अलॉटेड शेयर डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। कंपनी के शेयर चार मार्च को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट हो सकते हैं। दोपहर 12 बजे तक कंपनी के इस आईपीओ को सिर्फ 0.05 प्रतिशत सब्सक्रिप्शन मिला था।

इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 367 रुपये से लेकर 386 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 32 शेयर का है। रेवा डायमंड ज्वेलरी लिमिटेड के इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स को न्यूनतम एक लॉट यानी 32 शेयरों के लिए बोली लगाना होगा, जिसके लिए उन्हें 12,352 रुपये का निवेश करना होगा। रिटेल इनवेस्टर्स इस आईपीओ में अधिकतम 16 लॉट यानी 512 शेयर के लिए बोली लगा सकते हैं, जिसके लिए उन्हें 1,97,632 रुपये का निवेश करना होगा। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 98,44,559 नए शेयर जारी हो रहे हैं।

इस आईपीओ में क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए 75 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इसमें एंकर इन्वेस्टर्स के लिए 44.94 प्रतिशत हिस्सा शामिल है। इसके अलावा रिटेल इनवेस्टर्स के लिए 10 प्रतिशत हिस्सा और नॉन इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स (एनआईआई) के लिए 15 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व है। इस इश्यू के लिए स्मार्ट होराइजन कैपिटल एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड को बुक रनिंग लीड मैनेजर बनाया गया है, जबकि बिगशेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को रजिस्ट्रार बनाया गया है।

आईपीओ लॉन्चिंग के एक दिन पहले कल यानि सोमवार को रेवा डायमंड ज्वेलरी ने एंकर इन्वेस्टर्स से 170.58 करोड़ रुपये की राशि जुटाने में सफलता हासिल की। कंपनी ने 16 एंकर इन्वेस्टर्स को 386 रुपये प्रति शेयर के भाव पर कुल 44.19 लाख शेयर आवंटित किए। कंपनी के एंकर बुक में कई बड़े इन्वेस्टर ने अपने रुचि दिखाई है।

## कैबिनेट ने श्रीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए 1,677 करोड़ रुपए की मंजूरी दी

**एजेंसी। नई दिल्ली**




कश्मीर घाटी में विमानन बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी को मजबूत करने की दिशा में केंद्र सरकार ने मंगलवार को एक बड़ा कदम उठाया है। पीएम मोदी की अध्यक्षता वाली केंद्रीय मंत्रिमंडल ने श्रीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर 1,677 करोड़ रुपए की लागत से सिविल एन्क्लेव के विकास को मंजूरी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) ने इस परियोजना को स्वीकृति दी है। परियोजना के दायरे में सुरक्षा कर्मियों के लिए बैरकों (आवास) का निर्माण भी शामिल है। करीब 73.18 एकड़ क्षेत्र में बनने वाला नया सिविल एन्क्लेव एक अत्याधुनिक टर्मिनल भवन से लैस होगा, जिसका कुल क्षेत्रफल 71,500 वर्ग मीटर होगा, जिसमें 20,659 वर्ग मीटर मौजूदा ढांचा शामिल है। यह टर्मिनल पीक समय में 2,900 यात्रियों को संभालने में सक्षम होगा और इसकी वार्षिक क्षमता 1 करोड़ यात्रियों (10 मिलियन प्रति वर्ष) की होगी। कैबिनेट की ओर से जारी बयान में कहा गया है, "विस्तारित एप्रन क्षेत्र में 15 विमानों के पार्किंग बे होंगे, जिनमें 1 वाइडबॉडी (कोड ई) विमान के लिए स्थान शामिल है (9 मौजूदा और 6 नए प्रस्तावित), जबकि 3,658 मीटर लंबा और 45 मीटर चौड़ा रनवे भारतीय वायुसेना (आईएएफ) द्वारा संचालित होता रहेगा। परियोजना के तहत 1,000 कारों की क्षमता वाला बहु-स्तरीय पार्किंग परिसर भी बनाया जाएगा।